दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 14 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्षः दशमी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 344 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12


| | |
|---|---|
| अधिकतम डिग्री से. | 24 |
| न्यूनतम डिग्री से. | 09 |
| सूर्योदय | 7.12 |
| सूर्यास्त | 5.23 |
| सोना 24 कैरेटः | 1,34,070.00 |
| चांदी (प्रति किलो) : | 1,98,000 |
| सेंसेक्स | 85,267.66 |
| अमेरिका | 90.58 |
| कैनेडियन | 65.49 |
| आस्ट्रेलिया | 60.19 |



**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

अहसास अपने थे, अल्फाज अपने थे, बस वही पढ़ न सके, जो खास अपने थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक पहुंचा 400 के पार

**नई दिल्ली (अप्रस)।** राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस बढ़ोतरी की वजह धीमी हवाएं, स्थिर वायुमंडलीय स्थिति, खराब मौसम रहना है। गौरतलब है कि बढ़ते एक्यूआई का स्तर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। शनिवार सुबह यहां के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता काफी कम रही, जिसके कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक रूप से घर बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें और ग्रेप (श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना) के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के साथ यदि हवा की गति कम रही, तो प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ सकती है। दिल्ली में मंगलवार को एक्यूआई 282, बुधवार को 259, गुरुवार को 307, शुक्रवार को 349 और शनिवार को 387 दर्ज किया गया था। शनिवार को राजधानी को एक्यूआई बढ़कर गंभीर स्थिति में पहुंच गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के 18 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

### ईडी ने इंडियन बैंक को 40 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी वापस सौंपी

**नई दिल्ली (अप्रस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सरवाना स्टोर्स (गोल्ड पैलेस) और उसके पार्टनर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में इंडियन बैंक को 40 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी वापस कर दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, जांच एजेंसी ईडी ने 17 फरवरी, 2025 को बैंक को 235 करोड़ रुपए की तीन प्रॉपर्टी वापस कर दी थीं। इसी मामले में अधिकारी ने बताया कि इस मामले में कुल रिकवरी अब 275 करोड़ रुपए हो गई है। आरोप है कि लोन लेने वाले ने इंडियन बैंक को 312.13 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया था। अधिकारी ने कहा कि ईडी द्वारा प्रॉपर्टी वापस करने का काम इंडियन बैंक द्वारा पीएमएलए, 2002 की धारा 8(8) के तहत दायर एक एप्लीकेशन के समर्थन में किया जा रहा है।




**सांसद खेल महोत्सव का शानदार ग्रैंड फिनाले**

# हरियाणा धाकड़ जवान, धाकड़ किसान व धाकड़ पहलवान की धरा: सीएम सैनी

- सांसद खेल महोत्सव युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम
- फतेहाबाद में सांसद खेल महोत्सव का समापन, मुख्यमंत्री ने कबड्डी का मैच भी देखा

अर्थ प्रकाश/ आत्माराम कसाना




**फतेहाबाद, 13 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य उत्सव है, जो युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह महोत्सव खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियानों को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करते हुए युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने का जन-आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के खेलों को जन-आंदोलन बनाने के संकल्प को साकार करता यह महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम सिद्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को फतेहाबाद में सांसद खेल महोत्सव के ग्रैंड फिनाले समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को आयोजक राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। फाइनल मुकाबले में शामिल हो रहे खिलाडियों ने मार्चपास्ट भी किया। मुख्यमंत्री ने फाइनल मुकाबलो का विधिवत आगाज किया। उन्होंने इस दौरान सिरसा और फतेहबाद की टीम के बीच हुए कबड्डी मैच को भी देखा, तथा खिलाडियों से मिलकर उनकी हौंसला अफजाई भी की। सिरसा लोकसभा की 9 विधानसभाओं के 45 हजार खिलाड़ियों ने सांसद खेल महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से 3604 खिलाड़ी अलग अलग प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव से सिरसा लोकसभा क्षेत्र देश के टॉप-10 लोकसभा क्षेत्रों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि कई बार इंसान के अंदर हुनर होने के बाद भी अवसर न मिलने से वह कामयाबी की सीढ़ी नहीं चढ़ पाता। इस बात को समझते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद खेल स्पर्धा करवाने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकार के आयोजन से न केवल खेल में रुचि बढ़ती है, बल्कि राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा धाकड़ जवान, धाकड़ किसान व धाकड़ पहलवान की धरा है। प्रदेश का किसान देश के अन्न भंडार भरने में अहम योगदान देता है। जवान गर्मी-सर्दी की परवाह न करते हुए सरहदों पर डटा रहता है। इसी प्रकार हमारे खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में सोना जीतकर देश की झोली भरने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी में अभ्यास, अनुशासन और आत्मबल जैसे गुणों को निखारने के लिए ही सरकार समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती हैं। प्रदेश में साल भर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए खेल कैलेण्डर भी तैयार किया गया है। इसके अनुसार खेल महाकुम्भ, राज्यस्तरीय अखाड़ा दंगल, मुक्केबाजी, वॉलीवाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, बास्केट बॉल, हैंड बाल इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयास है कि हरियाणा का हर गांव एक ऐसा खिलाड़ी दे, जो विश्व मंच पर भारत का परचम लहराए। इस सपने को साकार करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

### ओलम्पिक 2036 में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 साल पहले हरियाणा में खेलों के लिए एक विजन विकसित किया था। वह विजन था हर बच्चे को खेल से जोडने़ का, हर गांव में खेल का मैदान बनाने का और हर उस युवा को अवसर देने का, जिसमें खेल के प्रति ललक है। इस विजन का लक्ष्य है कि हरियाणा को न केवल भारत की, बल्कि विश्व की खेल राजधानी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ओलम्पिक 2036 में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इसलिए, खेल में हार-जीत से ज्यादा मेहनत, अनुशासन और लगन महत्वपूर्ण है। यही वे गुण हैं, जो युवाओं को भविष्य में एक बेहतर नागरिक और एक सफल खिलाड़ी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं की मजबूत इच्छा शक्ति और कड़ी मेहनत का नतीजा है कि खेल देश के अंदर हो रहे हों या देश के बाहर, हरियाणवी खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों से देश के झंडे को ऊंचा कर रहे होते हैं।

**मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं को जमकर घेरा**

# कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा आगामी चुनावों में होने वाली स्पष्ट हार से घबरा गए हैं: सीएम मान

- मुख्यमंत्री ने चन्नी की ओर से निराधार बयानों से लोगों को गुमराह करने की कड़ी निंदा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सदस्य चरनजीत सिंह चन्नी द्वारा दिए गए कथित निराधार और गैर-जिम्मेदाराना बयानों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे बयान जनता को गुमराह करने का प्रयास हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा आगामी जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में अपनी स्पष्ट हार को देखकर घबराई हुई हैं और इसी बौखलाहट में भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केवल 111 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे चन्नी ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ बयान देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी हार स्वीकार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता बार-बार कांग्रेस को नकार चुकी है और अकाली दल को भी अधिकांश उपचुनावों में हार का सामना करना पड़ा है। भगवंत सिंह मान ने चन्नी को चुनौती देते हुए कहा कि वे अपने आरोपों को साबित करें और बताएं कि कथित रूप से अतिरिक्त बैलट पेपर कहां और किसने छपवाए। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि खुद को कमजोर वर्गों का मसीहा बताने वाले चन्नी केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड गवाह है कि चन्नी और कांग्रेस नेतृत्व कभी जमीनी स्तर पर जनता के बीच नहीं गया, इसी कारण जनता ने उन्हें बार-बार सत्ता से बाहर किया।

अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने कभी आम लोगों से जुड़ने की कोशिश नहीं की, लेकिन आज उन्हें जिला परिषद चुनावों में भी प्रचार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह आम जनता की ताकत का प्रमाण है कि कभी शक्तिशाली रहे नेता आज मोटरसाइकिलों पर घूमकर वोट मांगने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि अकाली दल अब 'अकाली दल (बादल)' नहीं बल्कि 'अकाली दल (बेअदबी)' या 'अकाली दल (बदमाशी)' बन चुका है, क्योंकि उसने गैंगस्टरों को चुनाव मैदान में उतारा है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के इस आरोप को भी सिरे से खारिज किया कि उनके उम्मीदवारों को परेशान किया गया है। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों में कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा ने बड़ी संख्या में उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, जिससे स्पष्ट है कि चुनाव पूरी तरह खुले और निष्पक्ष हैं।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि पुरानी पार्टियां पंजाब को बिकाऊ राज्य समझती रही हैं और सत्ता के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को मीडिया में बयानबाजी करने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने सत्ता में आने के बाद कई ऐतिहासिक और जनहितकारी फैसले लिए हैं। पहली बार प्रदेश के दूर-दराज के गांवों तक नहरी पानी पहुंचाया गया है और वर्षों से बंद पड़ी नहरों को दोबारा चालू किया गया है। किसानों को दिन के समय बिजली मिल रही है और 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली की सुविधा दी जा रही है।

**शेष पेज-4 पर**

### कांग्रेस ने जन सेवा के बजाय अपनी बारी का इंतजार किया


मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता की सेवा करने के बजाय हर पांच साल में सत्ता में आने की बारी का इंतजार किया है, लेकिन अब उनके सपने पूरे नहीं हो रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चन्नी को बेबुनियाद आरोप लगाने की बजाय कांग्रेस हाईकमान के दफ्तर में चल रही नेतृत्व की 'नीलामी' पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो वे नेतृत्व की दौड़ में पीछे रह जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा परोक्ष रूप से एक-दूसरे के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। कई स्थानों पर इन दलों के नेता आम आदमी पार्टी को हराने के लिए एक ही उम्मीदवार के पक्ष में बारी-बारी से प्रचार कर रहे हैं। इसके विपरीत, आम आदमी पार्टी केवल विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि विपक्षी दल नफरत और फूट की राजनीति कर रहे हैं।

# इंडिगो ने लगातार दूसरे दिन 2000 से ज्यादा उड़ानों का किया संचालन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन ने लगातार दूसरे दिन 2,000 से अधिक उड़ानों का संचालन किया है। यह जानकारी कंपनी की ओर से शनिवार को दी गई। यह खबर ऐसे समय आई है जब इस महीने की शुरुआत में इंडिगो द्वारा बड़ी संख्या में उड़ानों को रद्द किया गया था, जिससे देशभर के हवाई अड्डों पर हजारों यात्री फंस गए थे। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुसार, संशोधित उड़ान कार्यक्रम के तहत पिछले पांच दिनों से उसकी उड़ानों के संचालन की स्थिति लगातार सामान्य और स्थिर बनी हुई है। एयरलाइन ने शुक्रवार को 2,050 से ज्यादा उड़ानों के संचालन का दावा किया है। एयरलाइन ने बताया कि उसकी सभी 138 परिचालन गंतव्यों पर कनेक्टिविटी बनी हुई है और ऑन-टाइम परफॉर्मेंस इंडिगो के मानकों के अनुसार लगातार सामान्य रहा है। इंडिगो अब धीरे-धीरे फ्लाइट्स की संख्या बढ़ा रही है। 8 दिसंबर को कंपनी ने 1,700 से अधिक उड़ानें संचालित कीं, 9 दिसंबर को 1,800 से ज्यादा, जबकि 10 और 11 दिसंबर को क्रमशः 1,900 और 1,950 उड़ानों का संचालन किया गया। एयरलाइन ने बताया कि 12 दिसंबर को उसने 2,050 से अधिक उड़ानें संचालित कीं, जिनमें तकनीकी कारणों से केवल दो उड़ानें रद्द हुईं। वहीं प्रभावित यात्रियों को तुरंत वैकल्पिक उड़ानों में स्थान दिया गया। कंपनी ने यह भी कहा कि 13 दिसंबर को भी उड़ानों की संख्या 2,050 से अधिक रहने की उम्मीद है। इससे पहले, घरेलू विमानन क्षेत्र में इंडिगो की परिचालन विफलता से खड़ी हुई बड़ी समस्या के बाद एयरलाइन ने कारणों की जांच के लिए एक स्वतंत्र विमानन परामर्श कंपनी 'चीफ एविएशन एडवाइजर्स एलएलसी' को नियुक्त किया है।

इस बीच, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने लोकसभा में कहा कि एविएशन मार्केट में पूरे साल हवाई किरायों पर लिमिट तय करना सरकार के लिए संभव नहीं है।



**यादगार** — **संसद पर हमले की 24वीं बरसी**

# उपराष्ट्रपति, पीएम मोदी और सीआईएसएफ ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 13 दिसंबर।** संसद पर हुए आतंकी हमले की 24वीं बरसी पर शनिवार को संसद भवन परिसर में शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करते हुए उनके सम्मान में एक गरिमामय और भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी लोगों ने संसद भवन परिसर में शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उन वीरों को याद किया, जिन्होंने लोकतंत्र के मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक विशेष दस्ता ने शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर और शोक शस्त्र के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। पूरे समारोह के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने अनुशासन, सटीकता और गरिमा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो बल की उच्च पेशेवर परंपराओं को दर्शाता है। यह सैन्य सम्मान शहीदों के प्रति गहरे सम्मान, कृतज्ञता और स्मरण का प्रतीक रहा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीन रंजन भी उपस्थित रहे। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए बल के जवानों के उत्कृष्ट औपचारिक प्रदर्शन की सराहना की और देश की प्रमुख लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा के प्रति सीआईएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश भी स्पष्ट रूप से उभरा कि उन सुरक्षा कर्मियों के साहस, समर्पण और बलिदान की एक मार्मिक याद दिलाता है, जो आतंकवाद का सामना करते हुए दृढ़ रहे और भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की पवित्रता सुनिश्चित की।

गौरतलब है कि 13 दिसंबर, 2001 को जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकवादियों ने संसद परिसर को निशाना बनाया था, जिसमें दिल्ली पुलिस के छह जवान, संसद सुरक्षा सेवा के दो सदस्य और एक माली की मौत हो गई थी। हमले के दौरान सुरक्षाबलों ने सभी पांचों आतंकवादियों को मार गिराया था। वहीं, परिसर के अंदर मौजूद सभी मंत्री और सांसद सुरक्षित बच गए। कुल मिलाकर, इस हमले में नौ लोग मारे गए, जबकि कम से कम 17 अन्य घायल हो गए थे।

पंजाब भर में आयोजित हुई चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत

# 429 लोक अदालत बेंचों का किया गया गठन, 4.54 लाख से अधिक मामलों का निपटारा; 665 करोड़ रुपये के अवॉर्ड पारित

जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, होशियारपुर ने 16 साल पुराने भूमि विवाद का किया निपटारा

लोक अदालत-त्वरित और सौहार्दपूर्ण ढंग से विवादों के समाधान का माध्यम




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण द्वारा आज पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी चेयरमैन माननीय न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रदेश भर में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य विवादों का शीघ्र, कम खर्च में और मैत्रीपूर्ण तरीके से निपटारा करना है, ताकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-ए के अनुरूप न्याय तक पहुंच को सुदृढ़ किया जा सके।

लोक अदालत में वादकारी, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता तथा सहयोगी भागीदारों ने भाग लिया। इस दौरान सिविल, वैवाहिक, संपत्ति, मोटर दुर्घटना दावा, बैंकिंग, बीमा सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। लोक अदालत ने वादकारियों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रदेश के सभी जिलों और उप-मंडलों में कुल 429 लोक अदालत बेंचों का गठन किया गया, जिनमें 5,11,015 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें से 4,54,466 मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया गया तथा 665 करोड़ रुपये के अवार्ड पारित किए गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से प्रदेश भर के हजारों वादकारियों को कम समय में अपने विवादों का समाधान प्राप्त हुआ। इस दौरान एक दशक से अधिक पुराने विवादों सहित कई लंबित मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया, जिससे न्यायालयों पर मामलों का बोझ काफी हद तक कम हुआ।

**न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा ने प्रदेश भर के न्यायिक अधिकारियों, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरणों और स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों की सराहना की**

इस अवसर पर पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी चेयरमैन माननीय न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा ने प्रदेश भर के न्यायिक अधिकारियों, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरणों और स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों की सराहना की, जिनकी सामूहिक प्रतिबद्धता से यह मेगा कार्यक्रम सफल हो सका। पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण ने माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, सभी जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरणों, राज्य न्यायपालिका, बार सदस्यों, पुलिस अधिकारियों तथा सिविल प्रशासन का उनके सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद किया।

बैंकिंग संस्थानों, बीमा कंपनियों, सरकारी विभागों और आम जनता की ओर से लोक अदालतों को भरपूर सहयोग मिला, जो लोक अदालतों में लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, होशियारपुर ने भूमि विभाजन से संबंधित 16 वर्ष पुराने सिविल अपील का सफलतापूर्वक निपटारा किया। यह मामला वर्ष 2009 में दायर हुआ था और प्रारंभिक एवं अंतिम डिक्री सहित कई चरणों से गुजर चुका था। लोक अदालत के पूर्व निरंतर प्रयासों के माध्यम से इसे आपसी सहमति से सुलझाया गया। समझौते के अनुसार पक्षकारों ने धनराशि के लेन-देन के माध्यम से विवादित भूमि के एक हिस्से पर स्वामित्व अधिकार छोड़ने पर सहमति व्यक्त की, जिससे लंबे समय से चले आ रहे विवाद का अंत हुआ और पक्षकारों के बीच सद्भाव बहाल हुआ। अंततः इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अपील का निपटारा कर दिया गया।

# डेराबस्सी में 22 ब्लॉक समिति जोनों के लिए आज होंगे मतदान, 94 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला

17 दिसंबर को घोषित किया जाएगा परिणाम

अर्थ प्रकाश/चौहान





**डेराबस्सी, 13 दिसंबर।** डेराबस्सी हलके में 22 ब्लॉक समितियों के लिए रविवार को मतदान होंगे। मतदान का कार्य सुबह 8 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक जारी रहेगा। मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से किया जाएगा। शनिवार को पोलिंग पार्टियां सरकारी कॉलेज डेराबस्सी से पोलिंग सामग्री लेकर बूथों पर पहुंच गई हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सिविल चुनाव स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके अलावा सैकड़ों पुलिस कर्मचारियों को बूथों और पेट्रोलिंग ड्यूटी पर लगाया गया है। मतों की गिनती 17 दिसंबर को होगी और गिनती उपरांत परिणाम घोषित किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 ब्लॉक समिति जोनों में उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं कई स्थानों पर निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इस दौरान आज एसपी देहाती मनप्रीत सिंह और डीएसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने सरकारी कॉलेज डेराबस्सी का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**21 संवेदनशील पोलिंग बूथ**

प्राप्त जानकारी के अनुसार डेराबस्सी हलके में कुल 93,161 मतदाता हैं। जिनमें 49,815 पुरुष, 43,344 महिलाएं और 2 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं, जो 94 ब्लॉक समिति उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसके अलावा ब्लॉक समिति चुनावों को ध्यान में रखते हुए 121 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जिनमें से 21 बूथ संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इन बूथों पर पुलिस कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है और सख्त सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। डेराबस्सी हलके में ब्लॉक समिति चुनावों के दौरान 93 पंचायतें भी हिस्सा लेंगी।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध': 287वें दिन 725 ग्राम हेरोइन सहित 27 नशा तस्कर गिरफ्तार

'डी-एडिक्शन' के तहत पंजाब पुलिस ने 15 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 287वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 178 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्य भर में 25 एफआईआर दर्ज कर 27 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 287 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 40,209 हो गई है। इस छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 725 ग्राम हेरोइन, 500 ग्राम अफीम तथा 75 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध इस मुहिम की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 36 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 500 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 80 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 178 छापेमारी की। दिन भर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 186 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

राज्य सरकार द्वारा नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति-इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)-लागू की गई है। इसी के तहत पंजाब पुलिस ने आज 'डी-एडिक्शन' भाग के अंतर्गत 15 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# मोहाली की दो लड़कियां भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में हुईं शामिल

अमन अरोड़ा ने अधिकारियों को दी बधाई, राज्य का नाम रोशन करने के लिए किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा लड़कियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, माई भागो आर्म्ड फोर्सेज़ प्रिपरेटरी इंस्टिट्यूट (एएफपीआई) फॉर गर्ल्स, एसएएस नगर (मोहाली) ने एक शानदार सफलता हासिल की है। इस संस्थान की दो पूर्व छात्राएँ-चरनप्रीत कौर और महक दहिया-भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में शामिल हुई हैं। दोनों छात्राओं ने आज एयर फोर्स अकादमी, डुंडीगल (हैदराबाद) से सफलतापूर्वक पास आउट होकर अपने संस्थान का नाम रोशन किया। उन्हें प्रभावशाली पासिंग आउट परेड के दौरान भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया, जिसकी समीक्षा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम द्वारा की गई।

फ्लाइंग ऑफिसर चरणप्रीत कौर के पिता स हरमिंदर सिंह बनवैत एक ड्राइवर हैं और कुराली, एस.ए.एस. नगर के निवासी हैं, जबकि फ्लाइंग ऑफिसर महक दहिया के पिता श्री अनिल कुमार दहिया एक सरकारी अध्यापक हैं और एस.ए.एस. नगर के निवासी हैं। फ्लाइंग ऑफिसर चरनप्रीत कौर को प्रशासनिक शाखा में शामिल किया गया है, जबकि फ्लाइंग ऑफिसर महक दहिया को वायुसेना की लेखा शाखा में नियुक्त किया गया है।

पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने फ्लाइंग ऑफिसर चरनप्रीत कौर और महक दहिया को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता पंजाब की अन्य लड़कियों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार द्वारा जुलाई 2023 में माई भागो एएफपीआई में लड़कियों के लिए एक एनडीए प्रिपरेटरी विंग भी स्थापित किया गया था, जिसका तीसरा बैच इस समय प्रशिक्षणाधीन है। यह भी उल्लेखनीय है कि एक नए ब्लॉक-जिसका नाम फील्ड मार्शल एसएचएफजे मानेकशॉ के नाम पर रखा गया है-का उद्घाटन नवंबर 2025 में किया गया था।

माई भागो एएफपीआई के निदेशक मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने दोनों पूर्व छात्राओं के भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार के सशस्त्र बलों में अधिक से अधिक लड़कियों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयासों को बल देगी। उन्होंने दोनों महिला अधिकारियों को भारतीय वायुसेना में उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** मैग्नीशिया के सामने 200 फुट चौड़ी सड़क पर हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णा (उम्र लगभग 28 वर्ष) निवासी हरिपुर, सेक्टर-04, पंचकुला (हरियाणा) के रूप में हुई है। वह पहले ज़ोमैटो/स्विगी में कार्यरत था। मृतक के भाई रणजीत (उम्र लगभग 34 वर्ष), निवासी पंचकुला, द्वारा दिए गए बयान के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे कृष्णा अपनी मोटरसाइकिल पर ज़ीरकपुर सामान पहुंचाने गया था। जब वह मैग्नीशिया के सामने डिवाइडर पार कर रहा था, तभी गंदी नाले की ओर से आ रही कार (आई-10) ने तेज गति और लापरवाही से बिना ब्रेक लगाए उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कृष्णा मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिर गया। हेलमेट पहने होने के बावजूद उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से घायल को सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि कार चालक बिमल कुमार गर्ग निवासी रॉयल एस्टेट, ज़ीरकपुर, वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था और उसने रास्ता नहीं दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को पुलिस स्टेशन लाकर कब्जे में लिया। पुलिस जांच में यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106, 281 और 324(4) के तहत अपराध पाया गया है। आरोपी चालक बिमल कुमार गर्ग के खिलाफ थाना ज़ीरकपुर में मामला दर्ज कर लिया गया है।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS DATE:13/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 JACKAL SATURDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)

E 51919

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)

53637 59771 63172 67273 87923

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)

6408 9577

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)

1329 2944 8498 9202 9614

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)

4083 5003 5966 7806 9146

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)

3041 3790 6097 9029 9830

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0023 | 0030 | 0082 | 0095 | 0096 | 0099 | 0100 | 0118 | 0131 | 0135 |
| 0166 | 0177 | 0180 | 0181 | 0195 | 0198 | 0211 | 0221 | 0227 | 0232 |
| 0240 | 0264 | 0271 | 0272 | 0299 | 0305 | 0312 | 0324 | 0330 | 0334 |
| 0358 | 0369 | 0390 | 0407 | 0411 | 0414 | 0469 | 0477 | 0517 | 0526 |
| 0530 | 0547 | 0560 | 0570 | 0574 | 0586 | 0592 | 0674 | 0725 | 0730 |
| 0739 | 0752 | 0755 | 0768 | 0780 | 0796 | 0805 | 0820 | 0837 | 0884 |
| 0886 | 0887 | 0897 | 0898 | 0904 | 0915 | 0920 | 0937 | 0939 | 1024 |
| 1058 | 1064 | 1072 | 1073 | 1083 | 1091 | 1100 | 1121 | 1133 | 1134 |
| 1135 | 1154 | 1163 | 1167 | 1190 | 1194 | 1205 | 1220 | 1239 | 1254 |
| 1271 | 1274 | 1290 | 1291 | 1294 | 1326 | 1330 | 1332 | 1336 | 1352 |
| 1353 | 1372 | 1373 | 1376 | 1416 | 1417 | 1433 | 1434 | 1435 | 1440 |
| 1448 | 1456 | 1503 | 1510 | 1532 | 1534 | 1551 | 1556 | 1561 | 1562 |
| 1567 | 1576 | 1583 | 1589 | 1613 | 1660 | 1664 | 1670 | 1695 | 1715 |
| 1720 | 1722 | 1725 | 1736 | 1742 | 1810 | 1825 | 1830 | 1876 | 1879 |
| 1895 | 1919 | 1923 | 1930 | 1959 | 1968 | 1972 | 1978 | 1981 | 1982 |
| 2014 | 2015 | 2027 | 2032 | 2034 | 2062 | 2071 | 2090 | 2105 | 2157 |
| 2174 | 2175 | 2189 | 2190 | 2196 | 2211 | 2212 | 2219 | 2248 | 2252 |
| 2265 | 2266 | 2291 | 2319 | 2330 | 2365 | 2385 | 2394 | 2427 | 2433 |
| 2459 | 2483 | 2486 | 2492 | 2499 | 2505 | 2541 | 2544 | 2572 | 2595 |
| 2618 | 2630 | 2631 | 2645 | 2647 | 2656 | 2659 | 2685 | 2687 | 2700 |
| 2707 | 2721 | 2749 | 2755 | 2759 | 2805 | 2811 | 2849 | 2862 | 2890 |
| 2927 | 2942 | 2965 | 2973 | 2985 | 2996 | 3001 | 3012 | 3035 | 3044 |
| 3057 | 3058 | 3061 | 3071 | 3079 | 3099 | 3106 | 3113 | 3152 | 3157 |
| 3160 | 3192 | 3212 | 3215 | 3232 | 3235 | 3243 | 3244 | 3250 | 3252 |
| 3253 | 3267 | 3277 | 3285 | 3312 | 3320 | 3324 | 3336 | 3353 | 3357 |
| 3358 | 3405 | 3410 | 3419 | 3435 | 3456 | 3459 | 3465 | 3479 | 3501 |
| 3504 | 3513 | 3517 | 3520 | 3543 | 3544 | 3551 | 3573 | 3643 | 3645 |
| 3658 | 3690 | 3698 | 3716 | 3718 | 3720 | 3749 | 3752 | 3760 | 3797 |
| 3799 | 3821 | 3845 | 3863 | 3871 | 3880 | 3904 | 3910 | 3915 | 3929 |
| 3976 | 4013 | 4029 | 4030 | 4064 | 4071 | 4076 | 4080 | 4085 | 4087 |
| 4094 | 4133 | 4166 | 4173 | 4193 | 4196 | 4205 | 4212 | 4216 | 4219 |
| 4227 | 4246 | 4279 | 4301 | 4302 | 4347 | 4363 | 4366 | 4370 | 4382 |
| 4415 | 4418 | 4452 | 4457 | 4479 | 4489 | 4492 | 4536 | 4616 | 4641 |
| 4678 | 4698 | 4700 | 4704 | 4715 | 4724 | 4735 | 4736 | 4746 | 4760 |
| 4795 | 4796 | 4811 | 4816 | 4817 | 4819 | 4823 | 4829 | 4837 | 4857 |
| 4864 | 4892 | 4935 | 4951 | 4967 | 4972 | 4975 | 4980 | 4986 | 4996 |
| 5012 | 5014 | 5049 | 5054 | 5070 | 5080 | 5081 | 5092 | 5125 | 5132 |
| 5133 | 5136 | 5145 | 5163 | 5197 | 5207 | 5212 | 5217 | 5220 | 5224 |
| 5232 | 5240 | 5271 | 5282 | 5289 | 5307 | 5317 | 5354 | 5400 | 5418 |
| 5419 | 5431 | 5459 | 5464 | 5478 | 5481 | 5492 | 5495 | 5584 | 5591 |
| 5596 | 5612 | 5619 | 5660 | 5678 | 5686 | 5702 | 5706 | 5716 | 5720 |
| 5739 | 5742 | 5744 | 5755 | 5781 | 5788 | 5798 | 5803 | 5807 | 5814 |
| 5819 | 5837 | 5842 | 5878 | 5884 | 5905 | 5908 | 5911 | 5913 | 5918 |
| 5934 | 5955 | 5975 | 5977 | 5978 | 5998 | 6004 | 6043 | 6058 | 6084 |
| 6090 | 6096 | 6107 | 6129 | 6144 | 6169 | 6171 | 6175 | 6180 | 6188 |
| 6242 | 6253 | 6291 | 6296 | 6326 | 6331 | 6340 | 6426 | 6428 | 6467 |
| 6471 | 6476 | 6482 | 6501 | 6505 | 6513 | 6524 | 6528 | 6536 | 6547 |
| 6558 | 6576 | 6598 | 6606 | 6629 | 6651 | 6664 | 6665 | 6686 | 6693 |
| 6697 | 6705 | 6733 | 6748 | 6755 | 6779 | 6782 | 6810 | 6816 | 6833 |
| 6839 | 6849 | 6850 | 6872 | 6892 | 6919 | 6923 | 6924 | 6938 | 6940 |
| 6959 | 6962 | 7032 | 7035 | 7088 | 7093 | 7105 | 7138 | 7163 | 7165 |
| 7197 | 7212 | 7216 | 7231 | 7276 | 7278 | 7295 | 7330 | 7331 | 7351 |
| 7406 | 7410 | 7427 | 7432 | 7460 | 7462 | 7485 | 7489 | 7519 | 7552 |
| 7553 | 7554 | 7585 | 7604 | 7617 | 7637 | 7645 | 7667 | 7679 | 7733 |
| 7743 | 7765 | 7780 | 7781 | 7808 | 7818 | 7835 | 7840 | 7857 | 7864 |
| 7872 | 7874 | 7876 | 7885 | 7899 | 7900 | 7902 | 7926 | 7954 | 7960 |
| 7964 | 7980 | 7996 | 8017 | 8033 | 8046 | 8064 | 8105 | 8116 | 8117 |
| 8143 | 8156 | 8168 | 8171 | 8173 | 8185 | 8192 | 8202 | 8205 | 8209 |
| 8226 | 8228 | 8253 | 8259 | 8291 | 8313 | 8319 | 8324 | 8346 | 8348 |
| 8356 | 8360 | 8403 | 8407 | 8410 | 8424 | 8447 | 8454 | 8456 | 8482 |
| 8490 | 8534 | 8548 | 8562 | 8570 | 8599 | 8662 | 8670 | 8680 | 8708 |
| 8713 | 8756 | 8761 | 8774 | 8790 | 8796 | 8821 | 8832 | 8840 | 8843 |
| 8848 | 8860 | 8883 | 8886 | 8887 | 8897 | 8909 | 8925 | 8933 | 8945 |
| 8969 | 8983 | 8985 | 9010 | 9016 | 9021 | 9036 | 9073 | 9075 | 9091 |
| 9111 | 9113 | 9173 | 9181 | 9196 | 9226 | 9231 | 9236 | 9238 | 9261 |
| 9269 | 9271 | 9273 | 9305 | 9310 | 9327 | 9347 | 9371 | 9407 | 9411 |
| 9451 | 9465 | 9480 | 9496 | 9499 | 9519 | 9534 | 9543 | 9545 | 9555 |
| 9560 | 9581 | 9585 | 9586 | 9591 | 9597 | 9600 | 9611 | 9636 | 9639 |
| 9648 | 9662 | 9667 | 9669 | 9677 | 9680 | 9692 | 9711 | 9725 | 9757 |
| 9813 | 9814 | 9825 | 9870 | 9892 | 9936 | 9949 | 9958 | 9972 | 9992 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# महाराजा रणजीत सिंह एएफपीआई के पांच पूर्व विद्यार्थी भारतीय सेना व भारतीय वायु सेना में शामिल

अमन अरोड़ा ने अधिकारियों को दी बधाई, राज्य का नाम रोशन करने के लिए किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में देश के लिए वीर सैनिक तैयार करने की पंजाब की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, मोहाली स्थित प्रतिष्ठित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज़ प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (एमआरएसएएफ पीआई) के पांच पूर्व विद्यार्थियों को आज भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारियों के रूप में शामिल किया गया है।

इंडियन मिलिट्री अकैडमी (आईएमए), देहरादून में 157वें रेगुलर कोर्स की पासिंग आउट परेड, जिसकी समीक्षा जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ द्वारा की गई, के दौरान चार कैडेटों को भारतीय सेना में शामिल किया गया।

भारतीय सेना में शामिल होने वाले कैडेटों में गुरकीरत सिंह (अमृतसर), जिनके पिता कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स के सेवानिवृत्त सैनिक हैं; बरजिंदर सिंह (गुरदासपुर), जिनके पिता स्कूल प्रिंसिपल और माता पीएसपीसीएल सुपरडेंट हैं; सुखदेव सिंह गिल (गुरदासपुर), जिनके पिता सेवानिवृत्त पीएसपीसीएल जेई हैं; तथा विनायक शर्मा (पठानकोट), जिनके माता-पिता निजी क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं, शामिल हैं।

एक अन्य कैडेट, कुश पांड्या (लुधियाना), को हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकैडमी (एएफए) में 216वें कोर्स से भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में शामिल किया गया। इस परेड का निरीक्षण जनरल अनिल चौहान, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ द्वारा किया गया। कुश भारतीय सशस्त्र सेनाओं में विशिष्ट सेवाएं देने वाले परिवार से संबंधित हैं। उनके पिता सेवानिवृत्त आईएएफ ग्रुप कैप्टन हैं और उनकी माता आर्मी मेडिकल कॉर्प्स की सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल हैं।

पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने एमआरएसएएफपीआई के पूर्व कैडेटों को भारतीय सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कैडेटों को अधिकारियों के रूप में अपने करियर में और अधिक मेहनत करने तथा पंजाब का सिर और ऊंचा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और उन्हें सशस्त्र सेनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान कर रही है। महाराजा रणजीत सिंह एएफपीआई के निदेशक, मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने पूर्व कैडेटों को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए उन्हें भारतीय रक्षा सेवाओं के आदर्शों पर खरा उतरने तथा देश, राज्य और संस्थान का मान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन पांच कैडेटों की नियुक्ति के साथ अब तक एमआरएसएएफपीआई के कुल 186 कैडेट भारतीय सशस्त्र सेनाओं में शामिल हो चुके हैं।

## श्री अर्जुन दास सर्वहितकारी विद्या मंदिर डेरा बस्सी में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 दिसंबर।** आज डेराबस्सी विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह 'वसुधैव कुटुंबकम' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह थीम के अनुसार ही विद्या मंदिर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके भाजपा नेता एवं समाज सेवी तथा गुरनाम सिंह एंड कंपनी के चेयरमैन गुरदर्शन सिंह सैनी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। सर्वहितकारी शिक्षा संस्थान, पंजाब के महामंत्री संदीप धूरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बिजनेसमैन विनोद बंसल तथा नरेश, विभाग प्रचारक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने सभी का स्वागत किया तथा माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सबसे पहले शिशु वाटिका के नन्हे मुन्नों ने चित्रहार के रूप सुंदर प्रस्तुति देते हुए सभी अभिभावकों के बचपन की यादों को ताजा किया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने विभिन्न प्रांतों से संबंधित नृत्य प्रस्तुत किए। झाँसी की रानी की वीर गाथा तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना के शानदार गौरव को दर्शाते हुए देश भक्ति की भावना का संदेश दिया। त्रिदेवीयों के रूप ने मातृ शक्ति को दर्शाया तो समुद्र मंथन के द्वारा पौराणिक कथा का सुंदर मंचन किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक प्रदीप राणा ने सभी का धन्यवाद करते हुए अध्यापकों और बच्चों की मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक राकेश अचिंत, विक्रम सिंह, नरेश नरूला, दीपक गुप्ता, लालड़ू से जसमेर राणा, दिनेश भारद्वाज, सुषमा अचिंत, अनिल राणा के अतिरिक्त सर्वहितकारी समिति से जयदेव बातिश, एन.डी.शर्मा, गिरजा शंकर, सुरेश सिंगला, पूर्व छात्र परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोप में युवक के खिलाफ केस दर्ज

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** एक महिला की शिकायत पर ज़ीरकपुर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ बी एन एस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान अमृतसर के रहने वाले सुनील कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस को दिए अपने बयान में महिला ने बताया कि वह एयरपोर्ट रोड पर सताबगढ़ गांव के पास चाय की दुकान चलाती है। उसके पांच बच्चे हैं। उसका पति और एक नाबालिग लड़की भी दुकान के काम में उसकी मदद करते हैं। 3 दिसंबर की सुबह जब वे सब घर पर थे, तो उनकी 16 साल की नाबालिग लड़की बिना किसी को बताए घर से चली गई। उन्होंने अपने स्तर पर लड़की को काफी ढूंढा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। कल उन्हें जानकारी मिली कि उनकी नाबालिग बेटी को सुनील कुमार नाम का युवक शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। इसके बाद उन्होंने ज़ीरकपुर थाने में शिकायत दी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फतेहाबाद में पंचनद सदन का किया उद्घाटन, पंचनद सेवा ट्रस्ट को 31 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा

# पंचनद सदन हमारी स्मृतियों, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : मुख्यमंत्री

विभाजन की त्रासदी बारे भावी पीढ़ियों को जागरूक करने का केंद्र बनेगा पंचनद सदन

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम कसाना



**फतेहाबाद, 13 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को फतेहाबाद में पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा निर्मित पंचनद सदन के भू-तल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक स्मृति, हमारी अटूट संस्कृति और उन लाखों पूर्वजों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि का प्रतीक है, जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी नागरिकों, ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचनद सेवा ट्रस्ट को 31 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी और हांसी विधायक श्री विनोद भ्याना भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने संबोधन में कहा कि इस सदन का शिलान्यास 13 दिसंबर 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल के कर-कमलों से किया गया था। पांच वर्षो में यह भवन एक भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप में हमारे सामने खड़ा है। यह पंचनद स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की लगन, समर्पण और अथक परिश्रम का साक्षात प्रमाण है। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वह नमन करते हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचनद शब्द हमारे हृदय में एक विशेष स्थान रखता है। पंचनद का अर्थ है 'पांच नदियों का क्षेत्र' और ये पांच नदियां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम हैं। इन नदियों ने सदियों तक इस भू-भाग को सींचा है और इसे विश्व की सबसे समृद्ध, सबसे पुरानी और महान सभ्यताओं में से एक बनाया है। यही भू-भाग आगे चलकर 'पांच आब' अर्थात पंजाब के नाम से जाना गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंचनद की ही भूमि है जहां सभी धर्म और संस्कृतियां पनपीं, फली-फूलीं और एक-दूसरे के साथ सद्भाव में विकसित हुईं। यहां की तहजीब, भाईचारा, मेहमान-नवाजी और कर्मठता पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है, लेकिन इतिहास में कुछ ऐसे अध्याय भी हैं जो दर्द और पीड़ा से भरे हुए हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 1947 में देश विभाजन के समय इसी भूखंड पर दुनिया की भीषण त्रासदी घटित हुई थी। पंचनद की यह धरती बर्बरता और निर्मम हत्याओं की साक्षी बनी। एक ही रात में लाखों लोगों का जीवन, उनकी संपत्ति, उनके घर और उनका भविष्य उनसे छिन गया। एक सभ्यता और संस्कृति को क्रूरता की तलवार से दो हिस्सों में काट दिया गया। आज जिस पंचनद सदन का उद्घाटन किया गया है, उसका उद्देश्य उसी इतिहास को जीवित रखना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस त्रासदी को कभी न भूलें और राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन के समय पंजाबी समाज ने अपार कष्ट सहे। करो?ों लोगों ने अपने घर-बार छोड़कर नई बनी सीमाओं के इस पार और उस पार पलायन किया। लाखों लोग मारे गए और असंख्य परिवार उजड़ गए। बच्चों, वृद्धों, युवाओं और महिलाओं सभी ने इस पीड़ा को झेला। इसके बावजूद पंजाबी समाज ने हिंसा और नफरत को स्वीकार नहीं किया, बल्कि परिश्रम, देशभक्ति और भाईचारे के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचनद कोई जाति नहीं, बल्कि एक संस्कृति और एक आंदोलन है। पंजाबी समाज हर जाति और हर क्षेत्र में घुल-मिल जाता है और जहां भी गया, उस क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज देश के हर कोने में पंजाबी समुदाय अपनी मेहनत, ईमानदारी और लगन के लिए जाना जाता है।

मुख्यमंत्री ने पंचनद स्मारक ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने वर्ष स्थापना के बाद से अब तक पूर्वजों की स्मृति को जीवित रखने के लिए संगठित, संवेदनशील और हृदयस्पर्शी प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचनद सदन केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने, आत्माओं को शांति देने और इतिहास से सीख लेकर भविष्य को सशक्त बनाने का केंद्र बनेगा। यह प्रयास विभाजन के दर्द को केवल याद रखने तक सीमित नहीं, बल्कि उसे सकारात्मक ऊर्जा में बदलकर शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति के माध्यम से समाज को मजबूत बनाने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार पंचनद संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और विभाजन विभीषिका के इतिहास को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के इस महान कार्य में पंचनद सेवा ट्रस्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी और हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

### फतेहाबाद के विकास को मिली गति

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने फतेहाबाद जिला के विकास को गति देने के लिए मूलभूत सुविधा, शिक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किये। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया हैं, उनमें टोहाना का बस स्टैंड, नगर पालिका जाखल मंडी क्षेत्र में मल्टी कॉम्प्लेक्स और गांव म्योंद में 33 केवी सब स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने ये उद्घाटन एवं शिलान्यास फतेहाबाद में आयोजित सिरसा लोकसभा के सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान किये। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ, उनमें 10 करोड़ 42 लाख 13 हजार रुपये की लागत से टोहाना का नया बस स्टैंड, नगर पालिका जाखल मंडी क्षेत्र में 7 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि से मल्टी कॉम्प्लेक्स और गांव म्योंद में 5 करोड़ 68 लाख रुपये की राशि से 33 केवी सब स्टेशन शामिल है। नायब सिंह सैनी ने 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपये की जिला की कुल पांच परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। इन परियोजनाओं में गांव मूसा खेड़ा में 35 लाख 25 हजार रुपये की राशि से बनने वाली गांव की फिरनी, गांव साधनवास में 48 लाख 1 हजार रुपये से कालिया रोड से जम्मू ढाणी तक बनने वाले इंटरलोक रास्ता , गांव चांदपुरा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 2 करोड़ 16 लाख 69 हजार रुपये से 12 नये कमरें, एनएसक्यूएफ लैब तथा चारदीवारी शामिल है। इसके अलावा गांव करंडी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 97 लाख 68 हजार रुपये से छ- नये कमरें, एनएसक्यूएफ लैब व छ- पुराने कमरों की मुरम्मत का कार्य शामिल है। इनके अलावा गांव पारता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक करोड़ 28 लाख 97 हजार रुपये से चार कमरे, शैड, इंटरलोक रास्ता व चारदीवारी का निर्माण शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सैनी ने दिया टोहाना को नये बस स्टैंड का तोहफा




**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** नया साल शुरू होने से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने टोहाना शहर को करोड़ों रुपए लगाकर नया बस स्टैंड का तोहफा टोहाना निवासियों को दिया है। लंबे अरसे के इंतजार के बाद आखिरकार टोहाना निवासीओ को नये बस स्टैंड की सौगात मिल ही गई आज फतेहाबाद के एम एम कॉलेज में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में बेतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने टोहाना के नए बस स्टैंड का उद्घाटन किया वैसे तो कई परियोजनाओं का आज उद्घाटन व शिल्यानस किया गया उनमें से टोहाना बस स्टैंड का उद्घाटन विशेष रहा जिसका उद्घाटन कर टोहाना निवासियों को विशेष नये साल की सौगात दी गई इस नए बस स्टैंड के भवन को 6 एकड़ में बनाया गया है और बस स्टैंड के भवन निर्माण पर लगभग 24 करोड रुपए लागत आई है यह नया बस स्टैंड बनने से टोहाना शहर में लगते बड़े-बड़े ट्रैफिक जाम को कम करने में भी बहुत मदद मिलेगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी भी साथ थे टोहाना व क्षेत्र की गई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किया जाने पर टोहाना शहर के वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं,कार्य कर्ताओं वह आमजन ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का हार्दिक दिल से धन्यवाद किया।

### अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सीआईए वन पुलिस टीम ने सेक्टर 13/17 में हेलीपैड के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ के हस्तिनापुर निवासी तरूण के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान सेक्टर 13/17 मैं हेलीपैड के पास थी। तभी टीम को बरसत रोड की ओर से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने शक के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान तरुण पुत्र विक्रम निवासी प्रभात नगर हस्तिनापुर मेरठ यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर युवक की पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। देसी पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। प्रभारी इंस्पेटर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी तरूण ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। हथियार रखने का शौक पूरा करने के लिए उसने उक्त देसी पिस्तौल कुछ दिन पहले हस्तिनापुर बस स्टैंड के पास मिले एक अज्ञात युवक से 32 हजार रूपए में खरीदा था। इसके बाद वह पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा। और शुक्रवार को पानीपत में काम की तलाश में आया था। पुलिस ने आरोपी तरूण के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर शनिवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायायल में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### वोट चोर गद्दी छोड़ रैली को लेकर बैठक



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** कांग्रेस की दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली को लेकर कांग्रेस की एक बैठक जिला अध्यक्ष मेवा सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक पुत्र अमर प्रताप चड्ढा शहरी प्रधान राकेश वधवार जैसमेर भटेड़ी पूर्व अध्यक्ष सुभाष रामगढ़ पूर्व अध्यक्ष गोपाल कौशिक कर्ण चठा राहुल कौशिक सहित अनेकों कार्य कर्ताओं ने भाग लिया । बैठक में जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि दिल्ली में होने वाली रैली को लेकर कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों को आमंत्रित करें तथा उन्हें लेकर दिल्ली पहुंचे। इस रैली को अनेकों राष्ट्रीय नेता संबोधित करेंगे तथा सरकार की पोल खोलेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 3514 से ज्यादा मुकदमे

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 13 दिसंबर।** न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते का माहौल देखने को मिला। अदालतों में छोटे-बड़े मुकदमों में पक्षकारों के बीच बातचीत से समझौते होते गए। इसी कड़ी में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) प्रतिभा के द्वारा शनिवार कों साल की आखिरी लोक अदालत लगाई गई। इसमें दीवानी, फौजदारी, बैंकिंग और पारिवारिक विवादों सहित कई मामलों का समाधान किया गया। शनिवार को लगी लोक अदालत में कुल 63 मुकद्दमे आए। सभी को खत्म कर दिया गया। वहीं कुल 3671 मामले थे जिन्मे से 3514 मामले खत्म कर दिए गए। सभी मुकद्दमो से कुल 55लाख 30 हजार दो सौ रूपये की रिकवरी की गई।

समालखा बार एसोसिएशन प्रधान अशोक रावल नें बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमों का निपटारा किया जाता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस लोक अदालत का लाभ उठाकर लंबित विवादों का सरल और त्वरित समाधान करवा सकते हैं। लोक अदालत में ना तो किसी की हार होती है और ना ही किसी की जीत एक बार फैसला होने के बाद इसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती।

## सामाजिक संस्था चलाने वाले युवक पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 दिसंबर।** करनाल शहर की एक महिला ने सामाजिक सेवा के नाम पर संस्था चलाने वाले युवक पर कई साल तक शारीरिक शोषण, ब्लैकमेलिंग, ठगी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क के बाद आरोपी ने उसे विश्वास में लिया, नशा देकर गलत काम किया और आपत्तिजनक वीडियो बनाकर लंबे समय तक डराता रहा। वहीं आरोपी ने आरोपों को निराधार बताया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं महिला थाना करनाल में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है सोशल मीडिया से संपर्क, भरोसा जीतकर होटल ले गया करनाल की रहने वाली शिकायतकर्ता महिला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि करीब 3-4 साल पहले उसकी पहचान सोशल मीडिया के जरिए एक से संस्था चलाने वाले गुरकीरत से हुई थी। शुरुआत में आरोपी ने खुद को समाजसेवा से जुड़ा बताया और धीरे-धीरे बातचीत बढ़ाकर उसे अपने प्रभाव में ले लिया। इसके बाद वह मिलने की जिद करने लगा और संस्था के काम के बहाने उसे करनाल से बाहर एक होटल में ले गया। नशीला पदार्थ देकर बनाया वीडियो, विरोध पर दी धमकी महिला के अनुसार होटल में आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाया और बेहोशी की हालत में उसके साथ गलत काम किया। जब उसे होश आया तो आरोपी ने उसकी एक वीडियो दिखाकर कहा कि उसे यह सब करके बहुत अच्छा लगा। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे डराना शुरू कर दिया। इसी डर के कारण वह लंबे समय तक चुप रही। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसी वीडियो के आधार पर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उससे पैसे लेने लगा। डर और बदनामी के कारण वह आरोपी को पैसे देती रही। इस तरह आरोपी ने उससे 13 लाख रुपए से अधिक की रकम हड़प ली। महिला का आरोप है कि आरोपी बार-बार उसे अलग-अलग होटलों में ले जाता, खुद भी नशा करता और उसे भी जबरन नशा करवाकर शोषण करता रहा। महिला ने बताया कि पिछले साल जब उसने अपने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो आरोपी ने पैसे लौटाने और सभी वीडियो डिलीट करने का झांसा दिया। इसी बहाने वह उसे एक रेस्टोरेंट में ले गया, जहां फिर से जबरन नशा करवाकर उसकी एक नई वीडियो बना ली। उस वीडियो में आरोपी ने उससे कहलवाया कि अब उसका और आरोपी का पैसे को लेकर कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद न तो पैसे लौटाए गए और न ही वीडियो डिलीट की गई। बच्चों के अपहरण की धमकी का आरोप पीड़िता के अनुसार वीडियो बनाने के बाद आरोपी ने उसे धमकाया कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो वह उसके बच्चों का अपहरण करवा देगा। इस धमकी के कारण वह और ज्यादा डर गई। महिला का कहना है कि आरोपी उसे जिन-जिन होटलों में लेकर गया, वहां उसकी और आरोपी की पूरी एंट्री मौजूद है। इन जगहों पर आरोपी के दोस्तों के नाम भी दर्ज हैं, जो जांच में सामने आ सकते हैं।

## अंबाला में अवैध खनन पर कार्रवाई, पुराने बिलों के सहारे चल रहा खेल उजागर

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराडा, 13 दिसंबर।** अंबाला के ग्रामीण इलाकों में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। इसी क्रम में कसेरला गांव के समीप नाकाबंदी के दौरान खनन विभाग की टीम ने रेत और बजरी से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया। दोनों वाहनों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बराड़ा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

खनन विभाग के अनुसार यह कार्रवाई नियमित गश्त और सड़क निरीक्षण के दौरान सामने आई। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले कि अवैध खनन से जुड़ा नेटवर्क पुराने बिलों का इस्तेमाल कर खनिज परिवहन को वैध दिखाने की कोशिश कर रहा था। यही तरीका लंबे समय से जांच से बचने का जरिया बना हुआ था।

विभागीय अधिकारी रिंकू चौहान का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां न केवल राजस्व को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी सीधा असर डालती हैं। हाल के महीनों में ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निगरानी बढ़ाई गई थी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और उससे जुड़े परिवहन पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही यह भी संकेत दिए गए हैं कि केवल वाहन जब्ती तक सीमित न रहते हुए पूरे नेटवर्क की जांच की जाएगी, ताकि इस तरह के प्रयासों पर स्थायी रोक लग सके।

## कैथल की जनता है हमारा परिवार : नवीन जिंदल

### बेटी की शादी की रिसेप्शन में मेहमानों का देसी घी के व्यंजनों से हुआ स्वागत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 दिसंबर।** सांसद नवीन जिन्दल की पुत्री यशस्विनी जिन्दल व शाश्वत सोमानी के विवाह के उपलक्ष्य में कैथल में रिसेप्शन कार्यक्रम रखा गया। इसमें जिन्दल परिवार की ओर से सांसद नवीन जिन्दल की माता पूर्व मंत्री व हिसार की मौजूदा विधायक सावित्री जिन्दल, शालू जिन्दल और सांसद नवीन जिन्दल ने समारोह में लोगों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिन्दल परिवार से जुड़े लोगों, भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र वासियों ने पहुंचकर जिन्दल परिवार को बधाई दी। सांसद ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कैथल उनका अपना परिवार है और परिवार मिलकर आपस में अपनी खुशियां बांटे। इसलिए यह कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर हजारों लोगों के लिए जो व्यंजन तैयार किए गए उनमें देसी घी और मिलेट्स का इस्तेमाल किया गया।

पारंपरिक तरीके से देसी घी की जलेबी, मिलेट्स के लड्डू और अन्य व्यंजनों से मेहमानों की आवाभगत की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, देवेंद्र हंस विधायक, कमलेश ढांडा पूर्वमंत्री, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, चेयरमैन कर्मवीर कौल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मुनीष कठवाड़, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी, सुभाष हजवाना, प्रीतम कोलेखां, सतविंदर राणा, अक्षरा गुप्ता, जगमाल राणा, मांगेराम जिंदल, प्रदीप शर्मा कैमिस्ट, सतबीर भाणा, संदीप ढुल, गंगाराज करोड़ा, जयदीप राणा, नरेश ढांडा, अजीत चहल, प्रवीण रसूलपुर, अक्षरा गुप्ता, नीधि मोहन, शामिल हुए।

## कांग्रेस सांसद शैलजा ने स्मार्ट सिटी मिशन की धमी प्रगति पर सवाल

करनाल और फरीदाबाद में 577 करोड़ रुपए की 22 परियोजनाएं अभी भी अधूरी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 दिसंबर।** सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में स्मार्ट सिटी मिशन की धीमी प्रगति पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा है कि मिशन के तहत करनाल और फरीदाबाद में 577 करोड़ रुपए की 22 परियोजनाएं अभी भी अधूरी पड़ी हैं, जबकि इनकी तय समय सीमा दिसंबर 2025 रखी गई थी। सांसद कुमारी सैलजा की ओर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने स्वीकार किया कि दोनों शहरों में कुल 161 परियोजनाएं स्वीकृत थी। जिनकी लागत 2,136 करोड़ रुपए हैं। इनमें से 139 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। अब तक इन परियोजनाओं पर 1,559 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। शेष 22 परियोजनाएं लगभग 577 करोड़ रुपए की निर्माणाधीन हैं। मंत्री साहू ने यह भी बताया कि करनाल और फरीदाबाद ने मिलकर 980 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता का दावा किया था। जिनमें से 921 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया है। मंत्रालय ने दोनों शहरों की एसपीवी कंपनियों को सलाह दी है कि सभी परियोजनाएं दिसंबर 2025 तक हर हाल में पूरी कर ली जाएं।फरीदाबाद-करनाल नहीं कर पाया केंद्रीय सहायता का इस्तेमाल सैलजा के सवाल पर मंत्री साहू की ओर से जवाब में कहा गया है कि करनाल में कुल 117 परियोजनाएं स्वीकृत थी। जिनमें से 105 परियोजनाएं (801 करोड़ रुपए) पूरी हो चुकी है, जबकि 12 परियोजनाएं (406 करोड़ रुपए) अब भी लंबित है। करनाल अभी तक अपनी 59 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता का उपयोग नहीं कर पाया है। फरीदाबाद में 44 में से 34 परियोजनाएं (758 करोड़ रुपए) पूरी हुई है, जबकि 10 परियोजनाएं (171 करोड़ रुपए) निर्माणाधीन है।

## लोक अदालत में चालान भरे आए चालकों को भारी परेशानी हुई

### भुगतान प्रक्रिया इतनी उलझी हुई रही कि लोग समझ ही नहीं पाए

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 दिसंबर।** करनाल में आयोजित लोक अदालत के दौरान ट्रैफिक चालान भुगतने के लिए पहुंचे वाहन ड्राइवरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भुगतान प्रक्रिया इतनी उलझी हुई रही कि लोग समझ ही नहीं पाए कि उन्हें पहले क्या करना है और आगे क्या। कई लोगों ने दो महीने पहले फॉर्म भरे थे, लेकिन उनके नाम लिस्ट में नहीं मिले। मौके पर पहुंचे लोगों से दोबारा फॉर्म भरवाए गए और उसके बाद भी उन्हें अगली तारीख के लिए फिर आने को कह दिया गया। इससे लोक अदालत परिसर में भारी रोष देखने को मिला। लोगों का कहना रहा कि चालान कटने का मैसेज तो एक मिनट में आ जाता है, लेकिन उसका भुगतान करने की व्यवस्था ठीक नहीं है, जिससे आम जनता को बेवजह धक्के खाने पड़ रहे हैं।फॉर्म, रसीद, कोर्ट और तारीख के चक्कर में फंसी जनता लोक अदालत में पहुंचे वाहन चालकों ने बताया कि यहां प्रक्रिया इस तरह बनाई गई है कि आम आदमी भ्रमित हो जाता है। पहले कहा जाता है कि फॉर्म भरो, फिर उसकी रसीद कटेगी। उसके बाद फॉर्म कोर्ट में जाएगा और फिर तारीख दी जाएगी। तारीख जानने के लिए भी लोगों को दोबारा करनाल आने के लिए कहा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह व्यवस्था किसी सुनवाई से ज्यादा मेले जैसी लग रही है। आज यहां किसी भी मामले की सुनवाई नहीं हो रही, सिर्फ लोगों को इधर-उधर भटकाया जा रहा है। रामनगर निवासी गुलशन ने बताया कि यहां पर प्रक्रिया इतनी पेचीदा है कि लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा। लोक अदालत का मकसद लोगों को परेशानी से राहत दिलाना होता है, लेकिन यहां तो लोक अदालत के कारण ही परेशानी बढ़ती दिखाई दे रही है। करनाल ही नहीं, बल्कि बाहर के जिलों से भी लोग अपने चालान का भुगतान करने पहुंचे हैं। गुलशन ने कहा कि फॉर्म भरने के बाद भी तारीख के लिए दोबारा आने को कहा जाता है। जब सारी जानकारी ऑनलाइन है, तो तारीख और कोर्ट की जानकारी ऑनलाइन क्यों नहीं भेजी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां जानबूझकर लोगों को धक्के खिलवाए जा रहे हैं। ऑनलाइन सिस्टम पर भी उठे सवाल लोगों का कहना है कि चालान कटते ही मोबाइल पर मैसेज आ जाता है, लेकिन फॉर्म और भुगतान की प्रक्रिया आज भी पूरी तरह ऑनलाइन नहीं है। बाहर से फॉर्म लेने पड़ रहे हैं, जिनके 10 से 20 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। आज सिर्फ उन्हीं लोगों के नाम लिस्ट में आए, जिन्होंने पहले फॉर्म भरा हुआ था, जबकि कई ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने समय पर फॉर्म भरा था, फिर भी उनका नाम लिस्ट में नहीं है। लोगों का कहना है कि सरकार अच्छे काम की बात करती है, लेकिन अगर प्रक्रिया सही नहीं होगी तो आम जनता को परेशानी ही झेलनी पड़ेगी। आरके पुरम निवासी बुजुर्ग की आपबीती आरके पुरम निवासी एक बुजुर्ग ने बताया कि उन्होंने 11 नवंबर को फॉर्म भरा था, लेकिन उन्हें न तो कोई पर्ची दी गई और न ही यह बताया गया कि कोई मैसेज आएगा। उन्हें सिर्फ यह कहा गया था कि 13 दिसंबर की लोक अदालत है और 12 दिसंबर को आकर पता कर लेना कि किस कोर्ट में जाना है। जब वे यहां पहुंचे तो बताया गया कि लिस्ट 13 को ही लगेगी। यहां लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन किया गया, लेकिन उसमें भी उनका नाम नहीं मिला। इससे वे बेहद परेशान नजर आए।

# पेड़ काटने को लेकर हुई बहस मारपीट में बदली, थाना ढकोली में शिकायत दर्ज

मारपीट की घटना सीसीटीवी में हुई कैद

अर्थ प्रकाश/संदीप बावा





**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** जीरकपुर के ढकोली क्षेत्र स्थित शालीमार एनक्लेव में एक वर्षों पुराने पेड़ को काटने को लेकर पड़ोसियों के बीच शुरू हुई बहस ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने और घर में तोड़फोड़ का आरोप लगा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना ढकोली में दर्ज करवा दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित कमलजीत ने बताया कि उनकी कॉलोनी में उनके घर के समीप वर्षों पुराना एक पेड़ लगा हुआ था। उनके पड़ोस में नया मकान बना रहे तरसेम सिंह ने बिना किसी पूर्व सूचना और अनुमति के उक्त पेड़ को कटवा दिया। आरोप है कि पेड़ काटने के बाद तरसेम सिंह उसकी लकड़ी उठाकर सबूत मिटाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान जब कमलजीत अपने घर से बाहर निकले और पेड़ काटने के संबंध में सवाल किया, तो विवाद शुरू हो गया।

कमलजीत के अनुसार, बात बढ़ने पर तरसेम सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद तरसेम सिंह ने अपने बेटों और उनके कुछ दोस्तों को मौके पर बुला लिया, जिन्होंने मिलकर उनके साथ जमकर मारपीट की। शोर सुनकर आसपास की महिलाएं और कॉलोनीवासी बाहर आ गए। महिलाओं ने किसी तरह कमलजीत को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया और उन्हें घर के अंदर ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया।

आरोप है कि इसके बाद भी हमलावर शांत नहीं हुए। उन्होंने कमलजीत के घर के दरवाजे पर लाठियां बरसाई और घर के शीशे तोड़ दिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि इस पूरी घटना से उनके परिवार में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में भी बनती कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

**घटना के बाद स्थानीय निवासी में रोष:** पेड़ को बड़ा होने में 10 साल का लगता है समा 10 मिनट में काट डाला

घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भी रोष देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक पेड़ को बड़ा और उपयोगी बनने में कम से कम 10 साल का समय लगता है, लेकिन उसे महज 10 मिनट में काट देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कॉलोनीवासियों ने कहा कि पेड़ न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्ती बरतने की मांग की है।

वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रही है और सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना:** कॉलोनी निवासी राजिंदर सिंह, निशा कौशिक, दिव्य गोस्वामी, इकबाल कौर, प्रीति, रेनू और निशु सहित अन्य लोगों ने एकजुट होकर पेड़ काटे जाने और मारपीट की घटना का कड़ा विरोध किया। लोगों का दावा है कि पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। कॉलोनीवासियों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

"हमने दोनों पक्षों को शाम को थाने बुलाया है। दोनों की बात सुनने और तथ्यों की जांच के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

**— मेवा सिंह, जांच अधिकारी, थाना ढकोली**

"पेड़ काटने संबंधी ऐसी कोई शिकायत हमारे संज्ञान में अभी तक नहीं आई। जैसे यह हमें कोई शिकायत प्राप्त होती है नियमों के अनुसार बनती कार्रवाई की जाएगी।

**अजय बराड़ बिल्डिंग इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर**

"इस पेड़ को काटने संबंधी हमारे विभाग से कोई भी की परमिशन नहीं ली गई।

**जय सिंह**
**वन विभाग अधिकारी**

## न्यूज ब्रीफ

### खाटू श्याम सालासर धाम के लिए नि:शुल्क बस सेवा रवाना




**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की जनसेवा से जुड़ी एक और सराहनीय पहल के तहत बाबा खाटू श्याम और सालासर बालाजी धाम के लिए हर माह चलाई जा रही निश्शुल्क तीर्थयात्रा बस सेवा की छठी बस वार्ड नंबर 4 से सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ रवाना हुई। इस अवसर पर भक्तों में अपार उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। बस रवानगी के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधायक आदित्य सुरजेवाला और उनके परिवार का इस अनुपम सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि महंगाई के इस दौर में यात्रा, ठहराव और भोजन जैसी सभी व्यवस्थाएं निश्शुल्क उपलब्ध कराना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे उन लोगों का भी तीर्थदर्शन का सपना साकार हो रहा है, जो संसाधनों के अभाव में वर्षों से बाबा के दर्शन नहीं कर पाए थे। भक्त कपिल गर्ग, सुमित्रा देवी, विवेक शर्मा, मनप्रीत कौर, दर्शना देवी, राजीव कुमार, शकुंतला देवी, राजबाला, ओमपति और सुनीता सहित अनेक श्रद्धालुओं ने कहा कि पहले पैसों की कमी के कारण दर्शन की इच्छा अधूरी रह जाती थी, लेकिन इस निश्शुल्क बस सेवा ने उनकी आस्था को नया बल दिया है। अब केवल भजन गाना है और निश्चिंत होकर दर्शन कर लौटना है। बस में सवार अन्य श्रद्धालुओं ने इसे कैथल क्षेत्र के लिए एक मिसाल बताते हुए कहा कि ऐसी निरंतर सेवा बिरले ही किसी जनप्रतिनिधि द्वारा की जाती है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का प्यार और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि जब तक जीवन है, कैथलवासियों और बाबा के भक्तों की सेवा निरंतर जारी रहेगी।

### सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर नगर निगम की औचक कार्रवाई

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के विरूद्ध नगर निगम करनाल की एन्फोर्समेंट टीम ने एक ओर औचक कार्रवाई को अंजाम दिया। शुक्रवार को शहर की 6 वाणिज्यिक सम्पत्तियों पर अटैचमेंट की कार्रवाई के लिए प्रवर्तन दल पहुंचा। अटैचमेंट की कार्रवाई से बचने के लिए सम्बंधित सम्पत्ति मालिकों द्वारा मौके पर ही व निगम कार्यालय में आकर 14 लाख 80 हजार 480 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स अदा कर दिया गया। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। कार्रवाई की जानकारी देते उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 6 सम्पत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की जानी थी। जैसे ही नगर निगम का प्रवर्तन दल डिफाल्टर सम्पत्तियों को सील करने पहुंचा दुकानदारों में हडकंप मच गया। टीम का सख्त रूख देख उनकी एक न चली और उन्होंने बकाया सम्पत्ति कर जमा करवाने में ही अपनी भलाई समझी। इस दौरान 3 डिफाल्टरों ने मौके पर तथा 3 ने नगर निगम कार्यालय में आकर सम्पत्ति कर चुका दिया, जिससे वह अटैचमेंट की कार्रवाई से बच गए। इन सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर जमा करवाया प्रॉपर्टी टैक्स– अटैचमेंट कार्रवाई के दौरान 3 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर सम्पत्ति कर जमा करवा दिया। इनमें कलंदरी गेट स्थित मैसर्स अनमोल एजेंसिस, सम्पत्ति कर 491090 रुपये, 339, सेक्टर–3, एग्रीप्लास्ट टेक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, सम्पत्ति कर 274744 रुपये तथा 191, कैरियर कम्प्यूटर्स, सेक्टर–3, सम्पत्ति कर 342474 रुपये प्रवर्तन दल को अदा कर दिए। इन सम्पत्ति मालिकों ने निगम कार्यालय में भरा प्रॉपर्टी टैक्स– प्रॉपर्टी अटैचमेंट की कार्रवाई से बचने के लिए तीन सम्पत्ति मालिकों ने नगर निगम कार्यालय में आकर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दिया। इनमें सेक्टर–7 स्थित कार वाशिंग सेंटर, सम्पत्ति कर 283000 रुपये, 198 सी, मॉडल टाऊन, सम्पत्ति कर 48926 रुपये तथा न्यूलाईफ स्टोर, मॉडल टाऊन, सम्पत्ति कर 40246 रुपये जमा करवा दिए। नोटिस के बावजूद भी नहीं किया गौर– उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर एकत्र करने को लेकर उपरोक्त सभी सम्पत्ति मालिकों को 3–3 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद इन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर अटैचमेंट का नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु सम्पत्ति मालिकों के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते उक्त सम्पत्तियों को अटैचमेंट करने के लिए कार्रवाई की गई। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए उप निगम आयुक्त अभय सिंह को ड्यूटि मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, जबकि क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह, निगम स्टाफ तथा पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# गुर्जर समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है: दीपेंद्र हुड्डा

## चौधरी दीपेंद्र हुड्डा का गुर्जर महोत्सव में पहुंचना ऐतिहासिक - विजय प्रताप

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सूरजकुंड में गुर्जर आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव में रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पहुंचे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का मेले में पहुँचने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व बड़खल विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह के संयोजन में जोरदार स्वागत किया गया। वहीं गुर्जर आर्ट एंड कल्चर के संयोजक दिवाकर बिधूड़ी व उनकी टीम ने भी उनक्स जोरदार स्वागत किया।

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि गुर्जर महोत्सव गुर्जर समाज के ही लिए नही 36 बिरादरी के लिए एक मिसाल है। इस महोत्सव में देश विदेश से लाखों लोग आए हैं। वही देश वही प्रदेश वही समाज आगे बढ़ता है जिसकी जड़े और संस्कृति मजबूत होती है। यही संस्कृति इस महोत्सव में देखने को मिली है। मैं इस गुर्जर समाज को नमन करता हूं। गुर्जर समाज का स्वाभिमान का इतिहास रहा है। जिसने किसी के भी सामने सिर नही झुकाया।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गुर्जर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। पिछले दिनों गांव अनंगपुर में हुई तोड़फोड़ को लेकर हुई महापंचायत में हम अपनी पूरी टीम के साथ गुर्जर समाज के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और आगे भी हम गुर्जर समाज के साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। आज मुझे भी यहाँ आकर अपने आप पर गर्व महसूस हो रहा है।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने कहा कि हमारे इस महान गुर्जर महोत्सव के आयोजक और पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई देता हूँ जो आज उन्होंने इस मेले को न केवल एनसीआर ,न केवल देश पूरे विश्व में इस गुर्जर महोत्सव को मशहूर कर दिया है। इस गुर्जर महोत्सव की संस्था की और से मैं आज राजा अनंगपाल द्वारा बनाये गए इस सूरजकुंड की धरती पर हरियाणा के भविष्य,रोहतक से पांच बार के सांसद,पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा का तहेदिल से स्वागत करता हूँ।

विजय प्रताप ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा जी का गुर्जर आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित इस गुर्जर महोत्सव में आना छोटी बात नही, ऐतिहासिक बात है। पूरी सेंट्रल लीडरशिप में सिर्फ दीपेंद्र हुड्डा जी ही वो बड़े नेता हैं जिन्होंने खुद कहा था कि मैं गुर्जर संस्कृति को देखना और समझना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि पूरा गुर्जर समाज और 36 बिरादरी हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी।

इस मौके पर पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना, विजय प्रताप सिंह,पूर्व विधायक नीरज शर्मा,रोहित नागर,पराग शर्मा, जगन डागर,तरुण तेवतिया नितिन सिंगला, सुमित गौड़,वेदपाल दायमा,अनिल नेता जी, गिरीश भारद्वाज,राजाराम ठाकुर रिंकू चंदिला, लिखी चपराना, प्रेम कृष्ण आर्य, संजीव भड़ाना, राजेश भड़ाना,अक्षय चंदिला, भूपेंद्र नागर,सुशील सरपंच, गुलशन बग्गा,बिजेंद्र मावी ,राजेश खटाना एडवोकेट,विकास दायमा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजली बिल माफी का झूठा मैसेज वायरल, लघु सचिवालय पहुंचे सैकड़ों लोग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 दिसंबर।** बिजली बिल और बैंक लोन माफी से जुड़ा एक फर्जी सोशल मीडिया संदेश शुक्रवार को कैथल में अफरा-तफरी का कारण बन गया। जिलेभर से सैकड़ों लोग इस उम्मीद में लघु सचिवालय पहुंच गए कि लोक अदालत के माध्यम से उनके बकाया बिजली बिल और बैंक लोन माफ किए जाएंगे, लेकिन मौके पर पहुंचने पर सच्चाई सामने आई तो लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। दरअसल वायरल संदेश में दावा किया गया था कि 13 दिसंबर को लगने वाली लोक अदालत में बिजली के बकाया बिल और बैंक लोन माफ किए जाएंगे। इसी संदेश को सच मानकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लोग सुबह से ही सचिवालय परिसर में एकत्र होने लगे। जब अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की गई तो स्पष्ट किया गया कि लोक अदालत का आयोजन केवल मामलों के निपटारे के लिए है, न कि किसी प्रकार की बिल या लोन माफी के लिए। फर्जी सूचना का खुलासा होते ही लोग भड़क उठे और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। महिलाओं और बुजुर्गों सहित कई लोग घंटों तक सचिवालय परिसर में भटकते रहे। लोगों का कहना था कि महंगाई और बढ़ते बिजली बिलों के कारण वे पहले से ही परेशान हैं और ऐसे झूठे संदेश उनकी मुश्किलें और बढ़ा रहे हैं। गांव पाई निवासी कृष्णा देवी ने बताया कि उनके मोबाइल पर बिजली बिल माफी से जुड़ा संदेश आया था, जिसके बाद वे कैथल पहुंचीं, लेकिन यहां आकर पता चला कि यह पूरी तरह फर्जी है। कैथल निवासी कृष्ण कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैली सूचना के भरोसे वे सचिवालय आए थे लेकिन अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। मौके पर मौजूद अधिवक्ता अरविंद खुरानिया ने स्पष्ट किया कि बिजली या पानी के बिल माफ करने संबंधी कोई भी सूचना पूरी तरह भ्रामक थी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस तरह के संदेशों पर विश्वास न करें।

### निफा संस्था नें लगाया रक्तदान शिविर, 45 यूनिट रक्त एकत्रित

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** शहर के हथवाला रेड स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल मे निफा संस्था द्वारा एच डी एफ सी बैंक समालखा के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया 7 इस रक्तदान शिविर के बारे में बताते हुए समालखा निफा टीम के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि आज का यह रक्तदान शिविर पानीपत सिविल हस्पताल ब्लड बैंक के नेतृत्व में लगाया गया और इस शिविर में 45 रक्त दाताओं ने भाग लिया। संदीप शर्मा ने बताया की निफा संस्था द्वारा रक्तदान जागरूकता हेतु पूरे भारत वर्ष मे रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं और जनता को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिविर मे पुरुषों के साथ साथ महिलायों ने भी बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर मे स्कूल प्रबंधक सुंदर गाहल्याण व उनके सम्पूर्ण स्टाफ संदीप त्यागी, आशु सैनी, पूजा त्यागी, कमल, सृष्टि गाहल्याण व दिक्षु गाहल्याण आदि का भरपूर सहयोग रहा। इस शिविर मे एच डी एफ सी बैंक समालखा से जितेंद्र सिंह व निफा समालखा से सचिव देवेंदर पाल सिंह, महिला विंग कोऑर्डिनेटर मनिंदर कौर, ग्रामीण इंचार्ज डॉक्टर जोगिंदर गाहल्याण,राजेंदर मनचंदा, सौरव मित्तल, सागर शर्मा, अशोक पांचाल, सुरेश मित्तल व दिलजीत सिंह उपस्थित रहे ।

# परीक्षा की तैयारी में माइंड मैपिंग तकनीक होती लाभकारी: चावला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 दिसंबर।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार, सुरेश कुमार उप-अधीक्षक विद्यालय में गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को शत-शत नमन कार्यक्रम के अंतर्गत सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा ऑनलाइन राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए। हिंदी प्राध्यापक डॉ चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी और उनकी टीम ने विद्यालय में उनके द्वारा तैयार की गई हिंदी भाषा लैब का भी अवलोकन किया। हिंदी भाषा लैब में उन्होंने डॉ विजय चावला द्वारा तैयार डिजिटल ई-कंटेंट, माइंड मैपिंग तकनीक से हिंदी व्याकरण सिखाना और भाषायी खेलों के बारे में विस्तार से जाना। डा. चावला ने उन्हें बताया कि हिंदी भाषा लैब में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के पाठ्यक्रम के अनुसार माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में हिंदी व्याकरण की दक्षताओं को विकसित करने का पूरा प्रयास किया गया है। परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों को माइंड मैपिंग तकनीक से ज्ञान प्रदान करना लाभकारी सिद्ध होता है। उन्होंने आगे बताया कि विद्यार्थियों में हिंदी व्याकरण की विभिन्न भाषायी दक्षताएँ समय पर ही विकसित की जानी चाहिए ताकि वे कम से कम शब्दों में वह शुद्धतापूर्वक अपने भावों को व्यक्त कर सकें। हिंदी भाषा लैब में विद्यार्थियों को इसके भरपूर अवसर दिए जाते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुरेश कुमार ने तथा खंड शिक्षा अधिकारी कैथल डॉ नरेश कुमार ने तथा टीम के सभी सदस्यों ने डॉ चावला के नवाचारी प्रयासों की तथा हिंदी भाषा लैब की खूब प्रशंसा की।

# कलायत में नेशनल हाईवे व एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 13 दिसंबर।** कलायत में चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर गांव कैलरम के पास धान की ट्राली को पीछे से ट्रक की टक्कर लगने से पीछे चल रही हरियाणा राज्य परिवहन की दो बसें व एक निजी गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसमें कई को चोटें आई। मुख्य मार्ग पर काफी समय तक सड? व्यवस्था प्रभावित रही। कलायत थाना प्रबंधक बलबीर सिंह के निर्देश पर डायल 112 व अन्य पुलिस टीमों ने व्यवस्था को संभाला। क्षितग्रस्त वाहनों को सड़क के बीच से हटाते हुए घायलों को संभाला गया। शनिवार को जम्मू-कटरा एक्सप्रेस वे पर भी दुर्घटना हुई। इसमें दिल्ली से अमृतसर की तरफ जा रहा एक ट्रक अचानक बीच सड़क पलट गया। वाहन में चालक सहित तीन लोग फंस गए। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। टीम प्रभारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन में फंसें लोगों को मशक्कत से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेज गए। थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे व एक्सप्रेसवे पर पर हुए सड़क हादसों को लेकर किसी ने कोई शिकायत कार्यवाही के लिए नहीं दी। रेलवे रोड पर हुए हादसे में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों ने आल्टो कार चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। थाना प्रबंधक ने लोगों से सड़क पर सुरक्षित एवं सावधानी से सफर करने की अपील की है।

## जैन समाज के लिए गौरव का क्षण – व्यवसायी, समाजसेवी एवं फाउंडेशन के संस्थापक मुकुल जैन ने संभाला नेतृत्व

# निधि स्ट्रेंथ हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने बढ़ती ठंड में बांटी गर्म कपड़ों की किट

हज़ार से अधिक ज़रूरतमंदों तक पहुँची मदद

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**पंचकूला/मोहाली/चंडीगढ़।** सर्दी ने जैसे ही दस्तक दी, निधि स्ट्रेंथ हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए एक व्यापक विंटर डोनेशन ड्राइव आयोजित की। फ़ाउंडेशन की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में स्वयं पहुँचकर 1,000 से अधिक विंटर किट–जिनमें टोपी, मफलर और जुराबें शामिल थीं–ज़रूरतमंदों के बीच वितरित कीं। इस पूरे सेवा अभियान का संचालन फ़ाउंडेशन के संस्थापक, जाने-माने व्यवसायी, समाजसेवी और जैन समाज का गौरव मुकुल जैन के नेतृत्व में किया गया।

मुकुल जैन श्री महावीर जैन युवक मंडल, सेक्टर 18-ष्ठ, चंडीगढ़ के अध्यक्ष भी हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी निरंतर सक्रियता और संवेदनशील सोच इस अभियान में स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

इस मानवीय पहल को सफल बनाने में रिषभ और कृतिका का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने पूरे अभियान के दौरान योजना, समन्वय और ज़मीनी स्तर पर कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभाई।

फ़ाउंडेशन की टीम ने विभिन्न स्थानों पर जाकर विंटर किट वितरित किए, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

250 किट- निर्माण स्थल, पंचकूला
150 किट- ब्लाइंड स्कूल, सेक्टर 26, चंडीगढ़
150 किट- कुष्ठ आश्रम
300 किट- फ़ेज़ 11, मोहाली
150 किट- मांसा देवी क्षेत्र

हर स्थान पर टीम ने स्वयं उपस्थित रहकर वितरण किया, ताकि सहायता सीधे उन्हीं लोगों तक पहुँचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

इस सेवा कार्य में फ़ाउंडेशन के समर्पित वॉलंटियर्स का योगदान भी सराहनीय रहा। रमन, गौरव, वर्धा, निश्कर्ष, विपिन, शुभम, अमन, संदीप, शुभी और मनीष ने पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अभियान को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुकुल जैन ने इस अवसर पर सभी दानदाताओं (ष्ठशठ्ठशह्म्) का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास के बिना यह सेवा अभियान संभव नहीं हो पाता। दानदाताओं की उदारता ने सैकड़ों ज़िंदगियों में गर्माहट और राहत पहुँचाने का कार्य किया है।

उन्होंने आगे बताया कि यह पहल केवल एक शुरुआत है और आने वाले दिनों में फ़ाउंडेशन और भी क्षेत्रों में पहुँचकर ज़रूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। उनका मानना है कि समाज सेवा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है जब मदद उन लोगों तक पहुँचे, जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रह जाते हैं।

निधि स्ट्रेंथ हेल्थ एंड एजुकेशन फ़ाउंडेशन ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि संवेदनशीलता, सेवा और सामूहिक प्रयास से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यह अभियान न केवल ठंड से राहत देने का कार्य है, बल्कि मानवता और करुणा का सशक्त संदेश भी है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ सेवरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोगस | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x 5.37 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | 23.12.2025 10.00.00 |
| PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x 4 मीटर आकार (कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | 23.12.2025 10.00.00 |
| PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट x 12 फीट आकार (कुल क्षेत्रफल 144 वर्ग फुट या 13.38 वर्ग मीटर) वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | 23.12.2025 10.00.00 |
| PnU-UMB-SML-WRL-49-23-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन के लिए अनुबंध | 23.12.2025 10.00.00 |
| PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 20.44 वर्ग मीटर के साथ क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा है | 23.12.2025 10.00.00 |
| PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन एवं स्टेशनरी दुकान जिसमें मुद्रण/ फोटोकॉपी सुविधा उपलब्ध है, के लिए अनुबंध | 23.12.2025 10.00.00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेब साईट www.ireps.gov.in पर जायें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3864/2025


AP-6205

## पंजाब विश्वविद्यालय का 73वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को सराहा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के 73वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और दीक्षांत संबोधन दिया। इस अवसर पर वर्ष 2025 में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां, पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

समारोह के दौरान प्रो. के.एन. पाठक और डॉ. विजय पी. भटकर को डॉक्टर ऑफ साइंस (मानद उपाधि) तथा न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल को डॉक्टर ऑफ लॉज की मानद उपाधि प्रदान की गई। इसके अलावा पीयू विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रो. प्रदीप थलप्पिल को, पीयू खेल रत्न पुरस्कार सरबजोत सिंह को और पीयू साहित्य रत्न पुरस्कार अमरजीत ग्रेवाल को प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने स्नातक विद्यार्थियों और पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'आज लगभग 75 प्रतिशत स्नातक छात्राएं होना उच्च शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का सशक्त प्रमाण है।' उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सहभागिता बढ़ाने के विजन से भी जोड़ा।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पंजाब विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान है और इसमें वैश्विक स्तर की अग्रणी संस्था बनने की पूरी क्षमता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्रों, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और आई.के. गुजराल, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा, ओलंपियन नीरज चोपड़ा, क्रिकेटर कपिल देव, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. हरगोविंद खुराना, अभिनेता अनुपम खेर और किरण खेर तथा पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राज्यपाल ने एक वर्ष से भी कम समय में 350 पीएचडी डिग्रियों के प्रदान किए जाने को छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

इस अवसर पर पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप अपने शैक्षणिक और अनुसंधान प्रोफाइल को लगातार सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने 33 पेटेंट, प्रमुख शोध अनुदान, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोगों के विस्तार, मजबूत पूर्व छात्र सहयोग और खेलो इंडिया 2025 में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख किया।

दीक्षांत समारोह की शुरुआत स्वर्ण पदक विजेताओं के सामूहिक फोटो सत्र से हुई, जिसके बाद गणमान्य अतिथियों द्वारा शैक्षणिक परिधान धारण कर कुलपति के नेतृत्व में अकादमिक शोभायात्रा निकाली गई।



### समारोह में ये रहे मौजूद

समारोह में पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, डीन यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शन प्रो. योजना रावत, पीयू रजिस्ट्रार प्रो. वाई.पी. वर्मा, पूर्व कुलपति प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर, सत्यपाल जैन सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण, छात्र एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## पंजाब विश्वविद्यालय ने दिए देश-दुनिया को प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और वैश्चिक नेता: उपराष्ट्रपति



**चंडीगढ़।** भारत के उपराष्ट्रपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के कुलाधिपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि अपने 143 वर्षों की गौरवशाली विरासत के साथ पंजाब विश्वविद्यालय आज भी देश में उच्च शिक्षा के मानकों को सुदृढ़ कर रहा है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने यह बात पंजाब विश्वविद्यालय के 73वें दीक्षांत समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 73वां दीक्षांत समारोह स्वयं इस बात का प्रमाण है कि पंजाब विश्वविद्यालय देश के सबसे ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस विश्वविद्यालय ने भारत के प्रधानमंत्री, एक पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्य न्यायाधीश, सांसद, खिलाड़ी और वैज्ञानिक दिए हैं, जो गर्व के साथ इसे अपना अल्मा मेटर मानते हैं।

विश्वविद्यालय की वैश्विक सोच पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय की दृष्टि और मिशन दूरदर्शी, वैश्विक उन्मुख और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिक हैं। उन्होंने बताया कि संस्थागत विकास योजना 2025 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप चलते हुए विश्वविद्यालय ने पिछले पांच वर्षों में 11,000 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान है।

छात्रों और सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके अभिभावकों, शिक्षकों और मित्रों के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने मानद उपाधि (ऑनोरिस कॉज़ा) से सम्मानित किए गए विशिष्ट व्यक्तियों का भी उल्लेख किया। स्नातक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे ऐसे समय में शिक्षा पूर्ण कर रहे हैं जब विश्व अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल तकनीक अपनाने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक का सृजन करने वाला राष्ट्र बन रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से नवाचार और सतत विकास की नई दिशा तय करने का आह्वान किया।

आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित नवाचार ही सच्ची आत्मनिर्भरता की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग और यह स्मरण रखने की सलाह दी कि डिग्री जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है। अंत में उन्होंने वर्ष 2025 के स्नातकों के उज्ज्वल और सार्थक भविष्य की कामना की।

# नगर निगम की वार्डबंदी से बिगड़े निगम चुनाव की तैयारी कर रहे कई नेताओं के समीकरण

यूएलबी के फाइनल ड्राफ्ट का इंतजार, विपक्षी पार्टियों का माहौल गर्म

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 13 दिसंबर।** चार दिन पहले नगर निगम के वार्डों के सीमांकन को लेकर प्रशासन की प्रस्तावित रिपोर्ट ने राजनीतिक दलों में अभी से हलचल मचा दी है। अगले साल होने वाले निगम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेताओं के समीकरण वार्डबंदी ने बिगाड़ दिए हैं। यही वजह है कि विपक्षी पार्टियों में माहौल गर्म हो गया है। पंचकूला नगर निगम के वर्तमान मेयर और पार्षदों का कार्यकाल 5 जनवरी, 2026 को पूरा होने जा रहा है। वार्डबंदी कमेटी में सभी 20 वार्डों का एरिया तय कर दिया गया। नए सिरे से वार्डबंदी करते हुए वोटर्स की तादाद में बैलेंस बनाने की कोशिश की गई है। इस बार नगर निगम चुनाव में भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला है। दिसंबर 2020 में हुए निगम चुनावों में 9 वार्डों में भाजपा, सात में कांग्रेस, दो में जजपा और दो में निर्दलीय पार्षद जीते थे। तब भाजपा व जजपा का प्रदेश स्तर पर गठबंधन था। एक निर्दलीय पार्षद भी बाद में भाजपा में शामिल हो चुकी है। जबकि दूसरी निर्दलीय पार्षद कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई थी। मेयर पद पर भाजपा के कुलभूषण गोयल हैं। यूएलबी की तरफ से इस वार्डबंदी पर लोगों से ऑब्जेक्शन मांगे जाएंगे। लोगों को अपने ऑब्जेक्शन फाइल करने के लिए एक माह का समय दिया जाएगा। इसके बाद वार्डबंदी फाइनल होगी।




### भाजपा-कांग्रेस की बढ़ी मुश्किलें

विधानसभा चुनाव से सत्ता में वापसी करने वाली कांग्रेस नगर निगम चुनाव के लिए पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रही थी। वार्डों में हुई इस तब्दीली ने नेताओं की चिंता और बढ़ा दी। भले ही कांग्रेस विधानसभा चुनाव में भाजपा के सेक्टरों में सेंध लगाने में सफल रही मगर वार्डबंदी से बदले राजनीतिक समीकरणों के बाद पार्टी को मशक्कत करनी पड़ रही है। उधर, भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में बिगड़े समीकरणों को सुधारने के लिए पिछले एक साल से कड़ी मशक्कत करती आ रही थी, वार्डबंदी से बढ़ते दायरे ने पार्टी नेताओं की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। अब वार्डबंदी के प्रस्ताव के बाद भाजपा मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पहले बने वार्डों में वोटर्स की संख्या में काफी अधिक अंतर था। किसी वार्ड में 5,000 वोटर थे तो किसी में 15,000 तक वोटर थे। नई वार्डबंदी में वोटर्स की तादाद न्यूनतम 8500 से अधिकतम 11,000 तक रखी गई है। हर वार्ड में बूथों की संख्या भी 8 से 13 है। सेक्टर-23, 24, 25 से भाजपा के करीब आधा दर्जन नेता निगम चुनाव की तैयारी कर रहे थे। इन नेताओं ने अपने वार्ड में जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया था। इस वार्ड नं. 17 में चार रूरल एरिया को भी जोड़ा गया है। इससे यह वार्ड अब पिछड़ी जाति के लिए रिजर्व कर दिया गया है। इसके अलावा वार्ड नं. 7 और 17 को भी पिछड़ी जाति के लिए रिजर्व किया गया है। पंचकूला नगर निगम में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के पार्षद सलीम खान का भी वार्ड नंबर 19 बैकवर्ड क्लास-ए कैटेगरी के लिए रिजर्व हो गया है। इससे पहले वह वार्ड नंबर 20 से पार्षद थे और वह दबकौरी के रहने वाले हैं। नई वार्डबंदी में दबकौरी को वार्ड नं. 19 से जोड़ दिया गया है। वार्ड नंबर 20 बैकवर्ड क्लास-बी के लिए रिजर्व किया गया है। अब नए समीकरण में सलीम खान अगर चाहे तो वह वार्ड नंबर 20 से किस्मत आजमा सकते हैं।

### जजपा में नाराजगी, वार्डों की जनसंख्या पर सवाल

जन नायक जनता पार्टी ने प्रशासन की वार्डबंदी कमेटी की रिपोर्ट में जनसंख्या के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं। जजपा के जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने कहा है कि वार्डबंदी के गठन में नियमो एवं कानूनों की जमकर अनदेखी की गई और उल्लंघन हुआ है। दिसंबर 2020 में नगर निगम के पिछले चुनाव हुए थे। तब नगर निगम क्षेत्र की आबादी 317000 थी परंतु अब 5 साल बाद जो आबादी नगर निगम तथा प्रशासन के अधिकारी वार्डबंदी का गठन करते हुए दिखा रहे हैं वो एफ आई डी आर के आंकड़ो के अनुसार 266151 है। चुनाव आयोग द्वारा ताजा जारी की गई वोटर लिस्ट के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में कुल मत 208212 हैं। सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों अनुसार वोटों के हिसाब से अगर आबादी निकाली जाए तो पंचकूला निगम क्षेत्र की आबादी 291497 बताई जा रही है। इसका मतलब यह हुआ कि पंचकूला नगर निगम क्षेत्र की आबादी घटी है जो सबको आश्चर्यचकित करने वाली बात है। ओ पी सिहाग का मानना है कि 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है तो नगर निगम क्षेत्र की सही आबादी कितनी हैं, वार्डो को बी सी एवं एस सी जातियों के आरक्षण के लिए इन वर्गों के जातीय आंकड़े प्रशासन ने बिना सर्वे करवाए कहा से लिए हैं ? यह जानकारी आम जनता को दी जाए ताकि कोई भ्रम की स्थिति न रहे।

### किस वार्ड में सेक्टर-गांव-कालोनी

वार्ड 1 में सकेतड़ी, भैंसा टिब्बा, एमडीसी-6 और 4, कुल बूथ 10 कुल मतदाता 10, 629, वार्ड 2 एमडीसी सेक्टर 5, सेक्टर 2 और 6 बूथ 10 कुल मतदाता 11,090, वार्ड 3 में सेक्टर 7 और 8 बूथ 10 और कुलमतदाता 9558, वार्ड 4 में सेक्टर 9 और 10 बूथ 11 और कुल मतदाता 10442, वार्ड नंबर 5 में सेक्टर 15 बूथ 11 कुल मतदाता 11145, वार्ड 6 में सेक्टर 16, 17 और 18 में बूथ 9 और कुल मतदाता 8677, वार्ड 7 राजीव कालोनी बूथ 11 मतदाता 10551, वार्ड 8 इंदिरा कालोनी बूथ 6, बुढनपुर बूथ 8 जनसंख्या 8868, वार्ड 9 सेक्टर 19, औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 बूथ 8 मतदाता 9026, वार्ड 10 अभयपुर, सेक्टर 14, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 बूथ 10 कुल मतदाता 11349, वार्ड 11 में सेक्टर 12, 12ए रैली, रैला गांव बूथ 10 कुल मतदाता 11283, वार्ड 12 में सेक्टर 11, हरिपुर, सेक्टर 4 का कुछ हिस्सा बूथ 10 और कुल मतदाता 11620, वार्ड 14 में सैक्टर 21 का कुछ हिस्सा, महेशपुर, मद्रासी कालोनी, सेक्टर 20 में फतेहपुर गांव के नजदीक सोसाइटियां बूथ 12 कुल मतदाता 11819, वार्ड 15 सेक्टर 20, कुंडी गांव बूथ 8 मतदाता 8468, वार्ड नंबर 16 में चंडीकोटला, बीड घग्गर, खडग़ मंगोली बूथ 11 और कुल मतदाता 10964, वार्ड 17 खडग़ मंगोली का कुछ हिस्सा, चौकी गांव, सेक्टर 23, 24, 25, नग्गल मोगीनंद, नाडा कुल बूथ 13 कुल मतदाता 11923, वार्ड 18 बाना, मदनपुर, सेक्टर 26, 27, 28 बूथ 12 मतदाता 10519, वार्ड नंबर 19 रामगढ़, बिल्ला, जयवंतगढ़, दबकौरी, माणक्या, भानू बूथ 9 और कुल मतदाता 9183 और वार्ड 20 में कोट, खंगेसरा, टोका, अलीपुर, सुखदर्शनपुर, नग्गल, जलौली, खटौली बूथ 10 और कुल मतदाता की संख्या 9276 है।

# चंडीगढ़ में स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला कैब चालक गिरफ्तार

## आरोपी शादीशुदा, चलती बाइक पर एक हाथ से लड़की को बैड टच करता रहा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** चंडीगढ़ में स्कूल की एक छात्रा से दिनदहाड़े छेड़छाड़ करने वाला बाइक कैब चालक गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना 39 के सब-इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह और उनकी टीम ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। आरोपी की पहचान गोविंदपुरा मनीमाजरा के रहने वाले 33 वर्षीय शाहनवाज के रूप में हुई है। आरोपी पीछे से यूपी के जिला बिजनौर का रहना वाला है, और शादीशुदा बताया जाता है। बताया जा रहा है कि आरोपी के दो बच्चे भी हैं। लेकिन दो बच्चों का बाप होते हुए भी उसने छात्रा के साथ इतनी घटिया और घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। ये कितना शर्मनाक है।

चंडीगढ़ जैसे शहर में चौंकाने वाली यह पूरी घटना बीते शुक्रवार की है। जब पीड़ित छात्रा ने मनीमाजरा से स्कूल जाने के लिए बाइक राइड बुक थी। बुकिंग के दौरान छात्रा को एप पर यूपी नंबर की बाइक और दूसरे चालक का फोटो दिखा। लेकिन जो बाइक चालक उसके पास पहुंचा वो कोई और था और बाइक का नंबर हिमाचल का था। वहीं छात्रा ने स्कूल पहुंचने के चक्कर में इस बारे में ज्यादा बातचीत नहीं की और बाइक चालक के साथ बैठकर चल दी। लेकिन हैरानी की बात ये रही कि इस बाइक चालक ने आगे जाकर रास्ते में छात्रा से अचानक छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा बाइक पर उसके पीछे बैठी हुई थी।

आरोपी कैब चालक बाइक चलाते समय एक हाथ से छात्रा को कई बार गलत तरीके से टच करता रहा। वह काफी दूर तक एक हाथ से ही बाइक चलाता रहा। जबकि दूसरे हाथ से छात्रा से छेड़छाड़ करता रहा। वहीं चालक की इस घिनौनी हरकत के दौरान छात्रा ने हिम्मत दिखाई और इसका विरोध किया।

छात्रा ने आरोपी से फौरन बाइक रोकने को कहा लेकिन रोकने की बजाय पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने बाइक तेज रफ्तार में कर दी। लेकिन छात्रा ने किसी तरह जब बाइक रुकवाने की कोशिश की तो इस बीच बाइक बेकाबू होकर सैक्टर 37/38 स्थित स्मॉल चौक के पास गिर गई। बाइक गिरने से दोनों जख्मी हुए। हालांकि इस दौरान आरोपी मौके से भाग निकला।



### छात्रा ने छेड़छाड़ का वीडियो भी बनाया

पीड़ित छात्रा ने आनन-फानन में पूरी घटना की जानकारी तुरंत फोन पर अपने परिजनों को दी। जिसके बाद पीड़िता के परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने थाना 39 पहुंच शिकायत दर्ज करवाई। छात्रा के अनुसार विरोध करने पर आरोपी उसे धमका भी रहा था। बता दें कि छात्रा ने चालक की इस घिनौनी हरकत को अपने मोबाइल में भी कैद किया। वह छेड़छाड़ का वीडियो बनाती रही। चालक की इस घिनौनी हरकत और छेड़खानी के वीडियो को सोशल मीडिया पर सामने लाते हुए पीड़ित छात्रा और उसके परिजनों ने आरोपी की तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की थी।

### कैब बुकिंग को लेकर लड़कियों में बना डर

इस घटना के बाद से चंडीगढ़ में कैब बुकिंग को लेकर लड़कियों में एक डर सा बन गया है। क्योंकि शहर में लड़कियां कहीं स्कूल जाने या फिर दफ्तर या काम पर जाने और कहीं से घर पहुंचने के लिए बाइक राइड बुक करती हैं। अब लड़कियों और उनके परिजनों में इस बात को लेकर चिंता हैं कि कहीं कल को उनके साथ ऐसा कुछ न हो जाये। क्योंकि इस शर्मनाक घटना से चडीगढ़ में लड़कियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। मतलब क्या अब चंडीगढ़ में भी लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं? फिलहाल चंडीगढ़ पुलिस-प्रशासन को यह देखना चाहिए कि ऐसी आपराधिक मानसिकता के चालक कैसे कैब बुकिंग से जुड़ रहे हैं और बिना किसी डर के इस तरह की घटना को अंजाम दे पा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग जगहों पर दो भ्रूण मिलने से हड़कंप, मामले दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने दो अलग अलग जगहों पर भ्रूण मिलने के मामले में अज्ञात के मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि शुक्रवार को कोई अज्ञात गांव दड़वा स्थित टाटा स्टील यार्ड के पास भ्रूण को छोड़ गया। जब मामले के बारे में पता चला तो जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।और पुलिस अज्ञात की पहचान के लिए आसपास के अस्पताल में पूछताछ कर रही है। **केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार पता चला कि बीते शुक्रवार को कोई अज्ञात आईटीवीबी कैंपस गांव बहलाना के पास एक नवजात को छोड़ दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात को तुरंत सैक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी संस्था ने 50 ज़रूरतमंद स्कूली बच्चों को गर्म स्वेटर किए वितरित

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर 45-डी, चंडीगढ़ संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्षा पूजा बक्शी के नेतृत्व में शनिवार को समाज सेवा से जुड़े एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी हाई स्कूल, सेक्टर 46-सी, चंडीगढ़ के 50 ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए।संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्षा पूजा बक्शी ने बताया कि संस्था कई वर्षों से चंडीगढ़ और पंजाब के कई क्षेत्रों में सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।और सर्दी से बचने के लिए जरुरतमंदों तक गर्म कपड़े, कम्बल आदि लोगो तक पहुंचाया जाता रहता। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, बच्चों को शिक्षा सामग्री सहायता प्रदान करना तथा हर ज़रूरतमंद तक सहयोग पहुँचाना है। कोई भी व्यक्ति सहयोग की आवश्यकता होने पर संस्था से संपर्क कर सकता है। संस्था हर संभव मदद करने का निरंतर प्रयास करती है।कार्यक्रम में सरकारी हाई स्कूल, सेक्टर 46-सी के प्रिंसिपल राजिंदर सिंह उपस्थित रहे। संस्था की टीम ने शॉल और फूलों का गुलदस्ता देकर प्रिंसिपल का मान सम्मान किया।



# प्रापर्टी टैक्स: नगर निगम के खाते में मौजूदा वित्त वर्ष में 82 करोड जमा

पिछले वित्त वर्ष में केवल 59 करोड़ की ही वसूली हो सकी

विगत वर्ष से 23 करोड़ रुपये ज्यादा की वसूली

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** नगर निगम ने प्रापर्टी टैक्स उगाही के मामले में मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान अब तक कुल 82 करोड़ के टैक्स वसूल कर चुका है। यह आंकड़ा विगत वित्त वर्ष के 59 करोड़ रुपये से 23 करोड़ रुपये ज्यादा है। बता दें कि नगर निगम कमिश्नर एवं प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार का इसमें बड़ा योगदान है जो काबिलेतारीफ है। निगम अधिकारियों का मानना है कि इस बार 100 करोड़ से भी ज्यादा प्रापर्टी टैक्स की वसूली पहुंच जायेगी।

निगमायुक्त अमित कुमार और उनकी टीम ने प्रापर्टी टैक्स बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई तेज कर दी है, जिसके बाद टैक्स जमा कराने की प्रक्रिया भी धीरे-धीरे गति पकड़ती नजर आ रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार निगम ने अब 20 हजार से अधिक टैक्स बकायेदारों को प्रापर्टी कुर्की के नोटिस भी जारी कर दिये हैं। निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में टैक्स जमा न करने पर संबंधित डिफाल्टर का पानी का कनेक्शन भी काट दिया जायेगा। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर प्रापर्टी अटैच कर दी जायेगी। नगर निगम चंडीगढ़ के रिकार्ड के अनुसार मौजूदा समय में 170 करोड़ से अधिक प्रापर्टी टैक्स बकाया चल रहा है। इनमें तकरीबन 100 करोड़ रुपये से जुड़े मामले अदालतों में लंबित हैं। सबसे ज्यादा बकाया पंजाब यूनिवर्सिटी पर है। यह 60 करोड़ के लगभग हे। इसी प्रकार आईटी पार्क की तरफ 45 करोड़ और यू.टी. इंजीनियरिंग की तरफ 16 करोड़ का बकाया है। ऐसे ही गोल्फ क्लब की तरफ 12 करोड़ रुपये, पेक की तरफ 10 करोड़ और रेलवे स्टेशन ने भी अपनी देनदारी में से 2.98 करोड़ रुपये जमा करा दिये हैं।




### पीजीआई ने 11 करोड़ जमा कराये

पुराने डिफाल्टरों में से पीजीआई ने 11 करोड़ रुपये की राशि जमा करायी है। इस प्रकार धीरे-धीरे प्रापर्टी टैक्स के बकायेदारों ने पैसा जमा कराने शुरू कर दिए हैं। वर्णीय है कि निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी बकायेदारों के साथ मीटिंग करके उन्हें निगम के प्रापर्टी टैक्स जमा कराने के लिए प्रेरित किया है। इसलिए टैक्स जमा होने आरंभ हुए हैं। जिन बकायेदारों की तरफ से कोई रेस्पांस नहीं मिल रहा है, उन पर सख्ती के आदेश भी निगम की तरफ से दिये जा रहे हैं।

सम्पादकीय

# संसद को प्रदूषण की बढ़ती समस्या का समाधान सोचना ही होगा

संसद के शीतकालीन सत्र के शुरुआती दिनों में सत्ता और विपक्ष के बीच जैसा गतिरोध बना था, उसमें अब कुछ नरमी आई है। बेशक, देश की जनता चाहती है कि ऐसे मुद्दे उठें और उन पर बहस हो जिनकी वजह से आज हर कोई हलकान है। हालांकि विडम्बना यह है कि उन मुद्दों को कमोबेश अनावश्यक बहसों के ढेर के नीचे दफन कर दिया जा रहा है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का मुद्दा उठाया है, जोकि वास्तव में ही बहस के योग्य है। दिल्ली में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 620 दर्ज किया गया है, जोकि बेहद से भी बेहद खराब है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई को हामी भरी थी। निश्चित रूप से इससे उपयुक्त और समय नहीं होगा जब देश की संसद और सुप्रीम कोर्ट अपने-अपने स्तर पर इस जटिल समस्या के समाधान पर विचार करेंगे। यह भी सुखद है कि नेता विपक्ष राहुल गांधी की मांग पर केंद्र सरकार ने संसद में प्रदूषण को लेकर चर्चा की हामी भरी है और इसके लिए समय निर्धारित करवाने की बात कही है। गौरतलब है कि विपक्ष के सांसदों ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण की समस्या को प्रमुखता से उठाया है। न केवल पोस्टर दिखाकर बल्कि गैस मास्क पहनकर संसद के प्रवेश द्वार पर सांकेतिक प्रदर्शन भी किया गया जिसमें आसन्न संकट की प्रस्तुति दी गई। बेशक, दिल्ली एनसीआर के हालात ऐसे हैं कि केवल मास्क नहीं अपितु गैस मास्क लगाना मजबूरी हो गई है। तब देश की संसद के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह इस जटिल होते मुद्दे पर विचार करे और उसके समाधान के तमाम प्रयास करे। ऐसे मुद्दे की अनदेखी सभी पर भारी पड़ सकती है।

**नेता विपक्ष राहुल गांधी की लोकसभा में यह चिंता जायज है कि आज देश के कई शहर जहरीली हवा में जी रहे हैं। यह भी सच है कि प्रदूषित हवा लाखों लोगों का जीवन दूभर कर रही है, फेफड़ों में जम रही यह प्रदूषित हवा उन नौनिहालों का जीवन संकट पूर्ण बना चुकी है, जिनके सामने भावी पीढ़ी की बागडोर संभालने का जिम्मा है, अगर वही स्वस्थ नहीं रहे तो फिर भावी पीढ़ी का भविष्य किस प्रकार सुखद बन सकेगा। इस हवा ने बुजुर्गों को सांस लेना मुश्किल कर दिया है, कैंसर और अन्य घातक समस्याएं घेर रही हैं। हालात ऐसे हैं कि दूषित हवा ने शिशु से लेकर बुजुर्ग तक सभी का जीवन संकटमय बना दिया है।**

नेता विपक्ष राहुल गांधी की लोकसभा में यह चिंता जायज है कि आज देश के कई शहर जहरीली हवा में जी रहे हैं। यह भी सच है कि प्रदूषित हवा लाखों लोगों का जीवन दूभर कर रही है, फेफड़ों में जम रही यह प्रदूषित हवा उन नौनिहालों का जीवन संकट पूर्ण बना चुकी है, जिनके सामने भावी पीढ़ी की बागडोर संभालने का जिम्मा है, अगर वही स्वस्थ नहीं रहे तो फिर भावी पीढ़ी का भविष्य किस प्रकार सुखद बन सकेगा। इस हवा ने बुजुर्गों को सांस लेना मुश्किल कर दिया है, कैंसर और अन्य घातक समस्याएं घेर रही हैं। हालात ऐसे हैं कि दूषित हवा ने शिशु से लेकर बुजुर्ग तक सभी का जीवन संकटमय बना दिया है। आज पूरी दुनिया प्रदूषण के संकट से दो चार है, हवा प्रदूषित है, पानी जहरीला है और जमीन के अंदर भी विष भर चुका है, लेकिन फिर भी हम चेत नहीं रहे हैं। यह भी कैसी विडम्बना है कि संभव है एक दिन प्रदूषण राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करवा दे, लेकिन क्या उस दिन भी हम चेत पाएंगे। इस पीढ़ी के प्रत्येक व्यक्ति ने कोरोना जैसी महामारी को देखा और झेला है, लेकिन अब उससे भी सबक नहीं लिया जा रहा। क्या जीवन को इतनी औपचारिकता से जीना कोई जीना है। आखिर समस्याओं को आगे से आगे ठेलते जाना कोई समझदारी है। क्यों नहीं रुक कर, ठहर कर हम इन समस्याओं पर गौर करते।

नेता विपक्ष राहुल गांधी की इस बात पर गौर होना चाहिए कि विपक्ष और सत्तापक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय ऐसी चर्चा करें, जिससे समाधान निकले। उनका कहना है कि प्रत्येक शहर के लिए ऐसी सुनियोजित योजना बनाएं, जिससे जीवन आसान बन सके। वास्तव में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति नहीं की जा सकती। क्योंकि यह विषय हर किसी के जीवन से जुड़ा है और सभी इस बात को समझ रहे हैं कि आज के समय में वायु प्रदूषण ने क्या हाल कर दिया है। हालांकि जब भी वायु प्रदूषण या नदियों में प्रदूषण की बात होती है तो तमाम ऐसी बातें भी सिर उठाती हैं, जिनका अंत किसी राजनीतिक बहस में जाकर होता है। आरोप-प्रत्यारोप लगते हैं, चुनावी मुद्दे बनते हैं। चुनाव में वादे होते हैं कि हवा को साफ कर देंगे, नदी को प्रदूषण मुक्त कर देंगे। संभव है, प्रयास भी होते हैं। लेकिन इन सब बातों, वादों और प्रयासों के बाद भी हालात सुधरते नहीं हैं। मालूम हो, सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि प्रदूषण में रहना जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। विशेषज्ञ लगातार बता रहे हैं कि देश में प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। लेकिन हम यह सुनने को मजबूर हैं कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि तुरंत समाधान कर दें। दरअसल, प्रदूषण किसी एक वर्ग की समस्या नहीं है और इसे बढ़ाने में भी कोई एक वर्ग जिम्मेदार नहीं है। यह समस्या हाल फिलहाल की भी नहीं है और यह भी तय है कि इसका समाधान तुरंत संभव नहीं है। प्रदूषण अब ऐसा दुश्मन बन चुका है जिसके खात्मे के लिए सब कुछ छोड़कर पहले उसके लिए काम किए जाने की जरूरत है।

# भारत की पंचायतों के लिए यह समय नवाचार व उद्यमियों की तरह सोचने का है

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के साथ, ग्राम पंचायतों (जीपी) को जमीनी स्तर पर स्व-शासन के एक नए युग का सूत्रपात करने के लिए सशक्त बनाया गया। आशा थी कि वे वित्तीय रूप से सशक्त, राजनीतिक रूप से जिम्मेदार और नवोन्मेषी होंगे। हालांकि, तब से काफी प्रगति हुई है, लेकिन यह विजन अब भी केवल आधा ही पूरा हुआ है। अनुच्छेद 243एच के तहत अपना राजस्व जुटाने का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी वित्तीय दृष्टि से राज्य और केंद्र सरकारों के हस्तांतरणों पर निर्भर हैं। पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के नवीनतम आंकड़ों और राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के 2025 के अध्ययन के अनुसार, स्व-संसाधन राजस्व (ओएसआर) पंचायत वित्त में केवल 6-7 प्रतिशत का ही योगदान देता है। शेष 93-94 प्रतिशत अब भी अनुदानों से आते हैं। यह निर्भरता पंचायतों के स्थानीय पहलों को कमजोर कर रही है। वे आत्मनिर्भर स्थानीय शासनके बजाय सरकार की योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसी बन गए हैं। इसे बदलने का समय आ गया है, केवल टैक्स नियमों की समीक्षा ही नहीं की जानी चाहिए, बल्कि पंचायतों को उद्यमशील मानसिकता भी अपनानी चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्तीय नियंत्रण के बिना, ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजना नहीं बना सकतीं या प्राथमिकता तय नहीं कर सकतीं। एनआईपीएफपी की रिपोर्ट बताती है कि जहाँ संपत्ति कर, उपयोगकर्ता शुल्क, या सामुदायिक संपत्ति के माध्यम से आर्थिक संभावनाएँ मौजूद हैं, वहां भी- नवाचार, डिजिटल प्रणाली और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कार्य-प्रदर्शन को सीमित करती है। केरल, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों का प्रति व्यक्ति ओएसआर अधिक है (क्रमशः 286, 148, और 1,635)। इनमें डिजिटल तरीके से टैक्स संग्रह और सामुदायिक भागीदारी भी है। दूसरी ओर, झारखंड, बिहार और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों का ओएसआर संग्रह लगभग नगण्य है। जैसा कि जोसेफ शुम्पेटर ने कहा है, उद्यमिता रचनात्मक परिवर्तन के बारे में है। पंचायतों के लिए, इसका मतलब है - निष्क्रिय संग्रह से सक्रिय सृजन की ओर बढ़ना। उन्हें स्वयं का फिर से आकलन करने, स्थानीय संपत्तियों से आय कमाने, सेवाओं को कुशलतापूर्वक प्रदान करने और आय को विकास में पुनः निवेश करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है।

आईआईएम, अहमदाबाद (आईआईएम- ए) ने ओएसआर के संदर्भ में उद्यमिता की सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेज तैयार किया, इस दौरान कई सकारात्मक तथ्य सामने आए। उदाहरण के लिए, गुजरात के धरमज में, ग्राम पंचायत का वार्षिक बजट 5 करोड़ है, जिसकी आधी धनराशि स्थानीय रूप से प्राप्त आय से आती है। परती जमीन को बहुउद्देशीय पार्क में पुनर्विकसित करके, संपत्ति और जल टैक्स को डिजिटल रूप से एकत्र करके और अपने एनआरआई प्रवासियों के योगदान का लाभ उठाकर, इस गांव ने 2.5 करोड़ से अधिक का आरक्षित कोष तैयार कर लिया है। उत्तराखंड के सिरासु में, ग्राम पंचायत अपने दर्शनीय स्थलों में विवाह-पूर्व फोटो शूट के लिए नाममात्र शुल्क लेकर सालाना 15-20 लाख कमाती है। उन्होंने इसका उपयोग सौर प्रकाश और सड़कों के वित्तपोषण के लिए किया है। ओडिशा के मुकुंदपुरपटन में, ग्राम पंचायत की आय 2006 में 93,000 से बढ़कर 2018 में 36.78 लाख हो गई, जो मंदिर किराए, बाजार पट्टे और जिओ-टैग की गयी संपत्तियों के माध्यम से प्राप्त हुई। इन (और कई अन्य) ग्राम पंचायनों ने राज्य निधियों का इंतजार नहीं किया, बल्कि वे वित्तीय



रूप से व्यावहारिक संस्थाओं में बदल गयीं।

फिर भी, इन उदाहरणों की संख्या बहुत कम है, जो आवश्यक बड़े बदलाव लाने के लिए पर्याप्त हो। अधिकतर पंचायतें कहाँ पीछे रह जाती हैं? प्रमुख रूप से इसे राजनीतिक हिचक से जोड़ा जा सकता है, जो मतदाता के विरोध के डर से टैक्स लगाने से पीछे हट जाते हैं। कई ग्राम पंचायतेंअब भी संपत्ति का मूल्यांकन भौतिक रूप से (मैन्युअल) करते हैं, जिसमें खराब रिकॉर्ड और लागू करने की कमजोर प्रक्रिया के कारण मूल्यांकन बहुत कम होता है। उपयोगकर्ता शुल्क शायद ही कभी संशोधित किए जाते हैं। कुछ राज्यों में, शुल्क की अधिकतम सीमा में दशकों से बदलाव नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप एक निम्न आय, गतिहीन टैक्स आधार और निर्भरता की संस्कृति बनी हुई है। जैसा कि एनआईपीएफपी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, वैधानिक वित्तीय सशक्तिकरण का कोई मतलब नहीं है, यदि वास्तविक रूप से संचालन से जुड़ी स्वतंत्रता न हो।

तकनीक धीरे-धीरे स्थिति को बदल रही है। तमिलनाडु का वीपी टैक्स पोर्टल संपत्ति और पेशेवर करों की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा देता है, जबकि झारखंड में पीओएस-सक्षम कर संग्रह ने दक्षता और पारदर्शिता में सुधार किया है। यदि ऐसी प्रणालियों को स्वामित्व के संपत्ति मानचित्रण से जोड़ा जाए, तो पंचायतों के राजस्व आधार का व्यापक रूप से विस्तार हो सकता है। कुछ व्यवहारिक प्रोत्साहन, जैसे समय पर टैक्स देने वालों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना या स्पष्ट परिणाम दिखाना (आपके टैक्स से इस सड़क का निर्माण हुआ) स्वैच्छिक अनुपालन भी बढ़ा सकते हैं। जब लोग टैक्स और ठोस सुधारों के बीच संबंध देखते हैं, तो प्रतिरोध कम होगा- और 'वित्तीय विश्वास' बढ़ेगा।

ग्राम पंचायत कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष क्षमता निर्माण पहल को शुरू करने में पंचायती राज मंत्रालय की हाल की पहल, जो आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग से की गई है, जमीनी स्तर पर ओएसआर की विशाल संभावनाओं को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। राज्यों का समर्थन करने के लिए, मंत्रालय ने एक डिजिटल प्लेटफार्म 'समर्थ' भी विकसित किया है, जो पंचायतों के ओएसआर प्रबंधन के लिए डिजिटलीकरण की शुरू-से-अंत तक की प्रक्रिया को सुगम बनाता है।

मंत्रालय राज्यों को ओएसआर नियमों को तैयार करने या संशोधित करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि पंचायतें अधिक प्रगतिशील और सशक्त बन सकें। चिन्हित पंचायतों की मदद करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं जिनका राजस्व संग्रह उच्च है या जो विकास केंद्रों के पास उप-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, ताकि उनके लिए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाएं तैयार की जा सकें। हमें उम्मीद हैकि इन स्थानों में सही उद्यमी ऊर्जाएक सकारात्मक आर्थिक चक्र पैदा कर सकती है, जिसके गुणात्मक प्रभाव होंगे।

अब यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि टैक्स दरों और क्षमता में सुधार करना महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल उद्यमशील सोच ही वास्तविक बदलाव ला सकती है। जैसा कि आईआईएम-ए के अध्ययन से पता चलता है, ऐसी ग्राम पंचायतें, जो चक्रीय आर्थिक मॉडल, जैसे बायोगैस और खाद संयंत्र, सौर ऊर्जा की बिक्री, सामुदायिक बाजार और ईको-पर्यटन आदि का उपयोग कर रही हैं, वे वित्तीय रूप से अधिक स्वतंत्र हैं और आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं। इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय प्रदर्शन से जुड़े अनुदानों को बढ़ावा दे रहा है जो ओएसआर वृद्धि से जुड़ा है। इसके अलावा, चयनित ग्राम पंचायतों में %वित्तीय साथी' (फिस्कल फेलो) की अवधारणा, जो वित्तीय योजना और डिजिटल एकीकरण में मदद कर सकती है, को भी आजमाया जा सकता है। 16वां वित्त आयोग भी ङ्क केवल प्रक्रियाओं का पालन करने के बजाय- पंचायतों को प्रोत्साहित कर सकता है, ओएसआरमें वृद्धि करने वालों को पुरस्कृत कर सकता है ।

ग्राम स्वराज का लंबे समय से संजोया गया सपना केवल इस बात से साकार नहीं होगा कि ऊपर से कितना धन आता है, बल्कि इस बात से साकार होगा कि ग्राम पंचायतें स्थानीय स्रोतों का कितने प्रभावी ढंग से उपयोग करती हैं। पंचायतों को लेखाकर्मी की तरह नहीं, बल्कि उद्यमियों की तरह सोचना चाहिए, अवसरों की पहचान करनी चाहिए, जोखिमों का प्रबंधन करना चाहिए और लाभ को समुदाय में पुनर्निवेश करना चाहिए। भारत का ग्रामीण परिवर्तन केवल नई योजनाओं से नहीं होगा- यह तब संभव होगा, जब इसके 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें आय अर्जित करना सीखेंगीऔर जब स्थानीय शासन देश का सबसे जीवंत उद्यमी इकोसिस्टम बन जाएगा।

**लेखक: श्री सुशील कुमार लोहानी, रंजन घोष,**
भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय में अपर सचिवरंजन घोष आईआईएम-ए के संकाय सदस्य हैं और इसके कृषि प्रबंधन केंद्र के अध्यक्ष हैं।)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### देशभर में प्रतिबंध लगे संगठनों के कार्यकर्त्ताओं की गिरफ्तारियां जारी, कनार्टक में हिंसा के दौरान 11 घायल

नई दिल्ली। अयोध्या में 6 दिसंबर की घटनाओं के बाद देश के विभिन्न भागों में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के बावजूद हालातों में सुधारों को देखते हुए लगाए गए कर्फ्यू में ढील दी जा रही है। जबकि घटनाओं के बाद लगाए गए 5 संगठनों पर प्रतिबंध के तहत धर पकड़ जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयं संघ, विश्व हिन्दू परिषद के दफ्तरों को सिल कर दिया है और अब तक 600 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनमें 15 लोग गत शुक्रवार को छुर्रे बाजी जैसी घटनाओं के आरोप में पकड़े गए थे। शहर में स्थिति समान्य होती जा रही है दंगाग्रस्त क्षेत्रों में 4 से 6 घंटे तक कर्फ्यू में ढील दी गई जबकि सलीमपुर के इलाके में दो घंटे की छूट दी गई। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्रों में लोगों को खाने पीने की चीजें उपलब्ध करवाई जा रही है। सलीमपुर के पूर्वी दिल्ली से एक ओर शव बरामद हुआ है जिसमें मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। लखनऊ से प्राप्त समाचारों के अनुसार रात भर से धर पकड़ जारी है और अब तक 900 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है पहले ज्यादा लोगों को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है। इलाहाबाद के मुथीगढ़ कटकगढ़ सहित 7 पुलिस क्षेत्रों में लगे कर्फ्यू में ढील दी गई वहां से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। जयपुर से मिले समाचारों के अनुसार राजस्थान के दंगा क्षेत्रों में स्थिति सामान्य बताई जा रही कर्फ्यू में ढील के दौरान किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है लेकिन सेना की ग्रस्त जारी है। मैसूर से मिले समाचारों के अनुसार महाराष्ट्र में कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्रों में गत रात्रि हिंसा भड़काने की वजह से कर्फ्यू को 16 तक बढ़ा दिया गया। राम छुर्रेबाजी की घटना में एक लोग मारे जाने के कारण मरने वालो की संख्या 7 हो गई है। आज हिंसा को रोकने के लिए पुलिस को 3 बार गोली चलानी पड़ी जिसमें 3 लोग घायल हो गए जबकि आठ लोग आपसी आक्रमण व छुर्रेबाजी की घटनाओं में घायल हो गए। पुलिस के अतिरिक्त कमीश्नर का तबादला कर दिया गया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1911- रोआल्ड एमंडसन ने दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले व्यक्ति बने।

1918- बी के एस आयंगर का जन्म। कर्नाटक के बेल्लूर में जन्मे आयंगर को देश का पहला योग गुरू होने का गौरव हासिल है।

1921- एनी बेसेंट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की उपाधि दी।

1924- हिंदी सिनेमा के पहले शोमैन राजकपूर का जन्म हुआ। 1930 के दशक में बॉम्बे टॉकीज में क्लैप ब्वॉय बने राजकपूर ने पृथ्वी थियेटर से अपने अभिनय जीवन की शुरूआत की और अभिनय के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी खूब नाम कमाया।

1946- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ संजय गांधी का जन्म हुआ।

1946- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

1972- अमेरिका द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अपोलो 17, वापस लौटा और इसी के साथ चंद्रमा के अन्वेषण का अमेरिका का अभियान समाप्त हो गया।

1982- ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 13 वर्षों के बाद पुनः खोला गया।

1983- जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने खुद को बंगलादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।

1995- बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया ने पेरिस में डेटन समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे तीन वर्ष से उनके बीच चल रहे संघर्ष का अंत हो गया।

1997- ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत।

1998- 23वें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में तमिल फिल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।

2000- जॉर्ज वॉकर बुश अमेरिका के 43 वें राष्ट्रपति निर्वाचित।

2002- पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर नेत्रहीनों का विश्वकप जीता।

2003- मैक्सिको के मेरिदा में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किए।

2003- अमेरिकी गठबंधन सैनिकों ने इराक के पूर्व राष्टपति सद्दाम हुसैन को तिकरित में गिरफ्तार किया।

2007- उत्तर और दक्षिण कोरिया के मध्य 50 वर्ष बाद रेल सेवा दोबारा शुरू की गई।

## बोल ब्यूटीफुल



**आदित्य राज कौल:** ऐसा भारत में ही हो सकता है कि कुछ लोग कश्मीर में इस्लामी आतंकियों के नरसंहार और आइसी-814 विमान अपहरण, 26/11 मुंबई तथा संसद पर हमले जैसी आतंकी घटनाओं को दर्शाने वाली द कश्मीर फाइल्स और धुरंधर जैसी फिल्मों को भी प्रोपेगंडा और राजनीतिक कह रहे है।

**अमिताभ अग्निहोत्री:** मुस्लिम लीग ने जिन्ना की अगुआई में वंदे मातरम् पर 1987 में आपत्ति जताई थी। जो वंदे मातरम् के विरुद्ध थे, 1947 में उन्हें पाकिस्तान मिल गया। अब जो यहां है वे तो भारत के ही है, फिर उन्हें वंदे मातरम् पर एतराज क्यों है?

**मधुरेंद्र कुमार:** नाटो चीफ मार्क रुटटे के मुताबिक चीन रूस की लाइफलाइन है, जिसके दम पर रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखा है। इसका दूसरा पहलू यह है कि अमेरिका में यह दम नहीं कि चीन पर दबाव बना सके।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर विशेष : पंजाब में पावरकॉम द्वारा बिजली बचत के प्रयास

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



बिजली एक राष्ट्रीय संपत्ति है और मानवता के लिए एक अमूल्य वरदान है। आज मनुष्य एक दिन बिना भोजन के तो रह सकता है, लेकिन बिजली के बिना आरामदायक जीवन बिताना संभव नहीं। किसी भी देश या राज्य के विकास में बिजली का बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसी भी प्रदेश के विकास का मुख्य पैमाना वहाँ के नागरिकों द्वारा की जाने वाली बिजली खपत को ही माना जाता है।

बिजली की कमी को केवल दो तरीकों से पूरा किया जा सकता है–पहला, बिजली उत्पादन बढ़ाकर और दूसरा, बिजली की बचत के माध्यम से। बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए नए बिजली परियोजनाएं स्थापित करनी पड़ती हैं, जिनके लिए लंबे समय, वित्तीय संसाधन और विभिन्न विभागों से अनुमतियों की आवश्यकता होती है। लेकिन बिजली की बचत के माध्यम से बहुत कम समय में बिजली की कमी को पूरा किया जा सकता है।

भारत में हर वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की स्थापना की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण से संबंधित नीतियां, नियम और राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता पैदा करने के लिए आवश्यक प्रयास करना है। देशभर में बिजली की मांग और उत्पादन के बीच के अंतर को कम करने के लिए समय-समय पर विभिन्न राज्यों की बिजली इकाइयों द्वारा प्रयास किए जाते हैं।

बिजली की बचत न केवल राज्य या देश, बल्कि संपूर्ण विश्व की प्रमुख आवश्यकता बन गई है। देश में लोकसभा और राज्यसभा द्वारा भी बिजली बचत संबंधी विधेयक पारित किए गए हैं।

यद्यपि विज्ञान ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी तक बिजली को बड़े पैमाने पर स्टोर करने की कोई प्रभावी प्रणाली विकसित नहीं हो पाई है। यदि बिजली भंडारण की वैज्ञानिक प्रणाली विकसित हो जाती है, तो उपभोक्ताओं को शायद कभी बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा और बिजली क्षेत्र में एक बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन आ जाएगा।

पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के दक्षिण संचालन क्षेत्र के मुख्य अभियंता इंजीनियर रतन मित्तल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर देशवासियों से आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बिजली बचाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बिजली की एक यूनिट की बचत, 1.25 यूनिट बिजली उत्पादन के बराबर होती है। पावरकॉम पंजाब में विभिन्न श्रेणियों के एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई प्रदान कर रहा है। यदि पंजाब का प्रत्येक उपभोक्ता रोज़ाना एक यूनिट बिजली बचाए, तो बड़े स्तर पर बिजली की बचत संभव है, जिससे बिजली की कमी भी दूर होगी और उपभोक्ताओं के वित्तीय संसाधन भी मजबूत होंगे।







पावरकॉम के ऊर्जा ऑडिट और प्रवर्तन विंग के मुख्य अभियंता इंजीनियर सरबजीत सिंह ने बताया कि कृषि उपभोक्ताओं द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शनों में रोशनी के लिए 40 वाट के दो सीएफएल बल्बों की अनुमति दी गई थी। इन्हें एलईडी बल्बों से बदलने पर लगभग आधी बिजली (लगभग 22 वाट) की बचत होती है। घरेलू क्षेत्र में अभी भी 40, 60 और 100 वाट के पारंपरिक बल्ब उपयोग में हैं, जिन्हें एलईडी से बदलने पर 80 प्रतिशत तक बिजली बचत संभव है।

लगभग 14 लाख ट्यूबवेल मोटरों पर 40 वाट के ष्स्नरुबल्बों को दो-दो 9 वाट के एलइडी बल्बों से बदलने पर करीब 31 मेगावाट बिजली बचत संभव है। यदि घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा 8 संख्या 40-40 वाट के बल्बों को 5-5 वाट के एलइडी बल्बों से बदला जाए, तो लगभग 2156 मेगावाट बिजली बचत की जा सकती है। इस प्रकार कुल बचत 2187 मेगावाट तक हो सकती है।यदि इस क्षमता की बिजली उत्पन्न करने के लिए नई परियोजनाएँ लगाई जाएँ, तो लगभग 15,309 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसलिए बिजली की बचत हर उपभोक्ता का नैतिक दायित्व है।

पावरकॉम के डिमांड साइड मैनेजमेंट विंग के उप मुख्य अभियंता इंजीनियर सलीम मोहम्मद ने बताया कि डिमांड साइड मैनेजमेंट विंग द्वारा बिजली की तिमाही और वार्षिक ऊर्जा लेखा-जोखा तैयार किया जाता है और इसे पंजाब सरकार और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) को भेजा जाता है। इसके बाद आवश्यकतानुसार बिजली क्षेत्र को वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाए जाते हैं।

1 मार्च 2023 को भारत सरकार द्वारा पावरकॉम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। PAT साइकिल-2 के दौरान पीएसपीसीएल को 80,686 ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। PAT साइकिल-7 में पीएसपीसीएल ने लक्ष्यों को पूरा किया है और लगभग 4183 ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र मिलने योग्य हैं।

पावरकॉम के मुख्य अभियंता (तकनीकी ऑडिट एवं जांच) इंजीनियर इंदरजीत सिंह के अनुसार पावरकॉम द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली की बचत, बिजली के महत्व और बचत से होने वाले आर्थिक लाभों संबंधी जागरूकता के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पंजाब भर के स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण पर पेपर रीडिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं तथा विजेताओं को सम्मानित किया जाता है। किसानों की बैठकों में बेहतर गुणवत्ता के शंट कैपेसिटर उपयोग करने की अपील भी की जाती है।

पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा बिजली संरक्षण और जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिनमें ऊर्जा ऑडिट सुझाव, LED लाइटों का प्रोत्साहन, जागरूकता सेमिनार, कार्यशालाएँ और बिल्डिंग कोड संबंधित प्रयास शामिल हैं। उद्योग क्षेत्र में भी बिजली बचत पर विशेष जोर दिया जाता है।

पंजाब में घरेलू उपभोक्ताओं के सहयोग से बेहतर उपकरणों के उपयोग, लोड प्रबंधन और जागरूकता के कारण बिजली की बड़ी बचत की गई है। पंजाब सरकार द्वारा महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम के तहत 2 मई से 15 जुलाई 2023 तक सभी सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 2:00 बजे तक किया गया, जिससे बड़ी मात्रा में बिजली बचाई गई।

पावरकॉम की वेबसाइट पर बिजली बचत के उपाय उपलब्ध हैं, जिन्हें अपनाकर उपभोक्ता एक विकसित भारत के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं।

**-मनमोहन सिंह**
लोक संपर्क सलाहकार
उप सचिव लोक संपर्क (सेवानिवृत्त),
पावरकॉम

# प्रदेश सरकार विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के लिए प्रयासरत : सुक्खू

मुख्यमंत्री ने समग्र शिक्षा निदेशालय में अत्याधुनिक शैक्षणिक अवसंरचना का लोकार्पण किया

शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन की नई इबारत




अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज समग्र शिक्षा निदेशालय में नव-निर्मित विद्या समीक्षा केंद्र, शिक्षा दीर्घा, कार्यक्रम प्रबंधन स्टूडियोदृसम्मेलन क्षेत्र, नए सम्मेलन कक्ष तथा आधुनिक केंद्रीय ताप व्यवस्था का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधाएं न केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्य प्रणाली को अधिक सक्षम बनाएंगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश में डिजिटल शिक्षा प्रबंधन के एक नए युग की शुरुआत करेंगी। यह पहल सरकार की उस दूरदर्शी सोच का सशक्त प्रमाण है, जिसमें शिक्षा को विकास की रीढ़ माना गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक निर्णायक सुधार लागू किए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता के आकलन में हिमाचल प्रदेश ने 21वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार करते हुए पांचवां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की सामूहिक मेहनत के साथ-साथ प्रदेश सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र इस परिवर्तनकारी यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है। हिमाचल प्रदेश उन अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है, जहां एकीकृत डिजिटल मंच के माध्यम से शिक्षण, मूल्यांकन, उपस्थिति, संसाधन प्रबंधन और विद्यालय संचालन से संबंधित वास्तविक समय का आंकड़ा उपलब्ध करवाया जा रहा है। 'अभ्यास हिमाचल', भू-स्थानिक तकनीक आधारित स्मार्ट उपस्थिति प्रणाली तथा 'निपुण प्रगति' जैसे नवाचार विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का वैज्ञानिक विश्लेषण सुनिश्चित कर रहे हैं। अब सीखने की कमियों की पहचान अनुमान के आधार पर नहीं, बल्कि ठोस आंकड़ों के माध्यम से की जा रही है, जिससे शिक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणाम-केंद्रित बन रही है। उन्होंने कहा कि 'शिक्षक सहायक' डिजिटल उपकरण शिक्षकों के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। इसके माध्यम से शिक्षक शिक्षण सामग्री, दिशा-निर्देश और शैक्षणिक संसाधन त्वरित रूप से प्राप्त कर पा रहे हैं, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ प्रशासनिक बोझ में भी कमी आई है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता केवल नए संस्थान स्थापित करना नहीं है, बल्कि मौजूदा शैक्षणिक संस्थानों को सशक्त, सक्षम और आधुनिक बनाना है, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों तक भी समान रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल परिसर में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाएगा। अध्यापक अपने मोबाइल फोन स्टाफ रूम या बैग में रख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में दृढ़ता से कार्य किया जा रहा है। स्कूली पाठ्यक्रम में संगीत, संस्कृति और भविष्य के विषयों का समावेश भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग में व्यापक स्तर पर भर्तियां करने जा रही है, जिसमें अस्थाई व स्थाई दोनों तरह की भर्तियां की जाएंगी। अस्थाई भर्तियां पांच वर्ष के लिए व स्थाई भर्तियां बैच वाइज व प्रतिस्पर्धा के आधार पर की जाएंगी। मल्टी यूटिलिटी वर्कर्ज की भर्ती भी की जाएगी। आगामी शैक्षणिक सत्र से प्राथमिक विद्यालयों की खेल प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2032 तक प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में देश के सबसे बेहतरीन स्कूल होंगे। हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में नंबर एक स्थान पर होगा। प्रदेश सरकार द्वारा गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की परिकल्पना बहुआयामी दृष्टिकोण से की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में बेहतर तबादला नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और सीबीएसई पाठ्यक्रम स्कूलों के लिए विशेष कैडर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को शिक्षा विभाग से सबसे अधिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संकल्प वर्कबुक का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार, सुदर्शन बबलू, निदेशक शिक्षा आशीष कोहली, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अमरजीत सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत तक पहुंचीः रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। प्रदेश सरकार ने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार किए हैं, जिनकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि संसाधनों के समुचित उपयोग के लिए क्लस्टर स्कूल प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत 300 से 500 मीटर की परिधि में स्थित विद्यालयों को एक क्लस्टर के रूप में विकसित किया गया है। इस मॉडल ने पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सामग्री और शिक्षकों की विशेषज्ञता का साझा उपयोग संभव बनाया है। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच और सीखने के अनुभव दोनों में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा की परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स में भी हिमाचल का प्रदर्शन उल्लेखनीय रूप से उभरा है। मेधावी छात्रों के लिए जेईई और एनईईटी कोचिंग की मुफ्त सुविधा प्रदेश सरकार का अत्यंत महत्त्वपूर्ण कदम है। यह पहल सुनिश्चित कर रही है कि आर्थिक स्थिति किसी भी बच्चों के भविष्य के रास्ते में बाधा ना बने। उन्होंने शिक्षा विभाग की विभिन्न पहलों का विस्तार से वर्णन किया। परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा ने समग्र शिक्षा की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश ने विभिन्न सर्वेक्षणों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। शिक्षकों को आईआईटी और आईआईएम में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिक्षण कौशल को और निखारने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए यूनेस्को के साथ हिमाचल प्रदेश फ्यूचर्स प्रोग्राम के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण समझौता किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा तंत्र में नवाचार, सतत विकास लक्ष्य और वैश्विक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के घर पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, बेटी आस्था की शादी पर दी शुभकामनाएं



अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला, 13 दिसंबर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज छोटा शिमला स्थित उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री की इकलौती बेटी डा. आस्था अग्निहोत्री के विवाह अवसर पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। अपने दौरे के बीच समय निकालकर नड्डा का उपमुख्यमंत्री के घर पहुंचना सौहार्द्र और सद्भाव का प्रतीक रहा। मुलाकात के दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं ने अपने राजनीतिक एवं निजी अनुभवों को साझा किया तथा पुराने दिनों की स्मृतियों को भी ताज़ा किया।

इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी, स्वर्गीय प्रो. सिमी अग्निहोत्री को श्रद्धापूर्वक याद किया और परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। दोनों नेताओं की यह भेंट प्रदेश की राजनीतिक मर्यादा, आपसी सम्मान और सौहार्द की मजबूत परंपरा को दर्शाती है।

# प्रदेश सरकार के चिट्टा मुक्त अभियान को मिली गति

## राज्यभर में विशेष अभियान के अंतर्गत 254 एकांत स्थलों का निरीक्षण एवं 596 वाहनों की ली तलाशी

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 13 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा शुक्रवार को राज्य-स्तर पर एक विशेष, सुनियोजित एवं सघन अभियान संचालित किया गया। यह अभियान प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से शुरू किए गए राज्यव्यापी एंटी-चिट्टा जन-आंदोलन के अंतर्गत 'चिट्टा-मुक्त हिमाचल' के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने के दृष्टिगत चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में चिन्हित एकांत एवं अर्ध-सार्वजनिक स्थलों जैसे सुनसान पहाड़ी ढलानें, जंगलों के हिस्से, खाली भवन, कमरे, पार्किंग स्थल, नदी-नाले के किनारे, पुराने बस-स्टैंड, गैराज शेड आदि का व्यापक निरीक्षण एवं गहन तलाशी की गई।

इस राज्य-स्तरीय अभियान के दौरान प्रदेश भर में कुल 254 निर्जन एवं अर्ध-सार्वजनिक स्थलों का पुलिस द्वारा आकस्मिक एवं सघन निरीक्षण किया गया तथा 596 वाहनों की तलाशी ली गई। यह अभियान सभी पुलिस रेंजों में समान रूप से प्रभावी ढंग से संचालित किया गया, जिससे इस अभियान का महत्त्व स्पष्ट होता है। इसके तहत दक्षिणी रेंज में सोलन, किन्नौर, सिरमौर एवं बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र में व्यापक तलाशी ली गई। केंद्रीय रेंज में मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, हमीरपुर एवं बिलासपुर जिलों में सघन निरीक्षण किया गया, जबकि उत्तरी रेंज में कांगड़ा, नूरपुर, देहरा, चंबा एवं ऊना जिलों में चिन्हित स्थलों पर विशेष कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 301 व्यक्तियों की जांच/काउंसलिंग की गई, जिनमें से नौ व्यक्तियों के रक्त/मूत्र के नमूने सुरक्षित किए गए। एनडीपीएस अधिनियम एवं अन्य विधिक प्रावधानों के अंतर्गत नौ आपराधिक मामले दर्ज किए गए। साथ ही अभियान के दौरान एकांत अथवा सुनसान स्थलों पर पाए गए अन्य व्यक्तियों को समुचित परामर्श, आवश्यक दस्तावेजीकरण एवं काउंसलिंग के उपरांत उनके परिजनों को सौंपा गया।

यह राज्य-स्तरीय एंटी-चिट्टा अभियान पूर्णत व्यवस्थित, खुफिया-आधारित एवं अंतर-जिला समन्वय के साथ संचालित किया गया, ताकि विधि-सम्मत, सुरक्षित एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को चिट्टे तथा किसी भी प्रकार के नशे की लत की ओर बढ़ने से रोकना और ऐसे एकांत स्थलों पर विकसित हो रही समूह-आधारित नशा प्रवृत्तियों को समाप्त करना है, जो नए युवाओं को चिट्टे एवं नशे की ओर आकर्षित करती हैं।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से चिट्टा एवं नशे से संबंधित सूचना को टॉल फ्री नंबर 112 या नजदीकी पुलिस थाना में देने का आग्रह किया। सूचना देने वालों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## सोलन कॉलेज की महिला हॉकी टीम ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में झटका तीसरा स्थान



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 13 दिसंबर।** राजकीय महाविद्यालय सोलन की महिला वर्ग की हॉकी टीम ने एचपी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत ऊना में आयोजित अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम ने कड़े मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की।

प्रतियोगिता से लौटने पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली तथा अन्य शिक्षकों द्वारा विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने टीम की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. रविराम ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला हॉकी टीम का यह प्रदर्शन महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं और यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में आयोजित किया गया 2025 बैच का दीक्षांत समारोह



**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह कृतज्ञता, गर्व, आशा और पुरानी यादों का एक सुंदर संगम भरा कार्यक्रम रहा। कक्षा XI के विद्यार्थियों ने अपने कक्षा XII के सीनियर्स को गर्मजोशी भरे शब्दों और मनमोहक प्रस्तुति के साथ सम्मानित किया। इसके प्रत्युत्तर में स्नातक विद्यार्थियों ने अपने भावपूर्ण अनुभव साझा किए। हेड गर्ल रिक्केज़ा दिवान और हेड बॉय अर्पित शर्मा ने प्रेरणादायी और भावनात्मक भाषणों द्वारा इस विशेष अवसर को बेहद खूबसूरती से अभिव्यक्त किया। अपने उत्साहवर्धक संबोधन में विद्यालय के कार्यकारी निदेशक कैप्टन ए.जे. सिंह ने विद्यार्थियों को मूल्यों की शक्ति, आंतरिक दृढ़ता, विवेकपूर्ण निर्णय और ज़िम्मेदारी की महत्ता समझाई। कैप्टन ए.जे. सिंह और श्रीमती समीक्षा सहित सभी स्कूल प्रमुखों, स्टाफ सदस्यों तथा अपने अभिभावकों के आशीर्वाद के साथ 2025 का यह बैच, सभी की शुभकामनाएँ लेकर उज्ज्वल और सुखद भविष्य की ओर अग्रसर हो रहा है।

### पुलिस टीमों ने एक साथ 27 अलग-अलग संदिग्ध ठिकानों पर दी दबिश

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** हिमाचल को नशा मुक्त बनाने के लिए सोलन पुलिस ने अब आर-पार की लड़ाई शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे एंटी ड्रग अभियान के तहत गुरुवार 12 दिसंबर को पुलिस ने जिले भर में एक बड़ा ऑपरेशन चलाया। पुलिस टीमों ने एक साथ 27 अलग-अलग संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी, जिससे नशा तस्करों और नशेड़ियों में हड़कंप मच गया। पुलिस मुख्यालय शिमला से मिले निर्देशों के बाद यह कार्रवाई की गई। सोलन सदर, कंडाघाट, धर्मपुर, अर्की, दाड़लाघाट, कुनिहार, महिला थाना और परवाणू पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में मोर्चा संभाला। पुलिस ने उन खास जगहों को निशाना बनाया जहां अक्सर नशा करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। टीमों ने शहर के पार्कों, झुग्गी-झोपड़ियों और अन्य सुनसान व संदिग्ध इलाकों की बारीकी से तलाशी ली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पिछले एक महीने से चिट्टा और हेरोइन जैसे जानलेवा नशे के खिलाफ छेड़ी गई इस जंग के अच्छे नतीजे सामने आने लगे हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से न केवल नशा माफिया डरा हुआ है, बल्कि सार्वजनिक जगहों पर नशा करने वालों की गतिविधियों में भी भारी कमी आई है। जिला पुलिस ने साफ कर दिया है कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की यह नीति भविष्य में भी जारी रहेगी। आने वाले दिनों में भी इसी तरह औचक निरीक्षण और छापेमारी की जाएगी ताकि युवाओं को नशे के दलदल में फंसने से बचाया जा सके।

## लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए गए 6597 मामले

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 13 दिसंबर।** प्रदेश के साथ-साथ आज सोलन ज़िला के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सोलन ज़िला के सभी न्यायालयों में आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 6597 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमती से किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के अन्तर्गत उपमण्डल नालागढ़, कसौली, अर्की तथा सोलन मुख्यालय में 13 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि इस दिसम्बर माह मे प्री लोक अदालत सीटिंगस भी करवाई गई। इन लोक अदालतों का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन शरद कुमार लगवाल की अध्यक्षता में किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव ने कहा कि इस अवसर पर कुल 8620 मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सीटिंगस एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें से 6597 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। इन मामलों में कुल 9,86,92,129 रुपये समझौता राशि रही।

उन्होंने कहा कि इन मामलों में 7533 मोटर वाहन चालानों भी विभिन्न बैंचों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इनमें से कुल 5873 मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाया गया।




**शिमला।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शनिवार को लोक भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## ऊना शहर की उचित मूल्य की दुकानों पर शीघ्र होगी खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित : राजीव शर्मा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 13 दिसंबर।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से हाल ही में सड़क किनारे वाहन पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिसके चलते ऊना के शहरी क्षेत्र स्थित उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना, राजीव शर्मा ने बताया कि इसके लिए विभाग की ओर से पुलिस विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली गई है। अनुमति मिलते ही कुछ उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य सामग्री की आपूर्ति शुरू कर दी गई है, जबकि शेष दुकानों पर भी शीघ्र नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने शहर के सभी उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि वे अपना मासिक कोटा संबंधित उचित मूल्य दुकानों से बहुत शीघ्र और सामान्य रूप से प्राप्त कर सकेंगे।

## सरकार स्थिर है, कोई गुटबाजी नही, मुकेश अग्निहोत्री ने सरकार हित में कहा : विद्या नेगी

### कहा-राम कुमार बिंदल का स्लाइवा फोरेंसिक जांच में हुआ मैच

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 13 दिसंबर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने कहा है कि हिमाचल सरकार स्थिर है और सरकार में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी रैली में जो कहा वह सरकार हित में कहा है और वह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री है और सरकार के साथ है। वह यहां अटल सदन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में बोल रही थी।

उन्होंने दूसरे प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि वीरभद्र सिंह की जो फोटो होर्डिंग में नहीं लगी उसके पीछे कोई भी न तो गुटबाजी थी और न ही कोई और मंशा।

उन्होंने कहा कि जिसको वहां मीडिया का जिम्मा दिया था वह उनसे चूक हुई है और वीरभद्र सिंह कांग्रेस के आदर्श हैं और सुक्खू सही ढंग से सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह का अपना अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अपनी गुटबाजी है और वह पहले अपने घर को देखें उसके बाद कांग्रेस पर आरोप लगाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा में आजकल जयराम गुट व अनुराग गुट चर्चा में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का काम है दूसरों पर कीचड़ उछालना और धरने देना।

उन्होंने बड़ी बात कहते हुए कहा कि सोलन राम कुमार बिंदल मामले बड़ा खुलासा हुआ है कि बिंदल का स्लाइवा फोरेंसिक जांच में मिल गया है। लेकिन अब तो भाजपा कोई धरना नहीं दे रही है।

## नादौन विधानसभा को मिली 52 सोलर लाइटें, सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से हुआ हरित विकास का विस्तार

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 13 दिसंबर।** नादौन विधानसभा को 52 सोलर स्ट्रीट लाइटों की सौगात मिली है, जो कि हमीरपुर से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इन सोलर लाइटों की स्थापना से विधानसभा क्षेत्र में रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होगी, आमजन की सुरक्षा बढ़ेगी तथा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, जिला सचिव मंजीत सिंह, नादौन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, मंडल महामंत्री सुरेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्यार सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

सभी ने एक स्वर में कहा कि नादौन विधानसभा के लिए 52 सोलर लाइटों की व्यवस्था कराना उनकी जनहितैषी सोच और क्षेत्र के प्रति संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाता है।

आभार व्यक्त करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में निरंतर और संतुलित विकास हुआ है। सड़क, बिजली, खेल, युवाओं के लिए अवसर, डिजिटल व आधारभूत ढांचे के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सोलर लाइट जैसे हरित प्रोजेक्ट्स उनकी दूरदर्शी सोच का प्रमाण हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अनुराग ठाकुर ने सदैव शहरों के साथ-साथ कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी समान प्राथमिकता दी है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। नादौन विधानसभा में सोलर लाइटों की स्थापना स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र आने वाले समय में भी विकास की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा।

# जालसाजी : ठगों ने कार में बिठाकर लूटा व्यक्ति शादी के घर में घुसे चोरों ने उड़ाया शगुन

## पंचकूला पुलिस ने छापेमारी कर सुलझाए दोनों मामले, कैश बरामद, मोबाइल बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। शहर में जालसाज रातों रात अमीर बनने की चाहत में संगीन वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी ही दो वारदातों पर पंचकूला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर जालसाज और चोरों को गिरफ्तार किया है। सस्ता सामान दिलवाने का बहाना बनाकर एक व्यक्ति को गाड़ी में बिठाकर कैश व मोबाइल छीनने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। शिमला निवासी एक व्यक्ति किसी काम से चंडीगढ़ जा रहा था। मनीमाजरा में सामान खरीदते समय दो युवकों ने उससे बातचीत कर खुद को शिमला का निवासी बताया और भरोसा जीत लिया। दोनों ने उसे सस्ता सामान दिलाने का लालच देकर अपनी कार में बैठा लिया। रास्ते में सकेतड़ी के पास सुनसान जगह पर कार रोककर आरोपियों ने पीड़ित से जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन और 3,000 रुपये नकद छीन लिए और उसे सड़क पर उतारकर फरार हो गए।



पीड़ित की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी को सब इंस्पेक्टर यादवेन्द्र सिंह ने टीम की मदद से 12 दिसंबर को माता मनसा देवी मंदिर के पास से काबू किया गया। उसकी पहचान हेमंत मेहता निवासी गांव शारन, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। थाना प्रभारी मुनीष कुमार ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है, जिसके दौरान उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी और छीनी गई शेष राशि की बरामदगी की जाएगी। इससे पहले इस प्रकरण में पहले ही मुख्य आरोपी पीयूष उर्फ इशू निवासी जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई कार और छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अब दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है।

### शादी में शगुन का लिफाफा चोरी कर भागे चोर, 72 घंटे में ट्रेस

पंचकूला। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने विवाह कार्यक्रम में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए शगुन में मिले पैसो को लेकर फरार हुए आरोपी चोर को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई, जो जालंधर, पंजाब तथा वर्तमान में मौली जांगरा, चंडीगढ़ में किराये पर रह रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया है कि इस चोरी की वारदात में एक अन्य आरोपी भी शामिल है। हमारी टीम द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है और उसकी गिरफ्तारी के बाद शेष चोरी की गई राशि भी बरामद की जाएगी। मामले में जांच जारी है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार शिकायतकर्ता मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में जीरकपुर में किराये पर रहता है। शिकायतकर्ता की शादी 6 दिसंबर को पंचकूला के सेक्टर-12ए स्थित परशुराम भवन में आयोजित की गई थी, जहां शादी समारोह के दौरान रिश्तेदारों द्वारा शगुन की राशि दी जा रही थी। इसी दौरान शगुन के लिफाफे स्टेज पर रख दिए गए, जिनमें करीब 40 हजार रुपये नकद थे। समारोह की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए एक युवक मौके से शगुन का लिफाफा लेकर फरार हो गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि हमारी क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर 12 दिसंबर को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पंचकूला में आयुर्वेद महोत्सव बना जनआकर्षण का केंद्र, दूसरे दिन भी उमड़ी भारी भीड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित आयुर्वेद महोत्सव 2025 के दूसरे दिन भी आम जनता की भारी भीड़ देखने को मिली। लोग बड़ी संख्या में आयुर्वेद से संबंधित जानकारी लेने पहुंचे और प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों से आयुर्वेदिक उत्पाद खरीदते नजर आए। महोत्सव में लोगों के बीच आयुर्वेद के प्रति गहरी रुचि और जागरूकता देखने को मिली। प्रदर्शनी में 4000 से अधिक चिकित्सक, देशभर से आए आयुर्वेदाचार्य और 100 से अधिक औषधि निर्माता अपनी शोध आधारित औषधियां और आधुनिक तकनीकें प्रदर्शित कर रहे हैं। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, योग सत्र, परामर्श केंद्र और दवा वितरण स्टॉलों पर पूरे दिन भारी भीड़ उमड़ती रही, जिससे आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिला।

महोत्सव के दूसरे दिन भाजपा पंचकूला के पूर्व विधायक ज्ञानचंद गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पंचकूला में इस प्रकार की आयुर्वेदिक प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए महोत्सव के संचालकों को बधाई दी और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में आचार्य मनीष भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ज्ञानचंद गुप्ता, आचार्य मनीष, भाजपा नेत्री रंजीता मेहता और ओमप्रकाश देवी नगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात महोत्सव के संचालकों ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आचार्य मनीष ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और आयुर्वेदिक दवाइयां एवं उत्पाद बेचने वाले संस्थानों से उनके उत्पादों के लाभ, उपयोग और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एक विशेष सत्र भी दिया, जिसमें आयुर्वेद के फायदे बताते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती बीमारियों के बीच आयुर्वेद सबसे प्रभावी और भरोसेमंद चिकित्सा पद्धति बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आयुर्वेद का है और भारत के पास इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की अपार संभावनाएं हैं।

इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर क्षेत्र संयोजक राजेश गोयल भी महोत्सव में पहुंचे। उन्होंने आयुर्वेदिक उत्पादों के बारे में जानकारी ली और स्वदेशी अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। महोत्सव के आयोजक ऋषभ दीक्षित ने बताया कि यह आयोजन समग्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। उनके अनुसार देशभर से आए विशेषज्ञ अपने शोध, अनुभव और आधुनिक दृष्टिकोण साझा कर रहे हैं, जिससे आयुर्वेद का वैज्ञानिक आधार और भी मजबूत होगा। कार्यक्रम में प्रमुख विशेषज्ञों के रूप में अजीत पाल सिंह, संचित शर्मा, तरनजीत सिंह भरना, रामपाल सोमानी और हितेश जानी उपस्थित रहे। इन विशेषज्ञों ने आयुर्वेद की आधुनिक दिशा, तकनीकी उन्नति और वैश्विक संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। महोत्सव के सफल संचालन में आयोजन टीम का विशेष योगदान रहा, जिसमें ऋषभ दीक्षित, जय सोनी, मन्या दीक्षित, योगिता भाटी और सिद्धि मिश्रा शामिल रहे।

# किरयाना की दुकान की आड़ में हो रही थी शराब तस्करी, पुलिस ने मारा छापा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस की अमरावती चौकी टीम ने किरयाने की दुकान पर छापा मारा जहां अवैध देशी शराब बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 दिसंबर को सूचना मिली थी कि पिंजौर क्षेत्र के गांव भगवानपुर के समीप स्थित लेबर कॉलोनी में एक व्यक्ति किरयाने की दुकान की आड़ में अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही अमरावती चौकी इंचार्ज प्रीतम सिंह के नेतृत्व में टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान से 7 बोतल और 8 अध्धे अवैध देशी शराब बरामद किए गए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान भरने वालों की लगी रही कतारें

## अदालतों में उठाए गए 19,142 मामलों में से 18,339 का हुआ निपटारा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। जिला न्यायालय, पंचकूला और उप-मंडल कालका में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुबह से शाम तक मामलों का निपटारा करने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 19142 मामले उठाए गए जिनमें से 18339 मामलों का निपटान किया गया। निपटाए गए मामलों में कुल 12197648 राशि जमा की गई। अब की बार अदालतों में ट्रैफिक चालान का भुगतान करने वालों की भीड़ देखी गई।



अजय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, एडीआर सेंटर, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला, ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विवादों के निपटारे की व्यवस्था के माध्यम से त्वरित, प्रभावी और सौहार्दपूर्ण समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। जगदीप सिंह लोहान, सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय लोक अदालत के कामकाज की व्यक्तिगत रूप से निगरानी और समीक्षा करने के लिए जिला न्यायालय, पंचकूला का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, सदस्य सचिव ने न्यायालय परिसर में गठित प्रत्येक लोक अदालत बेंच का निरीक्षण किया और पीठासीन अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने मामलों के निपटारे की प्रगति पर चर्चा की, निष्पक्ष और सहमति से निपटारे के महत्व पर जोर दिया, और मामलों के अधिकतम निपटारे को प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के बीच प्रभावी समन्वय को प्रोत्साहित किया।

श्री घनघस ने बताया कि आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामले उठाए गए, जिनमें दीवानी मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, राजस्व मामले, ट्रैफिक चालान, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, पारिवारिक विवाद और अन्य मुकदमेबाजी से पहले और लंबित मामले शामिल हैं। लोक अदालत ने वादियों को अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने, समय और मुकदमेबाजी के खर्च को बचाने और अदालतों में मामलों की लंबितता को कम करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

# पंचकूला पुलिस ने अवैध खनन सामग्री भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक टिप्पर पकड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता


पंचकूला। जिला में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर रानी थाना टीम ने बीते दिनों दो वाहनों को पकड़ा है जिनमें अवैध खनन सामग्री भरी हुई थी। पहली कार्रवाई में, बीती देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने गांव नटवाल से अवैध माइनिंग में लिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। इस ट्रैक्टर-ट्रॉली को तुरंत मौली चौकी में खड़ा करवाकर माइनिंग विभाग को आगामी कार्रवाई के लिए सूचना दे दी गई थी। इसके अलावा वीरवार को रायपुर रानी क्षेत्र के डाकरा साहिब नदी के पास से भी पुलिस टीम ने एक टिप्पर को पकड़ा था।



इस टिप्पर को भी पकड़ने के बाद रायपुर रानी थाना में खड़ा किया गया और माइनिंग विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया था।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए दोनों वाहनों में अवैध खनन सामग्री भरी हुई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी माइनिंग जोन में पुलिस द्वारा लगातार चैकिंग की जा रही है और इसके साथ-साथ कैमरा के माध्यम से भी सभी संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि अवैध खनन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# एलएम थपर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 'परिवर्तन के युग में उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व' पर लीडरशिप समिट आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

डेराबस्सी। तेजी से बदलती और अनिश्चित होती वैश्विक परिस्थितियों के बीच नेतृत्व की नई परिभाषा को समझने के उद्देश्य से एलएम थपर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने डेरा बस्सी परिसर में 0210परिवर्तन के युग में उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व' विषय पर एक दिवसीय लीडरशिप समिट का आयोजन किया। इस समिट में अकादमिक जगत और उद्योग के अनुभवी विशेषज्ञों ने भाग लेकर आधुनिक नेतृत्व की चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

समिट का उद्घाटन संस्थान के निदेशक एवं डीन प्रो. डी. पी. गोयल ने स्वागत भाषण के साथ किया। तीन पैनल चर्चाओं में उद्योग जगत के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। पहली पैनल चर्चा 'लीडरशिप का भविष्य' नियंत्रण से सशक्तिकरण तक विषय पर केंद्रित रही, जिसमें नेतृत्व के बदलते स्वरूप, विश्वास और स्वायत्तता पर जोर दिया गया।

दूसरी पैनल चर्चा अनिश्चित समय में लचीले संगठन बनाना पर आधारित थी, जिसमें विशेषज्ञों ने संगठनात्मक अनुकूलन, चुस्ती और लोगों-केंद्रित संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया। तीसरी पैनल चर्चा एआई और वेल-बीइंग उत्तरदायी, मानव-केंद्रित डिजिटल परिवर्तन÷ विषय पर हुई, जिसमें तकनीक के साथ नैतिकता और मानव मूल्यों के संतुलन पर चर्चा की गई।

समिट से प्राप्त विचार और अनुभव एमबीए छात्रों को भविष्य के सक्षम और जिम्मेदार नेता बनाने में सहायक होंगे। कार्यक्रम का समापन एलएमटीएसएम की प्रमुख प्रो. सोनिया गर्ग के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# इंडियन ऑयल ने चंडीगढ़ में राजभाषा अधिकारी सम्मेलन का सफल आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (विपणन प्रभाग), पंजाब राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), चंडीगढ़ के तत्वावधान में एक दिवसीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन 12 दिसंबर को पंजाब राज्य कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुआ, जिसमें नराकास (का–1) से संबद्ध 52 राजभाषा अधिकारी, प्रभारी एवं अनुवादकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जगजीत कुमार, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, इंडियन ऑयल के स्वागत संबोधन एवं राजभाषा गीत से हुआ। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक आशुतोष गुप्ता ने सदस्य सचिव नराकास (का-1) सुश्री नीना मल्होत्रा सहित सभी अतिथियों का सम्मान किया। सम्मेलन के दौरान डॉ. जगजीत कुमार द्वारा लिखित पुस्तक उत्तर आधुनिक विमर्श का विमोचन भी किया गया।

अध्यक्षीय संबोधन में आशुतोष गुप्ता ने कहा कि इंडियन ऑयल राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसे भारत सरकार से प्रथम पुरस्कार प्राप्त होना गौरव की बात है। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में संसदीय राजभाषा प्रश्नावली, ई-टूल्स, तनाव प्रबंधन, बहुभाषी अनुवाद साधन तथा भाषा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में फीडबैक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सम्मेलन को अत्यंत उपयोगी बताया। सभी अतिथि वक्ताओं को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया और आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन का समापन किया गया।

# चंडीगढ़ नगर निगम ने अतिक्रमण विरोधी चलाया अभियान, शहर के प्रमुख स्थानों पर किए 47 चालान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम ने आज किरण सिनेमा और शास्त्री मार्केट के पास सेक्टर 22, सेक्टर 15, रॉक गार्डन और सुखना झील क्षेत्र सहित प्रमुख स्थानों पर व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों से अनधिकृत अतिक्रमणों को हटाना था ताकि पैदल यात्रियों की आवाजाही सुगम हो सके और शहर की सुंदरता बनी रहे।



अभियान के दौरान, प्रवर्तन टीमों ने सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले उल्लंघनकर्ताओं को कुल 47 चालान जारी किए। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।

सेक्टर 22 में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी जब महिलाओं के एक समूह ने कथित तौर पर अभियान में लगे नगर निगम के कर्मचारियों पर हमला किया। मामले का संज्ञान लेते हुए, नगर निगम ने तुरंत पुलिस हस्तक्षेप का अनुरोध किया और सेक्टर 22 पुलिस चौकी प्रभारी के पास औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई।

नगर निगम ने अतिक्रमण और सरकारी कार्यों में बाधा डालने के प्रति अपनी सख्त नीति को दोहराया और जनता से चंडीगढ़ को स्वच्छ, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करने की अपील की।

# ब्लॉक समिति चुनावः ज़ोन-2 से कांग्रेस प्रत्याशी बीबी रानी कौर के लिए नेताओं ने मांगा समर्थन

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

न्यू- चंडीगढ़। ब्लॉक समिति सियूंक ज़ोन -2 से कांग्रेस की उम्मीदवार बीबी रानी कौर जी पत्नी सरदार जसविंदर सिंह मिल्ख के लिए चुनाव प्रचार के दौरान बड़ी संख्या में शिव नगर पंचायत सिंघा देवी नयागांव पहुंचे - गांव वासियों को घर-घर जा कर संबोधित करते हुए, खरड़ के चुनाव क्षेत्र इंचार्ज विजय शर्मा टिंकू ने कहा कांग्रेस उम्मीदवार बीबी रानी कौर जी पत्नी सरदार जसविन्द्र सिंह मिल्ख के लिए अपना कीमती वोट डाल कर जिताने की अपील की ।



उन्होंने सभी निवासियों और वोटरों से अपील है कि आज रविवार, 14 दिसंबर को ब्लॉक समिति चुनाव लड़ रहे कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को अपना कीमती वोट देकर सफल बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार के नुमाइंदे या नेता आपके पास वोट मांगने आए, तो उनसे यह जरूर पूछें कि आपने पिछले चार सालों में क्षेत्र के विकास के लिए क्या किया है।

कमलजीत सिंह चावला, पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध किया कि खरड़ विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक समिति चुनाव लड़ रहे सभी कांग्रेस उम्मीदवार एकजुट होकर अपने-अपने ज़ोन के उम्मीदवारों के समर्थन में डटे रहें ताकि हम अपने कांग्रेस उम्मीदवारों का समर्थन कर सकें। आम आदमी पार्टी ने अपने चुनाव में किये सभी वायदे पूरे नही किये महिलाओ को 1000 रुपये देने वायदा अभी तक पूरा नहीं किया और इनसे कानून व्यवस्था भी संभाली नही जा रही । नयागांव के मंजीत सिंह सिद्धू जिला मोहाली कांग्रेस के मीत प्रधान ने कहा कि बीबी रानी कौर पत्नी जसविन्द्र सिंह मिल्ख को सियूंक, मिल्ख, शिंगारीवाला शिवनगर पंचायत नाडा से अपना वोट हाथ पंजे पर मोहर लगा कर जितवायें। शेष अबकी बार 2027 में पंजाब में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। इस मौके पर, फौजी,चमकीला सिंह ,सरपंच ,जतिन्द्र अग्रवाल व अन्य कांग्रेसी सदस्य मौजूद थे ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 21,526 से अधिक मामलों का निस्तारण, 1,70 अरब से ज्यादा की राशि पर हुआ समझौता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा न्यायमूर्ति शील नागू, मुख्य न्यायाधीश-सह-संरक्षक-प्रमुख, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ एवं न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल, कार्यकारी अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-43, चंडीगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

जिला न्यायालय परिसर में सेवारत न्यायिक अधिकारियों की अध्यक्षता में कुल 13 पीठों का गठन किया गया। इन पीठों के माध्यम से दंडनीय समझौता योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट), बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, मध्यस्थता, दीवानी मामले, नगर निगम से जुड़े प्रकरण एवं यातायात चालानों का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कुल 21,526 से अधिक मामलों का निस्तारण हुआ, जिनमें लंबित, प्री-लिटिगेटिव प्रकरण और यातायात चालान शामिल थे। इन मामलों में कुल ?35.86 करोड़ से अधिक की राशि का समझौता हुआ। इसके अतिरिक्त, डीआरटी-II चंडीगढ़ द्वारा 163 मामलों में 131.44 करोड़, उपभोक्ता आयोग द्वारा 1.36 करोड़, स्थायी लोक अदालत द्वारा 34.70 लाख तथा श्रम न्यायालय द्वारा 55 हजार के मामलों का निस्तारण किया गया। साथ ही, तहसीलदार (राजस्व) द्वारा 328 म्यूटेशन का निपटारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल ने लोक अदालत की कार्यवाही का निरीक्षण किया और कहा कि मानसिक शांति सबसे बड़ा धन है, इसलिए लंबी मुकदमेबाजी समाप्त कर सौहार्दपूर्ण समाधान अपनाना चाहिए। उनके प्रयासों से सात वैवाहिक मामलों में पुनर्मिलन भी संभव हुआ।

कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय संधीर, सदस्य सचिव अरुण कुमार अग्रवाल तथा सचिव सुनील कुमार ने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए जनता से लोक अदालतों का अधिक लाभ उठाने की अपील की।

ट्रिपल इंजन सरकार से सोनीपत में विकास को रफ्तार

# सोनीपत के लोगों के सपने हो रहे साकार: निखिल मदान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 4 के सेक्टर 12 में पहुंचे ,जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 4 के सेक्टर 12 पार्ट 1 और 2 के विभिन्न पार्कों में लगभग 73 लाख रु की लागत से सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण के कार्य करवाए जाएंगे। इनमें चार दिवारी की मरम्मत के साथ रंग रोगन किया जाएगा। ग्रिल की मरम्मत के साथ उसका रंग रोगन किया जाएगा। पार्क में लोगों के घूमने के लिए वाकिंग ट्रेक की आवश्यकता अनुसार मरम्मत की जाएगी। झूलों और ओपन जिम की मरम्मत की जाएगी। पार्कों में लोगों के बैठने के लिए आवश्यकता अनुसार बेंच लगवाए जाएंगे। रोशनी के लिए लाइट आदि लगवाई जाएगी।इसके बाद विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन सरदारों वाली गली में पहुंचे, जहां उन्होंने गली को सीसी से पक्का करने के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया।

मेयर राजीव जैन ने बताया कि सरदारों वाली गली को 65 लाख रुपए की लागत से सीसी द्वारा पक्का किया जाएगा। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सरदारों वाली गली वार्ड 15 और वार्ड 17 की मुख्य गली है, जिसमें हजारों लोगों का आवागमन होता है, गली के टूटने कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब गली का नए सिरे से नवनिर्माण किया जाएगा, जिससे लोगों को सहूलियत मिलेगी।वार्ड नंबर 15 की विभिन्न कॉलोनियों जैसे देव नगर और सुभाष नगर में सीवरेज ब्लॉक होने की समस्या थी, जिसके कारण दूषित जल भराव होता था।

समस्या के समाधान को लेकर नई सीवरेज लाइन बिछाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। आज उसी कार्य का शुभारंभ किया गया है। लगभग 95 लाख रु की लागत से वार्ड 15 के देव नगर और सुभाष नगर की विभिन्न गलियों में नई सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी, जिससे लोगों की सीवरेज ब्लाक होने और दूषित जल भराव होने की समस्या से निजात मिलेगी।

इस अवसर पर निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक, निगम पार्षद अतुल जैन, निगम पार्षद नवीन तंवर, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी, किरण बाला,अतुल गौतम, प्राध्यापक दिलबाग सिंह, नकीन मेहरा ,श्री प्रकाश वशिष्ठ, संदीप तायल ,संदीप सूद, मनोज गर्ग, सूरज राय जैन, अजीत, विक्रम मेहरा,अशोक , सुरेंद्र शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# जयराम शर्मा को बनाया गया व्यापार प्रकोष्ठ का नया जिला संयोजक

## जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने की जिला संयोजक की नियुक्ति

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोनीपत जिला में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज द्वारा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की नियुक्ति की घोषणा की है। इस नियुक्ति के तहत जयराम शर्मा को व्यापार प्रकोष्ठ का नया जिला संयोजक बनाया गया है। जिला अध्यक्ष भारद्वाज ने जयराम शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जयराम शर्मा लंबे समय से व्यापार क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।जिला संयोजक का दायित्व मिलने उपरांत जयराम शर्मा ने कहा कि वे जिला के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, संगठन को मजबूत करने और व्यापार क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

संगठन के सदस्यों ने नई नियुक्ति पर खुशी जताई और उम्मीद व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय व प्रभावी तरीके से कार्य करेगा। उन्होंने व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# हर बिरादरी का सम्मान व उत्थान सुनिश्चित कर रही नायब सरकार: डॉ अरविंद शर्मा



गरीब की पूंजी उसके बच्चे, बेहतर शिक्षा देने पर करें फोकस

सैन धर्मशाला में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रूपए, लाइब्रेरी के लिए पांच लाख रूपए देने की घोषणा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार के साथ काम करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार हर बिरादरी का सम्मान और उत्थान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के विचार को धरातल पर उतार रही है।उत्तम नगर स्थित श्री सैन भगत धर्मशाला परगना 52 के 42वें स्थापना दिवस समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा व उनकी धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे, जहां सैन समाज द्वारा फूल-मालाओं व पुष्पवर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अपने मुख्यातिथि संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सभी बिरादरी का सम्मान करते हैं और उनके उत्थान के लिए निरंतर जनहित की योजनाएं लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार संत-महापुरूषों की जयंतियों का राज्य स्तर पर आयोजन करते हुए उनके विचार जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने में गरीब, वंचित, जरूरतमंद के उत्थान के सफल प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सैन समाज से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है, अपितु उनको स्वरोजगार स्थापित करने के लिए अवसर प्रदान कर रही है।

# कलायत में दर्दनाक हादसा: बेकाबू आल्टो ने सफाई कर्मी को कुचला, दुकान में घुसी कार, महिला की मौत

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत।** कलायत रेलवे रोड पर अनाज मंडी के नजदीक सुबह करीब 9 बजे संतुलन बिगडने से एक आल्टो गाड़ी 55 वर्षीय निजी सफाई कर्मी शीला देवी को चपेट में लेते हुए भाजपा वरिष्ठ नेता मोती लाल के करियाना स्टोर में जा घुसी। दुर्घटना में करियाना स्टोर बुरी तरह तहस-नहस हो गया। मालिक मोती लाल व उनके परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे। काफी देर वे खुद को नहीं संभाल पाए। हादसे में बुरी तरह जख्मी महिला को पहले कलायत उपरांत जिला नागरिक अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्तपाल के डाक्टरों ने महिला को मृतक घोषित कर दिया। थाना प्रबंधक बलबीर सिंह ने बताया कि मृतक महिला के बेटे की शिकायत पर इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। मृतक महिला का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक महिला के बेटे नवीन ने बताया कि गाड़ी युवक ट्राईव कर रहा था। उसने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए अनाज मंडी की तरफ जा रही उसकी माता को चपेट में ले लिया। तेज टक्कर से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थिति को संभाला गया। पुलिस व परिजनों द्वारा घायल महिला को स्थानीय अस्पताल ले जा गया। डाक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। दर्दनाक हादसे से परिवार के लोग बुरी तरह से सहमे हैं। यह परिवार मजदूरी से घर का चूल्हा जलाता आया है। घटना के समय मौके पर कुछ नगर पालिका सफाई कर्मी भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि गाड़ी सड़क के बीचों-बीच तेज गति से आई। देखते ही देखते वाहन चालक ने महिला को जख्मी करते हुए दुकान को क्षति ग्रस्त कर दिया। जो दृश्य था उसके चलते अन्य वाहन व लोग भी घटना का शिकार हो सकते थे। लेकिन गाड़ी दुकान के काउंटर व लोहे के बाक्स से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हुई और आगे नही बढ़ पाई।


**ग्राम पंचायत घोड़ों पीपली**

**खंड जगाधरी, तह. जगाधरी, जिला यमुनानगर (हरियाणा)**

**निर्माण कार्य हेतु कोटेशन मांग सूचना**

ग्राम पंचायत घोड़ी पीपली निम्नलिखित कार्यों को करवाने के लिए ठेकेदारी से लेकर कोटेशन आमंत्रित करती है।

1. शमशान घाट में (Seating shed) का निर्माण कार्य गाव का नाम-घोड़ों पीपली, अनुमानित लेबर- 40000/-
2. धारा सिंह के घर से सुंदर के खेत तक खड़ी से की उखाड़ना, गांव का नाम- घोड़ों पीपली, अनुमानित लेबर- 78000/-
3. जसबीर की दुकान से लेकर सतन तक पेवर ब्लॉक टाईल्स नेड उखाड़ना, गांव का नाम घोड़ों पीपली, अनुमानित लेबर-28000/-
4. आयुर्वेदिक अस्पताल में पत्थर टाइल्स, गांव का नाम-घोड़ों पीपली, अनुमानित लेबर- 56000/-
5. कचरा शेड निर्माण कार्य, गांव का नाम- घोड़ों पीपली, अनुमानित लेबर-89000/-

इच्छुक ठेकेदार उपरोक्त लेबर रेट के कार्यों की कोटेशन दिनांक 16/12/25 तक ग्राम पंचायत घोड़ों के कार्यालय में जमा करवाएं।

ग्राम सचिव पंचायत

AP-6202

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी. जिसका विवरण सारणीबद्ध हैः–

| कैटगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर, 03 पे एवं यूज शौचालय के संचलान एवं रख–रखाव के ठेका | UMB-PhUToi 09-25 | 22.12.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 3857/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6203

**दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड**

(भारत सरकार का उपक्रम)

क्षेत्रीय कार्यालयः एससीओ 109–111, सुरेन्द्रा बिल्डिंग, सेक्टर17–डी, चण्डीगढ़

(CIN NO U66010DL1947GO1007158) दूरभाष : 0172-5025730

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता और ग्राहकों/पॉलिसी धारकों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़ के अंतर्गत पंजाब, हिमाचल राज्य व यू.टी. चण्डीगढ़ में स्थित निम्नलिखित कार्यालय इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60(साठ) दिनों के बाद रैशनेलाईज़ड एवं स्थायी रूप से विलय कर दिए जाएंगे। इन कार्यालयों के पॉलिसी धारकों और ग्राहकों को सेवाएं नीचे दिए गए विवरण के अनुसार निकटवर्ती कार्यालयों द्वारा प्रदान की जाएंगी।

| क्र. सं. | विलय हो रहे कार्यालय का नाम व कोड | सेवाएं प्रदान करने वाले नये कार्यालय का पता |
|---|---|---|
| 1 | बी.ओ. (बी.सी.) बनीखेत (233894) | बी.ओ. चम्बा (233802), निचला तल, भरमौर रोड, हरदासपुरा, चम्बा–176310 |
| 2 | बी.ओ. (बी.सी.) कुराली (231492) | बी.ओ. रोपड़ (231402), पहला तल, नंगल चौक, रोपड़–140001 |
| 3 | सी.बी.ओ–4 लुधियाना (233902) | बी.ओ. लुधियाना (233900), पहला तल, सोना कम्पलैक्स, मिलर गंज, जी.टी. रोड, लुधियाना–141003 |
| 4 | सी.बी.ओ.–3 चण्डीगढ़ (231102) | बी.ओ. चण्डीगढ़ (231300), एससीओ 20, पहला तल, मध्य मार्ग, सेक्टर 26, चण्डीगढ़–160019 |
| 5 | सी.बी.ओ. अमृतसर (233301) | बी.ओ. अमृतसर (233300), एससीओ 57, दूसरा तल, बी–ब्लॉक, रणजीत एवन्यू, अमृतसर–143001 |

दिनांक : 14–12–2025 हस्ता./– राकेश कुमार सोनी, मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक

AP-6191

**सार्वजनिक सूचना**

आप सभी नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद नरवाना द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतगर्त घर-घर से कूड़ा उठाने /इक्कठा करने का कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है जो कूड़ा उठाने की समय सारणी तय की गई है इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि कृप्या कर अपने घरो/संस्थानों का कूडा दी गयी निम्नलिखित समय सारणी पर सफाई मित्र/कूड़ा वाहन को देना सुनिश्चित करे।

**व्यावसायिक संस्था/सार्वजनिक क्षेत्र का समय**

प्रथम चरण : सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक

द्वितीय चरण: दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक

**रिहायशी मकानों का समय**

सुबह 7 से सांय 05 बजे तक

**सौजन्य से**

मैसर्ज हाई टेक सिक्योरिटी सर्विसेज

Help Line No. 9671537009

AP-6199

**केनरा बैंक Canara Bank**

भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking

सिंडिकेट Syndicate

**वसूली एवं विधिक अनुभाग, परिमंडल कार्यालय, द्वितीय तल, सेक्टर34-ए, चंडीगढ़**

दूरभाष संख्या 0172-2602431, 2663733, ई-मेल rlcochd@canarabank.com

**ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.01.2026 को सायं 5.00 बजे तक**

**ई-नीलामी की तिथिः 20.01.2026 को प्रातः 11.30 बजे से दोप. 12.30 बजे (बिक्री के समापन तक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)**

**संपति के निरीक्षण की तिथि एवं समयः 12.01.2026 एवं 13.01.2026 को सायं 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे के मध्य**

**ई-नीलामी (ऑनलाईन नीलामी) के माध्यम से हाईपोथिकेट्ड परिसंपत्तियों की बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित चल संपत्तियों का कब्जा प्राप्त किया गया है और उनकी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस लि. (ईबिक्रय) द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com/ के माध्यम से ई-नीलामी का प्रबंध किया गया है।

| क्र.सं. | शाखा का नाम/ऋणी/ गारंटर का नाम एवं पता | परिसंपत्तियों का विवरण | कुल देय राशि | आरक्षित कीमत (रु. में) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. में) | खाता संख्या का विवरण आईएफएससी कोड कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केनरा बैंक, मेहतपुर बसडेहरा शाखा, श्री हरिंदर भारद्वाज, प्रबंधक, मो. 8091605135, 8580601020, ई-मेलः cb5135@canarabank.com | वाहन की हाईपोथिकेशनः -टोयोटा इनोवा क्रिस्टा, इंजन सं. 2जीडीए168268, पंजीकरण सं. पीबी01बी9896, चैसिस सं. एमबीजेजेबी8ईएम70153477 | 12.12.2025पर कुल देयताएंः रु. 16,02,395.26 तथा उस पर आगामी ब्याज एवं खर्चों के साथ | रुपया 10,00,000/- | रुपया 1,00,000/- | 209272434 सीएनआरबी0005135 भौतिक कब्जा |
| | ऋणीः-पंडोरा ट्रेवल्स एण्ड कॉन्ट्रेक्टर्स, वीपीओ देहलान, तहसील एवं जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश-174315 | | | | | |

मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालयः- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेलः support.BAANKNET@psballiance.com"ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' वेबसाईट https://baanknet.com/ के माध्यम से।

दिनांकः 12.12.2025 स्थान : चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी

AP-6190

**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**मैं,** मंजीत उर्फ बबली पत्नी सुभाष निवासी 620/3, रेलवे स्टेशन के पास, 27, बाल्मीकि बस्ती, कैथल (हरियाणा) अपना नाम मंजीत उर्फ बबली से बदलकर बबली रखती हूं। भविष्य में मुझे बबली के नाम से जाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** हरजीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव गुल्लरवाला पोस्ट ऑफिस आकांवली तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद (हरियाणा) भारत अपना नाम हरजीत सिंह से बदलकर हरजीत (नाम) सिंह (उपनाम) रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-6192

**मैं,** सोनिया पत्नी विनीत भाटिया निवासी 1019 सेक्टर 7 अर्बन एस्टेट करनाल हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम सोनिया से बदल कर सोनिया भाटिया कर लिया है। सभी सबंधित नोट करे।
एपी-6193

**मैं,** नीलम रानी पत्नी श्री दिनेश कुमार धवन निवासी गांव अंटावा, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर ने अपना नाम नीलम धवन से बदलकर नीलम रानी रख लिया है।
एपी-6195

I, DOMMATI KALAMMA is Mother of Service No: 16119668W Rank-Hav Name: Dommati Shiva Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from DOMMATI KALAMMA and Date of Birth from 15/06/1966 to DOMMATI CHANDRAKALA and D.O.B 01/01/1964.

I, DOMMATI SURYANARAYANA is Father of Service No: 16119668W Rank-Hav Name: Dommati Shiva Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from D O M M A T I SURYANARAYANA and Date of Birth from 22/03/1961 to DOMMATI SURYA NARAYANA and D.O.B 01/01/1962.

I, SATYABHAMABAI am Mother of Army No: 2808207H Rank- Hav Name- Patole Navnath Devram Permanent Address: At -Ashapur, Post- Thangoa, Tehsil-Sinnar, Dist-Nashik, State-Maharashtra, Pin- 422103 declare that I have changed my name from SATYABHAMABAI to SATYABHAMA DEVRAM PATOLE and Also Correct my Date of birth from 01/08/1958 to 01/01/1954. Vide Affidavit No: 11AA 219213, Dated: 13/12/2025

I, DEVRAM am Father of Army No: 2808207H Rank-Hav Name- Patole Navnath Devram Permanent Address: At-Ashapur, Post- Thangoa, Tehsil- Sinnar, Dist-Nashik, State-Maharashtra, Pin-422103 declare that I have changed my name from DEVRAM to DEVRAM BAHIRU PATOLE and Also Correct my Date of birth from 01/06/1955 to 01/01/1949. Vide Affidavit No: 11AA 219214, Dated: 13/12/2025

I, UJWALA am legally Wedded Spouse of Army No: 2808207H Rank- Hav Name- Patole Navnath Devram Permanent Address: At -Ashapur, Post- Thangoa, Tehsil-Sinnar, Dist-Nashik, State-Maharashtra, Pin- 422103 declare that I have changed My Name from UJWALA to UJJWALA NAVNATH PATOLE. Vide Affidavit No: 11AA 219215, Dated: 13/12/2025

I, LAXMIBAI am Mother of Army No: 2821568A Rank: Sep Name: Sachin Mahalingappa Hingmire Permanent Address: MU Kelgaon ta sillod, Kelgaon, Aurangabad, Kelgaon, Maharashtra, 431112 declare that I have changed my name from LAXMIBAI to LAXMI MAHALING HINGMIRE. Vide Affidavit No: 11AA 219211, Dated: 13/12/2025

I, HINGMIRE MAHALINGAPPA am Father of Army No: 2821568A Rank: Sep Name: Sachin Mahalingappa Hingmire Permanent Address: MU Kelgaon ta sillod, Kelgaon, Aurangabad, Kelgaon, Maharashtra, 431112 declare that I have changed My Name from H I N G M I R E MAHALINGAPPA to MAHALING ONKAR HINGMIRE. Vide Affidavit No: 11AA 219212, Dated: 13/12/2025

I, ARCHANABAI am Mother of Army No-2824264N Rank-Sep Name- Mahajan Yashwant Kadam Permanent Address: At Shelgaon Dha, Loha, Shelgaon, Karegaon, Nanded, Maharashtra, 431708 declare that I have changed my name from ARCHANABAI to ARCHANA YASHVANT KADAM. Vide Affidavit No: 11AA 219220, Dated: 13/12/2025

I, SUREKHA am Mother of Army No- 2821022A Rank-Sep Name- Shinde Akshay Somnath Permanent Address: Pandharewadi, Chinchpur bu, Paranda, Osmanabad, Maharashtra, 413505 declare that I have changed my name from SUREKHA to SUREKHA SOMNATH SHINDE. Vide Affidavit No: 11AA 219222, Dated: 13/12/2025

**मैं,** शीला देवी (Sheela Devi) सैन्य संख्या- 15567278H, रैंक- हवलदार, नाम- राजेश कुमार की माता हूं, वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वार्ड नंबर 23, मकान नंबर 0516, ब्लॉक कॉलोनी के पीछे, विजय नगर, जिला- भिंड, मध्य प्रदेश, 477001, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम शीला देवी (Sheela Devi) से बदलकर शिला देवी (Shila Devi ) कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219217, दिनांक- 13/12/2025

**मैं,** शीला देवी (Shila Devi) सैन्य संख्या- 15567278H, रैंक- हवलदार, नाम- राजेश कुमार की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वार्ड नंबर 23, मकान नंबर 0516, ब्लॉक कॉलोनी के पीछे, विजय नगर, जिला- भिंड, मध्य प्रदेश, 477001, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 03/02/1961 से 21/12/1958 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219218, दिनांक- 13/12/2025

**मैं,** ज्ञानी प्रसाद, सैन्य संख्या- 15567278H, रैंक- हवलदार, नाम- राजेश कुमार का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वार्ड नंबर 23, मकान नंबर 0516, ब्लॉक कॉलोनी के पीछे, विजय नगर, जिला- भिंड, मध्य प्रदेश, 477001 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 03/02/1953 से 07/07/1954 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219219, दिनांक- 13/12/2025

**मैं,** प्रियंका साहू, सैन्य संख्या- 14847200Y, रैंक- नायक, नाम बिनोद साहू की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 282 कंपनी एएससी (सप्लाई) टाइप 'डी' में तैनात है स्थायी पता- भगवती मंदिर के पास, ग्राम-खोरा, पोस्ट-खोरा, थाना, खोरा, पोस्ट ऑफिस-खोरा, जिला- गुमला, झारखंड - 835207 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम प्रियंका साहू से बदलकर प्रियंका कुमारी साहू कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219216, दिनांक- 13/12/2025

**मैं,** भागेश्वरी ( Bhageshwari) सैन्य संख्या 18022528M, रैंक लांस/नायक, नाम अजित प्रताप सिंह की माता हूं, वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- शाहजहांपुर, जालौन, उत्तर प्रदेश-285202, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम भागेश्वरी ( Bhageshwari) से बदलकर भागेश्वरी (Bhageshvari) कर लिया है। शपथ पत्र संख्या 11AA 219221, दिनांक 13/12/2025
एपी-6195

I,Sarita w/o Joginder Kumar r/o House no 110 A, Khatri Niwas ward no 7 below thodo ground Solan H.P. 173212 have changed my name from Sarita to Sarita Khatri.
एपी-6197

I VISHNU S/o NIHAL SINGH resident of VILLAGE TIBBI TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125106 have changed my name From VISHNU to VISHNU BISHNOI
एपी-9198

I, Kalpana Upadhya wife of Mansha Ram Upadhya resident of house no. 1175, Sector 43-B, Chandigarh, That both names are same "Kalpna Upadya & Kalpana Upadya" as correct name is Kalpana Upadya
एपी-6200

**मैं,** नविता गोयल पत्नी नितिन गर्ग निवासी मकान नंबर 37 हुडा आर-3 वार्ड नंबर 8 चीका, कैथल, ने अपना नाम बदलकर नविता गर्ग रख लिया है।

**मैं,** नविता पत्नी नितिन गर्ग निवासी मकान नंबर 37 हुडा आर-3 वार्ड नंबर 8, चीका, कैथल, ने अपना नाम बदलकर नविता गर्ग रख लिया है।
एपी-6204

**मैं,** भतेरी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री जगबीर सिंह, निवासी गाँव रभड़ा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत ब्यान करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड/PPO नंबर 20120220477 के रिकॉर्ड में मेरा नाम 'भतेरी' लिखा हुआ है। लेकिन मेरा सही नाम भतेरी देवी है। कृपया इसे ठीक करें।
एपी-6200

**मैं,** संख्या- 15576430एम, रैंक नायक, बलदेव सिंह, पुत्र श्री तरसेम सिंह, निवासी ग्राम तल्लेवाल, तहसील तापा, जिला बरनाला, राज्य पंजाब-148100, भारत, घोषणा करता हूँ कि मेरे पिता का नाम तरसेम सिंह है और उनकी सही जन्मतिथि 7 जुलाई 1962 है, जो मेरे सैन्य रिकॉर्ड में गलती से 24 मार्च 1962 दर्ज है, और मेरी माता का नाम भूपिंदर कौर है और उनकी सही जन्मतिथि 1 जनवरी 1960 है, जो मेरे सैन्य रिकॉर्ड में गलती से 24 मार्च 1966 दर्ज है।
एपी-6196

**बेदखली सूचना**

**मैं,** मनोज कुमार सरीन पुत्र श्री राजिंदर कुमार सरीन निवासी मकान नं. 795, हुडा, सवैटर-25, पार्ट-2, जिला पानीपत, ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री अर्चिका सरीन पत्नी शुभम मेरे कहने सुनने से बाहर है व लडाई झगडा करती है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ हमारा कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा व उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मैं,** सोहन लाल पुत्र स्व. बल्लू राम निवासी 96, आर्य नगर, असंध रोड, पानीपत, ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र शुभम व उसकी पत्नी अर्चिका सरीन मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे हमारा कोई संबंध वास्ता नही रहेगा व उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6201

**खोया और पाया**

आम लोगों को बताया जाता है कि हमारे मकान नंबर 2217 ग्राउंड फ्लोर सेक्टर 64 मोहाली के मेरे ओरिजिनल पेपर्स, जिसमें सेल डीड्स, अलॉटमेंट लेटर, मैप सीवरेज कनेक्शन सर्टिफिकेट, बिजली कनेक्शन वगैरह शामिल हैं, 3-12-2025 को बुड़ैल मार्केट में खो गए हैं। किसी को मिलते है तो कृपा करके इस पते पर भेज दें सचिन गर्ग, मकान नंबर 2217 सेक्टर 64, फेज 10 मोहाली (पंजाब)।
एपी-6194

**अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें**


**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# भविष्य में नरवाना प्रगति के पथ पर सरपट दौड़ता आएगा नजर : कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी

शिक्षा का प्रसार सभ्य समाज एंव राष्ट्र निर्माण के लिए बहुत जरूरी, शिक्षा से जीवन में मिलते है संस्कार, विचार एवं अनुशासन के भाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नरवाना, 13 दिसंबर।** हितेश गर्ग हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि शिक्षा का प्रसार एक सभ्य समाज और मजबूत राष्ट्र निर्माण की बुनियाद है। शिक्षा से व्यक्ति के जीवन में अच्छे संस्कार, सकारात्मक विचार और अनुशासन का भाव पैदा होता है, जो सफलता की रीढ़ साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भौतिक संसाधनों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय अपने बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ऐसा अनमोल रत्न है जो व्यक्ति के जीवन को हमेशा दीप्तिमान बनाए रखता है।

कैबिनेट मंत्री शनिवार को अपने पैतृक गांव स्थित एक निजी विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत ओम नमः शिवाय मंत्र के साथ करते हुए कहा कि जिस प्रकार शिव का नाम सृष्टि के लिए कल्याणकारी है, उसी प्रकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन और समय के प्रति समर्पण की भावना को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि प्रतिस्पर्धा बाद का विषय है, जबकि जीवन मूल्यों का प्रभाव जीवनभर रहता है।

कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी नैतिक जिम्मेदारी है और वे इसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने बताया कि नरवाना में तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, अस्पताल के नए भवन का निर्माण, नए बस अड्डे और रेस्ट हाउस की नई इमारत का कार्य निकट भविष्य में शुरू किया जाएगा। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद नरवाना प्रगति के पथ पर सरपट दौड़ता हुआ नजर आएगा और आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर स्कूली छात्राओं द्वारा बैंड-बाजे और पुष्प वर्षा के साथ कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। आयोजन समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल और पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, जसबीर नैन, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड नरवाना में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 13 दिसंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड नरवाना में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन, नरवाना में संपन्न हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सुलोचना कुंडू ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खंड नरवाना की कुल 104 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना रहा, ताकि वे बच्चों के पोषण, कुपोषण की रोकथाम, प्रारंभिक बाल शिक्षा और समग्र विकास से संबंधित जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान एसएलएमटी द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से पोषण, पढ़ाई तथा दिव्यांगता से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार सही पोषण और प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर सीडीपीओ सुलोचना कुंडू ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में पोषण के साथ-साथ शिक्षा का समन्वय ही उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पहले दिन पंजीकरण एवं प्री-टेस्ट आयोजित किया गया, दूसरे दिन पोस्ट-टेस्ट लिया गया, जबकि अंतिम दिन उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रशिक्षण प्रमाण पत्र डाउनलोड करवाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता, शांति, कृष्ण, ज्योति, विनोद सहित सुपरवाइजर सुमन, ऋतु, कविता व ऋतु का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेसीआई का मोक्ष वाहिनी समर्पण कार्यक्रम आयोजित

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** जेसीआई जींद एवं जेसीआई जींद इण्डस के संयुक्त तत्वावधान में जींद वासियों के लिए एक मोक्ष वाहिनी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मोक्ष वाहिनी का समर्पण समारोह 14 दिसंबर रविवार को सायं 4 बजे राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में आयोजित होगा। इस अवसर पर एक भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें मुख्य भजन गायक के रूप में प्रसिद्ध भजन गायक श्री दिनेश पथिक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के शहर में निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे है। इसी कड़ी में आज अग्रवाल समाज के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल को भी कार्यक्रम का न्योता दिया गया। जेसीआई जींद के अध्यक्ष नवीन गोस्वामी व कोषाध्यक्ष आशु सिंगला ने बताया कि यह पहल समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे शहर की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। इस कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढढा मुख्य अतिथि होंगे वही साथ ही एचपीएससी सदस्य आनन्द शर्मा, नगर परिषद की चैयरमेन अनुराधा सैनी, जेसीआई इंडिया के मंडल अध्यक्ष अमित गोड़ विशिष्ट अतिथि होंगे।

### वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** जय हिंद पब्लिक स्कूल डुडी में शनिवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ आकर्षक मार्च-पास्ट से हुआ। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। विद्यार्थियों ने योग प्रस्तुति, बैलेंस गेम, कबड्डी, खो-खो, बनाना ईटिंग प्रतियोगिता सहित कई रोचक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं ने बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और खेलभावना को मजबूत किया तथा यह संदेश दिया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। स्कूल के प्राचार्य कुलबीर ङ्क्षसह ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा और खेल दोनों मिलकर ही बच्चों को अनुशासित, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बनाते है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा परिसर तालियों की गड?ड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रकार स्पोर्ट्स मीट का यह सफल आयोजन विद्यार्थियों के उत्साह, आत्मविश्वास तथा खेलभावना को प्रोत्साहित करता हुआ एक यादगार दिवस बन गया। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

### बेबी-डे आउट बेबी शो का आयोजन




**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा के डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को 2 वर्ष से 7 वर्ष तक के बच्चों के लिए बेबी-डे आउट बेबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्नों को अपना टैलेंट दिखाने का अवसर मिला। इस आयोजन में विभिन्न गतिविधियों के लिए चार कैटिगरी हल्दी बेबी शो, फैमिली हार्मनी फ्लाइंग सोलो,मास्टर स्ट्रोक रखी गई। नन्हें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे कि कविता पाठ, नृत्य, गायन, श्लोक उच्चारण, रैंप वॉक तथा फैंसी ड्रेस शो में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक रोहित गर्ग ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा प्रतिभा विकसित होती है। आयोजन में नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को लोगों ने बड़े चाव से देखा। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी मासूमियत भरी अदाओं से सभी को अपना दीवाना बना दिया। हेल्दी बेबी शो में क्यूटेस्ट किड, बैस्ट स्माइल और बेस्ट ड्रेस कैटिगरी रखी गई। फैमिली हार्मनी में बच्चे अपने माता-पिता के साथ डांस करते हुए नजर आए। वही मास्टर स्ट्रोक में बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन, गेम एंड फन का आनंद लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या रूबी त्यागी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षण संस्थान और माता-पिता का अहम योगदान होता है। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और एक लकी ड्रा भी निकाला गया। इस अवसर पर स्कूली स्टाफ सहित बच्चों के अभिभावक भी मौजूद थे।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट : 07.25 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 13 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस* के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे *ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन* के तहत सीआईए टोहाना टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 07.25 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। पुलिस टीम द्वारा NDPS Act के अंतर्गत सभी कानूनी प्रक्रियाएं नियमपूर्वक पूरी की गई।

सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दिनांक 12.12.2025 को सीआईए टोहाना की टीम गश्त एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु नरवाना टी-प्वाइंट, टोहाना क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सतीश कुमार उर्फ भज्जी पुत्र पालाराम निवासी वार्ड नंबर 11, किला मोहल्ला, टोहाना नया बाईपास टोहाना पर लोहाखेड़ा की ओर जाने वाली नहर के पुल के पास हेरोइन बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश में खड़ा है।

प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित रूप से नियमानुसार रेड की गई। मौके पर आरोपी को काबू कर उसकी विधिवत तलाशी ली गई, जिसके दौरान उसकी पैंट की जेब से पारदर्शी पाउच में रखी 07.25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद नशीले पदार्थ को सील कर नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया। बरामदगी के उपरांत थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 407 दिनांक 12.12.2025, धारा 21-B, 61, 85 NDPS Act के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा उसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## एस.डी. पब्लिक स्कूल नरवाना में सीबीएसई इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 13 दिसंबर।** एस.डी. पब्लिक स्कूल नरवाना में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 84 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को नवीन शैक्षणिक नीतियों, लैंगिक संवेदनशीलता तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में स्कूल प्राचार्या डॉ. निशा पुण्डीर एवं प्राचार्य डॉ. कृष्ण पाल ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. कृष्ण पाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार नई शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चों को तनावमुक्त वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकती है। उन्होंने हिंदी विषय से संबंधित वर्ण, मात्राओं एवं शब्दों के सही उच्चारण जैसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक बातों को भी अध्यापकों के साथ साझा किया। लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर बोलते हुए डॉ. निशा पुण्डीर ने समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच व्याप्त असमानता पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भी हमारी बेटियां असुरक्षा के भाव के साथ जीवन जीने को मजबूर हैं, जिसके पीछे पुरुष प्रधान समाज और रूढ़िवादी सोच प्रमुख कारण है। इस विषय पर अध्यापकों से भी सुझाव लिए गए और सकारात्मक संवाद किया गया। विद्यालय प्राचार्या अनिता मलिक ने रिसोर्स पर्सन डॉ. कृष्ण पाल एवं डॉ. निशा पुण्डीर का विद्यालय में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई द्वारा आयोजित इस प्रकार के इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम अध्यापकों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होते हैं, जिससे वे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। आधुनिक परिवेश में नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच परस्पर तालमेल और सामंजस्य से शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। प्राचार्या अनिता मलिक ने यह भी कहा कि विद्यालय को नई बुलंदियों तक पहुंचाने और विद्यार्थियों से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने में स्कूल प्रशासन एवं एस.डी.एम. नरवाना श्री जगदीश चंद्र का महत्वपूर्ण योगदान निरंतर मिल रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निश्चित रूप से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## 70 करोड़ पुरुषों की आवाज बनेगा राष्ट्रीय पुरुष आयोगः तेजपाल

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** मानवाधिकार कार्यकर्ता और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर तेजपाल ने राज्यसभा में 'राष्ट्रीय पुरुष आयोग विधेयक, 2025' पेश करने की सराहना की कर सांसद अशोक मित्तल का आभार जताया है। आज यहां जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने बताया कि यह एक ऐतिहासिक कदम है। महिलाओं और पुरुषों को समानता का अधिकार मिले, इसके चलते इसकी जरूरत पिछले कई सालों से महसूस की जा रही थी।राष्ट्रीय पुरुष आयोग विधेयक, 2025 देशभर में सक्रिय पुरुष संगठनों और 70 करोड़ पुरुषों के अधिकार दिलाएगा। लंबे समय से देश में पुरुष भी सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी मुद्दों का सही मंच पर समाधान चाहते हैं। देर से ही सही, सांसद अशोक मित्तल ने पुरुषों के अधिकारों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए समाज में समानता और न्याय के सिद्धांत को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को लेकर इस विधेयक को सदन के पटल पर रखा है। तेजपाल ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन के बाद अब पुरुषों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उचित पहचान और उनके समाधान में मदद मिलेगी।

## सुबह चार बजे लगी दुकान में आग, सारा सामान जला

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 13 दिसंबर।** लाडवा के वार्ड नबर 9 में सुबह चार बजे उस समय दहशत फैल गई, जब एक दुकान में आग लगने से दुकान से धुआं बाहन निकला। आग लगने की सुचना दुकानदार ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। सुचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग से दुकान में रखे कपड़े आदि पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग दुकान से पीछे बने घर तक में पहुंच चुकी थी, जिससे घर की छत तक जल गई। आग लगने के सही कारणों का तो पता नहीं चल पाया, लेकिन दुकानदार के अनुसार आग बिजली के शार्ट-सर्किट से ही लगी है।

दुकानदान सन्नी ने बताया कि वार्ड नंबर 9 में धीमान फर्नीचर के पास उसकी घर के बाहर ही ड्राई क्लीन की दुकान है। शुक्रवार को वह दुकान को अच्छी तरह से बंद करके घर में सोया था। शनिवार सुबह अचानक उनकी दुकान में आग लगने से आग की लपटे व धूंआ निकलता दिखाई दिया। जब तक वह कुछ समझता और फायर ब्रिगेड को सुचित किया आग ने अपना जलवा दिखाते हुए दुकान में ड्राईक्लीन के लिए आए कपड़ों सहित अन्य सामान को जलाकर राख कर दिया। यही नही आग की लपटे दुकान के पीछे बने उसके घर तक पहुंच गई थी और घर की छत तक जल गई। आग से उसको लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है कि वह गरीब दुकानदार है लोगों के कपड़ों पर ड्राईक्लीन व प्रेस करके परिवार का पालन-पौषण कर रहा था। आग लगने से उसका सबकुछ जलकर राख हो गया है।

## हांसी विकास रैली को लेकर हलके के लोगों में जबरदस्त उत्साह

**हांसी (अप्रस)।** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि तोशाम रोड स्थित नई ऑटो मार्केट में आगामी 16 दिसंबर को होने वाली हांसी विकास रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सम्मुख हांसी को जिला बनाने सहित कई बड़ी विकास परियोजनाओं की मांग रखी जाएगी। इस दिन मुख्यमंत्री करोड़ों रुपए लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। विधायक विनोद भयाना ने शनिवार को उक्त जानकारी रैली स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि हांसी विकास रैली को लेकर क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह रैली भीड़ के मामले में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हांसी आगमन पर उनके स्वागत में शहर को सजाया जा रहा है। शहर में कई स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखें ताकि रैली में आने वाले तथा अन्य लोगों को इसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के दौरान डीईओ ने अभिभावकों से किया संवाद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 13 दिसंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने शनिवार को नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित एंट्रेंस परीक्षा के दौरान राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जीटी रोड पानीपत में बच्चों के अभिभावकों के साथ संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की होमवर्क डायरी नियमित रूप से चेक करने तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बच्चों को घर पर न रखें, बल्कि निरंतर विद्यालय भेजना उनकी शैक्षणिक प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

संवाद के दौरान अभिभावकों ने बच्चों के भविष्य को लेकर कई प्रश्न पूछे, जिनका जिला शिक्षा अधिकारी ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री शमहिपाल ढांडा बच्चों की शिक्षा को लेकर अत्यंत गंभीर हैं तथा भविष्य में और अधिक मॉडल संस्कृति स्कूल खोले जाएंगे।

इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर संदीप रतेवाल, प्राचार्य संदीप शर्मा, अनिल रोहिला , रणदीप खोखर सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को एनएमएमएसएस (NMMSS), सुपर 100 तथा मिशन बुनियाद जैसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ बच्चों को दिलाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया।

## शहर में चल रहे की निजी स्कूलों व प्ले स्कूलों ने बनाया फायर सेफ्टी सिस्टम का मजाक

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 13 दिसंबर।** अभी कुछ दिन पहले गोवा के एक नाइट क्लब में जो आग से हादसा हुआ है जिसमें 25 निर्दोष जिंदगियां एक झटके से राख हो गई।इस हादसे में मरने वालों में किसी का भाई, किसी का पति और किसी का पिता रहा होगा उस एक दर्द की दवा शायद ही कहीं मिले। शहर टोहाना में भी शहर में होटल, रेस्टोरेंट व स्कूलों के भवन व निजी अस्पताल व हर गली मोहल्ले में सरेआम चलने वाले प्ले स्कूलों के भवन फायर सेफ्टी सिस्टम अग्निशामक विभाग की एन ओ सी के बिना चल रहे हैं ऐसे प्राइवेट स्कूलों की संख्या शहर मे तो बहुत ही ज्यादा है जिसमें पढ़ने वाले बच्चों की संख्या तो काफी है और यदि अचानक कोई किसी कारण वंश आग लग जाती है तो उसे पर काबू पाने वाले यन्त्र है ही नहीं है यह सब आज से नहीं वर्षो से चल रहा है और इन स्कूलों,मैरिज प्लेस, होटल व अस्पतालों में अग्निशमन विभाग यदि एक बार एन ओ सी जारी कर देता है तो यह 3 साल तक वेध रहती है और 3 साल गुजारने के बाद अक्सर इसकी उलंगना होती है और उल्लंगना होने के बाद इसकी जांच भी नहीं होती कई बड़े-बड़े बने भवनों व स्कूलों और हस्पतालो में आग बुझाने वाले सिलेंडर लगे मिलेंगे पर उनकी रिफिलिंग रजिस्टर्ड हुई बरसो हो चुके हैं अग्नि शमन सेवा के अधिकारी इन सब येंत्रो का तब निरीक्षण करते देखे जाते हैं जब कोई भी अप्रिय घटना घट जाती है कई प्राइवेट स्कूल व प्ले स्कूल वालों के पास तो फायर सेफ्टी सिस्टम का सर्टिफिकेट तक नहीं है और न ही उन्होंने लेना जरूरी समझा है। अग्निशमन विभाग की नियमित जांच के अभाव में इस तरह के उल्लंघन आमतौर पर देखे जा सकते हैं यदि शहर के में चल रहे मैरिज प्लेस, बड़े-बड़े भवनों,निजी स्कूल, प्ले स्कूलों, होटल, रेस्टोरेंट में अचानक छापे या समय-समय पर निरीक्षण के माध्यम से फायर सिस्टम की जांच की जाए तो सभी नियमों की पोल खुलती दिखाई देगी।

## पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की दूसरे चरण की सद्भाव यात्रा संपन्न

### समाज मे विभाजन करने वाली पार्टी है भाजपा, नकारात्मक है राजनीति

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 13 दिसंबर।** पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह की दूसरे चरण की सद्भाव यात्रा शनिवार को संपन्न हो गई। इस दौरान उन्होंने इसराना विधानसभा क्षेत्र के इसराना, कालखा, लोहारी, औसरी, भालसी, मतलौडा व कवि गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होने 14 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी के मुद्दे पर होने वाली रैली में बढ़-चढ़ भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। जिससे लगता है कि चुनाव हो या न हो, कोई फायदा नहीं। लोकतंत्र पर डाका पड़ रहा है।

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने इसराना स्थित चौधरी छोटूराम किसान भवन में किसान मसीहा छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह डूमरखां भी मौजूद रहे।

वहीं, यात्रा के दौरान अपने संबोधन में बृजेंद्र सिंह ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में बंटवारे की राजनीति कर रही है। यह पार्टी कभी भी सबको साथ लेकर नहीं चलती। भाजपा बंटवारे के आधार पर 80-20 की राजनीति करती है। सिर्फ मुसलमानों का विरोध नहीं करती बल्कि हर प्रदेश के हिसाब से 20 प्रतिशत जातियों को अलग छांट लेते हैं। भाजपा की राजनीति नकारात्मक है, यह विभाजन करके राजनीति करने वाली पार्टी है। हालांकि पहले भी धर्म और जाति के आधार पर राजनीति होती रही है लेकिन मकसद कभी भी समाज में बैर पैदा करने का नहीं रहा। लेकिन हरियाणा में भी अब पिछले 11 वर्ष से भाजपा इसी प्रकार की राजनीति कर रही है। अब पिछले कुछ समय से भाजपा के एक विधायक और राज्यसभा सदस्य समाज में जहर पैदा करने का काम कर रहे हैं। ये दोनों वह नेता हैं, जिन्होंने घाट-घाट का पानी पी रखा है। हालांकि भाजपा कभी भी मूलरूप से अपनी पार्टी के नेताओं से इस प्रकार का काम नहीं करवाती, वह दसूरों से करवाती है यानि जो नेता दूसरी पार्टियों से भाजपा में आए हैं। यही काम वर्ष 2014 में एक सांसद से करवाया था। जिसका आजकल यही नहीं पता कि कहां पर है। भाजपा बाद में इन नेताओं को दूध से मक्खी की तरह अलग कर देती है। पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा चाहती है कि घटिया भाषा का जवाब घटिया भाषा से मिले और समाज में बिखराव पैदा हो। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने अनुसूचित जाति को भी बांट दिया। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा का मुकाबला सिर्फ कांग्रेस पार्टी की कर सकती है। बाकी राजनीतिक दल तो अपना खोया हुआ वजूद ढूंढ रहे हैं। उन्होंने सद्भाव यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि यात्रा के दौरान नए-नए कार्यकर्ताओं से मुलाकात का मौका मिला। यात्रा का अगला चरण 18 दिसंबर को बावल विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगा।

# भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए चढ़ाएं ये फूल, बरसेगी विशेष कृपा

सनातन धर्म में पूजा-पाठ का बहुत अधिक महत्व होता है। वहीं किसी भी देवी-देवता की पूजा में फूल अवश्य शामिल होते हैं। पूजा के लिए फूल काफी अहम होते हैं। न सिर्फ पूजा-अर्चना बल्कि धार्मिक अनुष्ठानों में भी फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माना जाता है कि देवी-देवताओं का मस्तक हमेशा फूलों से सुशोफित होता है। वहीं नियमित पूजा के दौरान भी लोग भगवान को फूल अर्पित करते हैं। बता दें कि हर देवता के अपने कुछ पसंदीदा फूल होते हैं। ऐसे में पूजा के दौरान आप देवी-देवताओं की पसंद के फूल चढ़ाकर उन्हें आसानी से प्रसन्न कर सकते हैं। आज हम आपको भगवान विष्णु के प्रिय फूलों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन फूलों से भगवान विष्णु की पूजा करने से उनकी कृपा आप पर हमेशा बनी रहती है। बता दें कि भगवान श्रीहरि विष्णु को चमेली, केतकी, केवड़ा, वैजयंती, कमल, कदम, चंपा, तुलसी के मंजरी और अशोक के फूल बेहद प्रिय हैं। जैसा कि आप भी जानते होंगे कि भगवान विष्णु को तुलसी अत्यधिक प्रिय है। इसीलिए उनकी पूजा में तुलसी के पत्तों को शामिल किया जाता है। उसी तरह भगवान श्रीहरि की विशेष पूजा में तुलसी की मंजरी और पत्ते अर्पित करने से भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं।





**कदंब के फूल:** धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान श्रीहरि विष्णु को कंदब के फूल अत्यधिक प्रिय हैं। मान्यता है कि यदि पूजा के दौरान भगवान विष्णु को कदंब के फूल अर्पित किए जाते हैं तो इससे श्रीहरि जल्दी प्रसन्न होते हैं। मान्यता है कि विष्णु जी को कदंब के फूल अर्पित करने से मृत्यु के बाद व्यक्ति को यमराज की यातनाओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

**तुलसी दल और मंजरी:** जैसा कि आप सभी जानते हैं कि भगवान विष्णु की पूजा में तुलसी का पत्ता चढ़ाया जाता है। क्योंकि बिना तुलसी दल के भगवान विष्णु की पूजा अधूरी मानी जाती है। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि जो व्यक्ति रोजाना कि पूजा में भगवान विष्णु को तुलसी दल और मंजरी अर्पित करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है। लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखें कि रविवार और एकादशी के दिन तुलसी की पत्ती और मंजरी नहीं तोड़ें। बता दें कि भगवान विष्णु को एकादशी के दिन शमी के पत्र और पुष्प चढ़ाने से यमराज के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**कमल:** भगवान श्रीहरि विष्णु की पीला रंग अतिप्रिय है। इसलिए भगवान विष्णु की पूजा के दौरान पीला फूल, पीला प्रसाद आदि अर्पित किया जाता है। इसके अलावा श्रीहरि को कमल, केसरिया और चंपा के फूल चढ़ाने से जीवन-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है। वहीं भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी का गुलाब के फूल अर्पित करने से व्यक्ति को कभी दरिद्रता का सामना नहीं करना पड़ता है।

**सुगंधित पुष्प:** धार्मिक ग्रंथों में बताया गया है कि भगवान विष्णु को खुशबू वाले फूल अधिक पसंद होते हैं। इसलिए भगवान विष्णु की कृपा पाने और उन्हें प्रसन्न करने के लिए उनको सुगंधित फूल अर्पित करें। सुगंधित फूलों में आप श्रीहरि विष्णु को चंपा, चमेली, पारिजात और कमल के फूल अर्पित करने चाहिए। इसके अलावा भगवान विष्णु को अगस्त्य फूल अर्पित करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

# भाईचारे की भावना इंसानों को जोड़े रखती है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

दास को याद है कि कुछ वर्ष पूर्व डेनवर कालोराडो गया और वहां से ट्रेन द्वारा पहाड़ी के शिखर तक गया। वहां पहाड़ी की ऊंचाई पर एक कॉफी शॉप थी जहां कॉफी व अन्य स्नैक्स उपलब्ध थें। कॉफी शॉप के एक कोने में एक बोर्ड पर लिखा हुआ था, 'एक मिनट ऑक्सीजन लेने के इतने डॉलर'। दास ने सोचा यहां स्वांस लेने के लिए एक मिनट ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के इतने डॉलर लिए जा रहे हैं, उस ऑक्सीजन के लिए जो मानव को जिन्दा व सुविधाजनक स्थिति में रखने के लिए जरुरी है। दास को तत्काल परमात्मा के अनुग्रह का ध्यान आया कि परमात्मा हमें ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के प्रति कितना उदार है और हमें निःशुल्क इसे उपलब्ध करा रहा है।

परमात्मा किस प्रकार हमारा पक्ष ले रहा है लेकिन इन्सान प्रायः जिस प्रकार अपने जीवन का मूल्य नहीं डालते, उसी प्रकार ये प्रभु की कृपा के प्रति भी शुक्रगुजार नहीं हैं। यही नहीं ये अकृतज्ञता भाव की ओर अग्रसर रहते हैं और दूसरों की भावनाओं के प्रति नाशुकराने वाला रवैया ही अपनाए रखते हैं।

इस प्रकार से इन्सान ऐसी भावनाओं से युक्त होकर विचरण करते हैं, ज़रा भी कदर नहीं करते कि मालिक ने कितने अमोलक स्वांस दिए हैं। दिन में हज़ारों बार हम स्वांस लेते हैं। लेकिन हमने इन स्वासों की क्या कदर की? कहने का भाव यही है कि महापुरुषों-सन्तों ने इस प्रकार से जो ये सन्देश दिए हैं उनका एक महत्व है। उस सन्देश को केवल सन्देश तक न रखते हुए हमने भी विचार करना है कि हमारे जीवन की यात्रा तय हो रही है, एक-एक पल हमारे हाथों से छिनता चला जा रहा है। एक पल जो बीत गया, वो लौट कर आता नहीं है तो हम समय की संभाल करें। अपने आपको संभाल कर और औरों को संभाल करके, हम इस समय की कदर करें, इस समय की संभाल करें। दुनिया में किस तरह से चारों तरफ हमें ये हालात देखने को मिल रहे हैं, ये किसी से दिपे नहीं हैं। इन्सान की चाल हमारे सामने है, किस तरह से यह जीवन को जी रहा है यह हमारे सामने है।

यहां इस समागम में Oneness का जिक्र हो रहा है, एकत्व का ज़्क्रि हो रहा है, भाईचारे का जिक्र हो रहा है, सद्भाव का जिक्र हो रहा है। लगातार सद्भाव की, मिलवर्तन, भाईचारे की बात रखी जा रही है । मानवता में भाईचारे की भावना इन्सानों को जोड़े रखती है। इस तरह से यह एक ऐसा नाता है जो हमें एक दूसरे से जोड़ता है और फिर हम जुड़ कर जीवन जीते हैं।




## नोकरियां यहां देखें

**टेरिटोरियल आर्मी रैली सिपाही के**
कुल पदः 1529
आवेदन की अंतिम तिथिः 14 दिसंबर, 2025
योग्यताः आठवीं दसवीं, बारहवीं पास
आयु सीमाः 18 से 45 साल
करें आवेदनः
territorial army.in

**महाराष्ट्र प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पदः 290
आवेदन की अंतिम तिथिः 19 जनवरी, 2026
योग्यताः 10वीं पास, डिप्लोमा, यूजी
आयु सीमाः अधिकतम 45 साल
करें आवेदनः
mjp.maharashtra.gov.in

**हिंदुस्तान कॉपर में जूनियर मैनेजर के**
कुल पदः 64
आवेदन की अंतिम तिथिः 17 दिसंबर, 2025
योग्यताः बीई ,बीटेक व अन्य
आयु सीमा अधिकतमः 40 साल
आवेदन करें :
hindustancopper.com

**ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी के**
कुल पदः 300
आवेदन की अंतिम तिथिः- 15 दिसंबर, 2025
योग्यताः यूजी
आयु सीमाः 21 से 30 साल
करें आवेदनः
orientalinsurance.org.in

**DGCA में ड्यूटी डायरेक्टर के**
कुल पदः 116
आवेदन की अंतिम तिथिः 18 दिसंबर, 2025
योग्यताः यूजी, पीजी
आयु सीमाः अधिकतम 56 साल
करें आवेदनः
dgca.gov.in

**यूपीएससी द्वारा विज्ञापित जियोग्राफिकल इंडिकेशन के**
कुल पदः102
अंतिम तिथिः 1 जनवरी 2026
आयु सीमाः 21 से 35 साल
करें आवेदनः
upsconline.nic.in

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
arthparkash.com देखें

# सोनीपत में 15 को होगा मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम 2.0 का शुभारंभ



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा में सुशासन को नई गति और दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम 2.0 का शुभारंभ 15 दिसंबर को सोनीपत में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्यभर में सुशासन को मजबूत बनाने और सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के विज़न को नई ऊर्जा मिलेगी।


उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार 27 सुशासन सहयोगी कार्यक्रम से जुड़कर सभी जिलों में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस एसोसिएट्स 2.0 कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री के डीपीएस यशपाल यादव, आईएएस को प्रोजेक्ट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में इस वर्ष ग्लोबल विलेज फाउंडेशन एवं ऋषिहुड विश्वविद्यालय पार्टनर संस्थाओं के रूप में सहयोग करेंगे।

उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2016 में ष्ट्स्न्नव्र कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसने राज्य में सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम दिए। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसके तहत नए सहयोगी पूरे हरियाणा में सुशासन की पहल को जमीन पर लागू करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाना, नवाचार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना और नागरिक-केंद्रित शासन को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम हरियाणा के सुशासन मॉडल को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। उपायुक्त सुशील सारवान ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ऋषिहुड यूनिवर्सिटी का दौरा किया।

# अच्छा भाव दूसरों के प्रति दयालुता और संवेदनशीलता सिखाता है: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। अच्छे भाव से चित्त में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे आप किसी भी काम को ऊर्जावान और सकारात्मक मन से करते हैं। निस्वार्थ भाव से किए गए कार्य या दूसरों की मदद करने से गहरा आत्म-संतोष और मानसिक शांति मिलती है, जो बेहतर प्रदर्शन की नींव है। यह दूसरों के प्रति दयालुता और संवेदनशीलता सिखाता है, जिससे आपके पेशेवर और व्यक्तिगत संबंध मजबूत होते हैं, और लोग सहयोग करने के लिए तैयार रहते हैं। जब आप अच्छे भाव में होते हैं, तो आप समस्याओं को बाधा की बजाय सीखने के अवसर के रूप में देखते हैं, जिससे आप हर मुश्किल काम में भी समाधान ढूंढ पाते हैं। सेवा भाव से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनती है और आप समाज का हिस्सा महसूस करते हैं, जो आपको और भी जिम्मेदार और सक्षम बनाता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे रविवारी सभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीसंत ने आगे कहा हम देखते हैं कि सभी विभिन्न प्रणालियां अंत में उसी एक लक्ष्य पूर्ण एकता में पहुंचती हैं। हम आरंभ में द्वैतवादी ही रहते हैं। मनुष्य अपने जीवन के सभी संबंधों को उदाहरणार्थ, माता, पिता, मित्र, प्रेमी को ईश्वर के प्रति अपनाता जाता है। वह स्वयं यह सब बनता जाता है और अंतिम अवस्था में वह अपने उपास्य के साथ एक हो जाता है। आरंभ में वह आत्मा के प्रति प्रेम था, पर क्षुद्र आत्मीयता के भाव ने उस प्रेम को स्वार्थमय बना दिया था और अंत में जब प्रकाश की पूर्ण प्रखरता का आविर्भाव हुआ, उस समय उस आत्मा ने अनंत का रूप ले लिया। जहां से हम आरंभ करते हैं, वहीं पर अंत भी होता है। मनुष्य का भी रूपांतरण हो गया। जिन व्यर्थ की वासनाओं से पहले वह पूर्ण था, उन सभी वासनाओं को दूर करता गया। अपने प्रति अच्छा भाव आपको अपने अन्य कामों में भी बेहतर प्रदर्शन का मौका देता है। अपने प्रति अच्छा महसूस करने पर हम शांति और सकारात्मकता के साथ अपने कामों को पूरा कर पाते हैं।

### व्यक्ति को फेस नही है विचारो से पहचाईएः अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने फरमाया हमारी समस्याओं, तनावों और चिंताओं का हल तभी निकल सकता है जबकि हम खुद से प्यार करें। तभी हम अपने को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। अपने को समझे बिना और अपनी खूबियों के एहसास के बिना कोई भी व्यक्ति आनंद की अवस्था में नहीं पहुंचता है। जब आप अपनी जरूरतों को जान लेते हैं तो ज्यादा बेहतर काम कर पाते हैं। यह अपने सहारे संसार को बदलने का प्रयास भी है। अपने सपनों को आप प्राथमिकता देते हैं और वे ही चीजें करते हैं जो आपको प्रेरित करती हैं और अच्छा महसूस करने में मदद करती हैं।

## पंचांग

शनिवार, 13 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:05 ए एम, सूर्यास्तः 05:26 पी एम, चन्द्रोदयः 01:57 ए एम, दिसम्बर 14, चन्द्रास्तः 01:07 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः नवमी - 04:37 पी एम तक, नक्षत्रः हस्त - पूर्ण रात्रि तक, योगः आयुष्मान् - 11:17 ए एम तक, करणः गर - 04:37 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 05:40 ए एम, दिसम्बर , सूर्य राशिः वृश्चिक, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 09:40 ए एम से 10:58 ए एम, गुलिक कालः 07:05 ए एम से 08:23 ए एम, यमगण्डः 01:33 पी एम से 02:51 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:55 ए एम से 12:36 पी एम, दुर्मुहूर्तः 07:05 ए एम से 07:46 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:46 ए एम से 08:28 ए एम, अमृत कालः 01:41 ए एम, दिसम्बर 14 से 03:27 ए एम, दिसम्बर 14

## भविष्य फल



**मेषः** बहुत ज्यादा मानसिक दबाव और थकान परेशानी की वजह बन सकता है। सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें।

**वृषः** आप जो भी काम करना चाहेंगे वो आपके मन- मुताबिक पूरे होंगे। साथ ही नये व्यापार में लाभ मिलने के भी चांस बन रहे है।

**मिथुनः** खास मामलों में फैसले करना कठिन होगा। कामकाज में मन कम लगेगा। कोई न कोई चिंता भी रहेगी।

**कर्कः** लंबी यात्राओं से बचने की कोशिश कीजिए। आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें।

**सिंहः** मेहनत से आगो बढ़ें। आज आप दूसरों की जितनी मदद करेगें, उसका दोगुना प्रतिफल आपको भविष्य में मिलेगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र में पदोन्नति के योग बन रहे हैं। बिजनेस में धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज प्रेमी और जीवनसाथी ही आपकी बड़ी ताकत होगा।

**तुलाः** जल्दबाजी में निवेश न करें अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिकः** आज आपका उदार भाव लोगों को काफी प्रभावित करेगा। लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। नयी योजना बना सकते है, धनलाभ के योग बन रहे हैं।

**धनुः** निचले वर्ग के लोगों से मदद और फायदा मिल सकता है। बिजनेस में नई योजनाएं सामने आ सकती हैं।

**मकरः** सकारात्मक सोच के जरिए इस समस्या से निजात पाएं। किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी, हालाँकि आपके खर्चे बढ़ सकते हैं।

**कुंभः** ऑफिस में आज उलझे हुए मामले क्लीयर हो जायेंगे। आज आपको कार्यक्षमता के आधार पर सफलता मिलेगी।

**मीनः** आपके कामकाज में या उनको करने के तरीकों में थोड़ा बदलाव आ सकता है। नौकरी और बिजनेस में मन कम लगेगा।

### स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में उठाया सवाल, कहा-

# करनाल-फरीदाबाद में 577 करोड़ की 22 परियोजनाएं अब भी अधूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। लोकसभा में स्मार्ट सिटी मिशन की धीमी प्रगति पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि मिशन के तहत करनाल और फरीदाबाद में 577 करोड़ रुपये की 22 परियोजनाएं अभी भी अधूरी पड़ी है, जबकि इनकी तय समयसीमा दिसंबर 2025 रखी गई थी।

सांसद कुमारी सैलजा की ओर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री टोक्हान साहू ने स्वीकार किया कि दोनों शहरों में कुल 161 परियोजनाएं स्वीकृत थीं, जिनकी लागत 2,136 करोड़ रुपये है। इनमें से 139 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, और अब तक 1,559 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। शेष 22 परियोजनाए लगभग 577 करोड़ रुपये की निर्माणाधीन हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि करनाल और फरीदाबाद ने मिलकर 980 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का दावा किया था, जिनमें से 921 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है। मंत्रालय ने दोनों शहरों की एसपीवी कंपनियों को सलाह दी है कि सभी परियोजनाएं दिसंबर 2025 तक हर हाल में पूरी कर ली जाएं।



मंत्री की ओर से जवाब में कहा गया है कि करनाल में कुल 117 परियोजनाए स्वीकृत थीं, जिनमें से 105 परियोजनाएँ (801 करोड़ रुपये) पूरी हो चुकी हैं, जबकि 12 परियोजनाएं (406 करोड़ रुपये) अब भी लंबित हैं। करनाल अभी तक अपनी 59 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का उपयोग नहीं कर पाया है। फरीदाबाद में 44 में से 34 परियोजनाएं (758 करोड़ रुपये) पूरी हुई हैं, जबकि 10 परियोजनाएं (171 करोड़ रुपये) निर्माणाधीन हैं। सांसद सैलजा ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी का मतलब केवल फंड जारी करना नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध जनहितकारी विकास सुनिश्चित करना होता है। भाजपा सरकार की नीतियों ने इस मिशन को अधूरे प्रोजेक्ट्स और अनुत्तरित सवालों तक सीमित कर दिया है। सैलजा ने केंद्र से पूछा कि जब स्मार्ट सिटी जैसे महत्वपूर्ण शहरी विकास कार्यक्रम में इतनी अधिक देरी हो रही है, तो समयसीमा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में भव्य एलुमनाई मीट, पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव



अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्य रोहित कुमार के कुशल नेतृत्व में 13 दिसंबर 2025 को एक शानदार और यादगार एलुमनाई मीट का आयोजन किया। अलग-अलग बैच के पूर्व छात्रों ने उत्साह से भाग लिया और अपनी पढ़ाई के सफर, प्रोफेशनल उपलब्धियों और ज़िंदगी के कीमती अनुभवों को शेयर किया, जो मौजूदा छात्रों के लिए बहुत प्रेरणादायक साबित हुआ।

कार्यक्रम का सफल आयोजन कन्वीनर संजीव अग्रवाल ने फैकल्टी सदस्यों डॉ. सुमन लता, डॉ रीमा संधू, डॉ. गौरी, डॉ. सोनिया दुआ, डॉ. सपना गुप्ता, डॉ. सपना सैनी के साथ-साथ टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के समर्पित सहयोग से किया। मीटिंग के दौरान, एलुमनाई एसोसिएशन का औपचारिक रूप से गठन किया गया, जिसमें मोहित गुप्ता को अध्यक्ष, नरेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष, जसपाल को महासचिव और साहब सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अजय वालिया, जितेंद्र ग्रेवाल और विनोद नेगी को सदस्य बनाया गया, जबकि डॉ. देवेंद्र ढींगरा और देवेंद्र सिंह (वकील) को सलाहकार समिति में नॉमिनेट किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. देवेंद्र ढींगरा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

इसी मौके पर, कॉलेज ने बाइनरी एक्रेडिटेशन पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का भी आयोजन किया। यह लेक्चर डॉ. विनोद मलिक, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिफेंस स्टडीज विभाग, गवर्नमेंट कॉलेज, खरखौदा, और IQAC कोऑर्डिनेटर और ह्रष्ट प्रोग्राम मेंटर ने दिया। डॉ. मलिक ने बाइनरी एक्रेडिटेशन की अवधारणा, फ्रेमवर्क और महत्व के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें ह्रष्ट मूल्यांकन प्रक्रिया में मुख्य मापदंडों, डॉक्यूमेंटेशन की ज़रूरतों और बेहतरीन तरीकों पर ज़ोर दिया गया। यह सेशन फैकल्टी सदस्यों और ढ्ढन्नष्ट स्टेकहोल्डर्स के लिए बहुत जानकारी भरा रहा, जिसमें एक्रेडिटेशन प्रक्रियाओं से संबंधित सवालों पर सक्रिय बातचीत और स्पष्टीकरण हुआ, जिससे उच्च शिक्षा में गुणवत्ता मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ी।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा परिवार व ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक तथा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्त्वावधान में 'भारतीय भाषा परिवार- भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयाम' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय भाषाओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उनके आपसी संबंध, सांस्कृतिक महत्व तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर सार्थक और गहन विमर्श करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकल कोऑर्डिनेटर डॉ. जगदीश भारद्वाज के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए संगोष्ठी के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान की संवाहक हैं, जिनका संरक्षण और संवर्धन समय की आवश्यकता है।



संगोष्ठी के मुख्य सत्र में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी. एम. यादव ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्षों से समाज को दिशा देती आ रही है। वेद, उपनिषद, पुराण, दर्शन, आयुर्वेद, गणित, खगोल विज्ञान और भाषाशास्त्र जैसे क्षेत्रों में निहित ज्ञान आज भी मानव जीवन के लिए उतना ही उपयोगी है। डॉ. यादव ने विश्वविद्यालयों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे इस ज्ञान को केवल संरक्षित न रखें, बल्कि शोध, नवाचार और आधुनिक संदर्भों के साथ इसे नई पीढ़ी तक सरल और व्यावहारिक रूप में पहुंचाएं।

भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के शैक्षिक सलाहकार डॉ. पुरनेंदु बिकाश देबनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में भारतीय भाषाओं की भूमिका पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी भारतीय भाषाओं को समान महत्व देना और उन्हें शिक्षा के मुख्य प्रवाह से जोड़ना है। उन्होंने भाषाई विविधता को राष्ट्रीय एकता का सशक्त आधार बताया। इसी क्रम में शैक्षिक सलाहकार डॉ. सायंतन मित्रा ने कहा कि भाषा ज्ञान, संस्कृति और संचार का सबसे प्रभावी माध्यम है। भारत की भाषाई विविधता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, जो देश को और अधिक समृद्ध बनाती है।

# कुंडली में महिला हत्याकांड का 5 हजार का ईनामी दूसरा आरोपी गिरफ्तार

कुंडली (अप्रस)। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह आईपीएस, एडीजीपी के कुशल मार्गदर्शन मे जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने चाकू मारकर महिला की हत्या करने की घटना में संलिप्त पाँच हजार रूपये के ईनामी अति वांछित दुसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रुबाश उर्फ आदित्य उर्फ सन्नी पुत्र ज्ञानीराम निवासी मुज्जफरपुर बिहार का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 04 नवम्बर 2024 को सोनू पुत्र रामगोपाल निवासी शिवपुरी कालोनी कुँण्डली जिला सोनीपत ने थाना कुण्डली में शिकायत दी की 3.11.2024 को समय करीब 10.15/10.30 पर मै अपनी परचुन की दुकान पर सामान बेच रहा था कि उसी समय एक महिला नीलकंठ कांटे की तरफ से आई और मेरी दुकान के पास गिर गई मैने पुछा कि क्या हुआ उसने बताया कि मुझे मेरे पति ने चाकु मार दिए है फिर वह बेहोश हो गई मैने 112 पर काल की जो 112 की गाडी आई और मैने मदद करके उस औरत को 112 की गाडी मे रखवा दिया जो मुझे आज पता चला है कि उस औरत की मृत्यु हो चुकी है। इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओं के तहत थाना कुण्डली में अभियोग दर्ज किया गया था। उपरोक्त आरोपी पर माननीय पुलिस आयुक्त सोनीपत नें 03 दिसम्बर 2025 को पाँच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। अनुसन्धान टीम ने घटना में संलिप्त आरोपी अमोद पुत्र गणेश निवासी मुज्जफरपुर बिहार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त पाँच हजार रूपये के ईनामी अति वांछित दुसरे आरोपी रुबाश उर्फ आदित्य उर्फ सन्नी पुत्र ज्ञानीराम निवासी मुज्जफरपुर बिहार किया है।





पैरी हत्याकांड के मामले में यूटी पुलिस को बड़ी कामयाबी

# शूटरों को पनाह देने और हथियार मुहैया करवाने वाले लॉरेंश गिरोह के सदस्य काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 13 दिसंबर।** यूटी पुलिस ने शूटरों को पनाह देने और हथियार मुहैया करवाने वाले लारेंश बिश्नोई गिरोह के सदस्य को पुलिस ने श्मशानघाट के पास गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लुधियाना निवासी 35 वर्षीय सन्नी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को श्मशान घाट खरड़ के पास से गिरफ़्तार किया है। आरोपी मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

पूछताछ में पता चला कि सन्नी ने लारेश बिश्नोई के कहने पर पैरी की हत्या करने वाल शूटर पीयूष और अंकुश को अपने लुधियाना स्थित गांव में ठहराया था। इसके अलावा उसने पैरी की हत्या में इस्तोमल पिस्टल पीयूष और अंकुश को मुहैया करवाई थे। एक दिसंबर तक दोनों हत्यारे सन्नी के घर पर ठहरे थे। जांच में पता चला कि सन्नी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत चार केस दर्ज हो रखे है। वह कई बार जेल जा चुका है। लारेश बिश्नोई गिरोह से सन्नी काफी समय से जुटा हुआ है।इससे पहले पुलिस की टीम ने हत्यारे पीयूष और अंकुश को मुहैया को करेटा गाड़ी देने वाले आरोपी राहुल को खरड़ से गिरफ्तार किया था। राहुल ने ही हत्यारों को लुधियाना जाकर गाड़ी दी थी। पूछताछ में उसने बताया था कि गाड़ी लारेश बिश्नोई और हैरी बाक्सर के कहने पर गाड़ी मुहैया करवाई थी।

### क्या था मामला

दो दिसंबर को सैक्टर 33 निवासी इंद्रप्रीत सिंह पैरी की हत्या टिंबर मार्केट में लारेश बिश्नोई ने करवाई थी। लारेंश बिश्नोई से बात करवाने के लिए आरोपी पीयूष की गाड़ी में बैठकर इंद्रप्रीत सिंह को सैक्टर 26 टिंबर मार्केट ले गया था। वहां पर सात गोली मारने के बाद अंकुश के साथ करेटा गाड़ी से फरार हो गया था। पंचकूला में गाड़ी छोड?र दोनों पैदल ही फरार हो गए थे। सैक्टर 26 थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। पैरी की हत्या की जिम्मेवारी लारेश बिश्नोई गिरोह के सदस्य हैरी बाक्सर ने ली थी। हत्या के पीछे सिप्पा मर्डर की रंजिश बताई जा रही थी। हत्या के बाद गोल्डी बराड़ और हैरी बाक्सर ने आडियो जारी कर एक दूसरे को मारने की धमकी दी थी।

## राज्य अध्यक्ष डॉ. हरीश झंडाई को हरियाणा की टीम ने किया सम्मानित

**कैथल (अप्रस)।** हरियाणा की टीम ने प्रांत अध्यक्ष डॉ. हरीश झंडाई से उनके निवास पर भेंट कर उनका सम्मान किया। यह मुलाकात टीम प्रमुख राजेश कुमारी सिंगला द्वारा सतपाल गुप्ता के नेतृत्व में की गई जिसमें पवन शर्मा एडवोकेट, राजकुमार गर्ग सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। टीम के सदस्यों ने संगठनात्मक गतिविधियों, हरियाणा में संगठन विस्तार एवं आगामी योजनाओं को लेकर डॉ. झंडाई से महत्वपूर्ण बातचीत की। राजेश कुमारी सिंगला ने बताया कि उनके प्रयासों से हरियाणा के विभिन्न जिलों में संगठन की मजबूत टीम खड़ी हो रही है और सदस्य सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। टीम ने बताया कि डॉ. झंडाई इन दिनों स्वास्थ्य कारणों से बाहर नहीं जा पा रहे, इसलिए संगठन मर्यादा का पालन करते हुए पूरी टीम स्वयं उनके घर पहुंची। टीम के सम्मान और आत्मीय भेंट से डॉ. झंडाई भावुक हुए और प्रदेशभर में संगठन को एकजुट करने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# अम्बाला रोड पर एंटी-तंबाकू अभियान स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** एसडीएम डेराबस्सी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अम्बाला रोड पर एंटी-तंबाकू अभियान चलाते हुए सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान टीम ने तंबाकू उत्पाद बेचने वाले 4 खोखे जब्त किए और नियमों का उल्लंघन करने पर 5 चालान काटे। कुल 1000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें से दो चालान सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट पीते पकड़े गए व्यक्तियों के थे, जिन्हें मौके पर ही जुर्माना भरना पड़ा।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि इलाके में खुलेआम तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के चलते अभियान चलाया गया ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। टीम ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि आगे से नाबालिगों को किसी भी तरह का तंबाकू उत्पाद बेचना सख़्त मना है और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग के इंस्पेक्टर लखविंदर सिंह, जतिंदर सिंह, पंकज पट्टी, हरविंदर सिंह के अलावा नगर परिषद जीरकपुर की टीम भी मौजूद रही। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे निरीक्षण आगे भी समय-समय पर किए जाएंगे ताकि सार्वजनिक स्थानों को धूम्रपान मुक्त बनाया जा सके और लोगों की सेहत को होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

# शादी में शगुन का लिफाफा चोरी कर भागे चोर

पंचकूला पुलिस ने 72 घंटे में आरोपी किया ट्रेस, कैश बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 13 दिसंबर।** पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने विवाह कार्यक्रम में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए शगुन में मिले पैसो को लेकर फरार हुए आरोपी चोर को 72 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार शिकायतकर्ता मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है और वर्तमान में जीरकपुर में किराये पर रहता है। शिकायतकर्ता की शादी 6 दिसंबर को पंचकूला के सेक्टर-12ए स्थित परशुराम भवन में आयोजित की गई थी, जहां शादी समारोह के दौरान रिश्तेदारों द्वारा शगुन की राशि दी जा रही थी। इसी दौरान शगुन के लिफाफे स्टेज पर रख दिए गए, जिनमें करीब 40 हजार रुपये नकद थे। समारोह की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए एक युवक मौके से शगुन का लिफाफा लेकर फरार हो गया।

शादी कार्यक्रम में अत्यधिक व्यस्तता होने के कारण पीड़ित परिवार तुरंत पुलिस को सूचना नहीं दे सका और बाद में 9 दिसंबर को सेक्टर-14 थाना में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई गई। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-14 में चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि हमारी क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर 12 दिसंबर को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई, जो जालंधर, पंजाब तथा वर्तमान में मौली जांगरा, चंडीगढ़ में किराये पर रह रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया है कि इस चोरी की वारदात में एक अन्य आरोपी भी शामिल है। हमारी टीम द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है और उसकी गिरफ्तारी के बाद शेष चोरी की गई राशि भी बरामद की जाएगी। मामले में जांच जारी है।










# मंत्री श्रुति चौधरी ने तोशाम के विकास एवं बाढ़ से संबंधित कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 13 दिसंबर।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने तोशाम खंड के विकास एवं बाढ़ से संबंधित कार्यों को लेकर आज सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में तोशाम क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के कारण, बाढ़ के पानी की कोई प्राकृतिक निकासी नहीं है, और जल निकासी विशेष रूप से भिवानी-धम्गर ड्रेन के माध्यम से की जाती है। वर्ष 2024 के दौरान तोशाम ब्लॉक का कोई भी गांव बाढ़ से प्रभावित नहीं हुआ था। हालांकि, वर्ष 2025 के दौरान 9 सितंबर 2025 तक, 10 गांवों में 3,525 एकड़ भूमि बाढ़ से प्रभावित हुई थी, जिसमें 2 से 2.5 फीट तक जलभराव था।

सिंचाई विभाग के निरंतर प्रयासों से, बाढ़ के पानी को प्रभावित क्षेत्रों से काफी हद तक हटा दिया गया है, और 12 दिसम्बर, 2025 तक तीन गांवों में केवल 65 एकड़ जिसमे गांव खिरासा में 05 एकड़, गांव डांग कलां में 20 एकड़ और गांव सांगबान में 40 एकड़ भूमि प्रभावित रही। शेष 65 एकड़ से बाढ़ का पानी भी पूरी तरह से निकाल दिया जाएगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान गांव दांग कलां, भानगढ़, मानसरवास, सिमलीवास, लेघां भानान, लोहानी, ढाणी शंकर, लहलहाना, गोलागढ़, आसलबास, जुई खुर्द आदि में बाढ़ से संबंधित कार्यों पर 19.05 करोड़ रूपये की राशि व्यय की गई।









अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)


# आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इकोनॉमिक ड्राइवर बनने की ओर: योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश, देश के एक बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। इस दिशा में देश के सबसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में शामिल आईआईटी कानपुर अपनी एक सशक्त भूमिका निभा रहा है। आईआईटी कानपुर अब केवल शिक्षा और रिसर्च तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह देश के आर्थिक भविष्य को दिशा देने वाला एक मजबूत स्टार्टअप हब बनकर उभर रहा है। यहां स्थित स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) में इस समय 521 स्टार्टअप अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ देश-प्रदेश के इकनोमिक ड्राईवर के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना रहे हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश को नवाचार की नई राजधानी के रूप में स्थापित करने का काम कर रहे हैं। आईआईटी कानपुर में औद्योगिक एवं प्रबंधन इंजीनियरिंग विभाग एवं डिज़ाइन प्रोग्राम और एसआईआईसी के इंचार्ज प्रोफेसर दीपू फिलिप का कहना है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार स्टार्टअप को लेकर बहुत कुछ कर रही है। आने वाले समय में यह प्रदेश स्टार्टअप का बड़ा केंद्र होगा।

आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इकोसिस्टम को उत्तर प्रदेश सरकार का सीधा और रणनीतिक सहयोग मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की स्टार्टअप फ्रेंडली नीतियों, आसान फंडिंग व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते यहां इनोवेशन को तेज गति मिली है। सरकार और संस्थान की साझेदारी ने आईआईटी कानपुर को ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है जहां आइडिया (विचार) सीधे इंडस्ट्री और बाजार से जुड़ रहा है।

आईआईटी कानपुर आज देश का इकलौता ऐसा इनक्यूबेटर सेंटर है जो केवल स्टार्टअप को जगह और संसाधन ही नहीं देता, बल्कि खुद एक



मेंटर की भूमिका निभाता है। प्रोफेसर दीपू फिलिप का कहना है कि यहां के स्टार्टअप को आगे बढाने के लिए एक फैकल्टी मेम्बर को मेंटर बनाया जाता है। स्टार्टअप को तकनीकी मार्गदर्शन, बिजनेस मॉडलिंग, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, मार्केट एक्सेस और निवेशकों से जुड़ने तक का पूरा इकोसिस्टम उपलब्ध कराया जाता है। यही वजह है कि यहां के स्टार्टअप शुरुआती चरण में ही मजबूत आधार के साथ आगे बढ़ते हैं।

खास बात यह है कि आईआईटी कानपुर के इनक्यूबेशन सेंटर में मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्शन से जुड़े स्टार्टअप्स को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप यहां सेमीकंडक्टर, एआई, हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस प्रोडक्शन, ड्रोन, एग्री टेक, क्लीन एनर्जी, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े आइडिया को बड़े बिजनेस का रूप दिया जा रहा है। कई स्टार्टअप आज हजारों करोड़ रुपये के बाजार को टारगेट कर रहे हैं और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आईआईटी कानपुर कैम्पस में स्थित ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित स्टार्टअप द्वारा निर्मित ड्रोन का उपयोग ऑपरेशन सिन्दूर में किया गया था। कोविड-19 के दौरान भी यहाँ के स्टार्टअप ने बड़ी भूमिका निभाई थी।

प्रोफेसर दीपू फिलिप बताते है कि आईआईटी कानपुर का इनक्यूबेटर किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। देश के किसी भी कोने से आने वाला स्टार्टअप यहां आवेदन कर सकता है। चयन पूरी तरह आइडिया की गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और बिजनेस संभावनाओं के आधार पर होता है। यही कारण है कि आईआईटी कानपुर का स्टार्टअप नेटवर्क आज राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान बना चुका है, लेकिन इसका सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिल रहा है।

# जनवरी में योगी लॉन्च करेंगे उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय


**लखनऊ।** वायु प्रदूषण की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी माह जनवरी 2026 में उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना (यूपीसीएएमपी) का शुभारंभ करेंगे।

इस परियोजना के शासी निकाय की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव करेंगे, जबकि प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव सदस्य के रूप में नामित होंगे।

वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से निपटने के उद्देश्य से योगी सरकार विश्व बैंक के सहयोग से यूपीसीएएमपी परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में यूपीसीएएमपी प्राधिकरण के शासी निकाय की दूसरी बैठक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परियोजना के कार्यान्वयन से जुड़े सभी आवश्यक कदमों की समयबद्ध प्रगति की अद्यतन जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए।

इस परियोजना को लेकर बीते 3 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए), विश्व बैंक और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच परियोजना वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। इसके पश्चात 10 दिसंबर 2025 को विश्व बैंक के निदेशक मंडल द्वारा परियोजना को औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई। शासी निकाय को परियोजना की संरचना, वित्तपोषण व्यवस्था और विशेष प्रयोजन वाहन के रूप में गठित यूपीसीएएमपी प्राधिकरण के माध्यम से कार्यान्वयन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। यूपीसीएएमपी भारत की अपनी तरह की पहली वायुक्षेत्र-आधारित वायु गुणवत्ता प्रबंधन परियोजना है, जिसे इंडो-गंगा के मैदानों में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों को लक्षित करते हुए एक बहु-क्षेत्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित किया गया है। यह परियोजना विश्व बैंक द्वारा आईआईटी कानपुर,आईआईटज्ञ दिल्ली और नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट फॉर एयर रिसर्च जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से किए गए व्यापक वैज्ञानिक अध्ययनों पर आधारित है। यूपीसीएएमपी का कुल परिव्यय 304.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें 299.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण (लगभग 46,188 करोड़ येन के बराबर) और 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल है। इस परियोजना को वर्ष 2025 से 2031 तक छह वर्षों की अवधि में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। परियोजना उद्योग, परिवहन, कृषि, सड़क की धूल, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ खाना पकाने जैसे प्राथमिक क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिससे उत्सर्जन में कमी के लिए एक समन्वित और प्रभावी रणनीति अपनाई जा सके। इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य वायुक्षेत्र आधारित वायु गुणवत्ता प्रबंधन को सुदृढ़ करना और विभिन्न क्षेत्रों में उत्सर्जन को कम करना है। इसके तहत लगभग 39 लाख परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने के समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर में 15,000 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर और 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा दिया जाएगा, जबकि 13,500 प्रदूषणकारी भारी वाहनों के प्रतिस्थापन के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। कृषि और पशुधन प्रबंधन के क्षेत्र में परियोजना के अंतर्गत पोषक तत्व उपयोग दक्षता प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए खेतों में नाइट्रोजन निगरानी प्रणालियों की तैनाती, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करना, तथा खाद आधारित उर्वरकों और बायोगैस स्लरी के मानकीकृत उपयोग के माध्यम से पशुधन अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा।

# ट्रेन संख्या 19224/19223 में एलएचबी कोचों का शुभारंभ




अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू। जम्मू मंडल अपने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा की प्राथमिकता को सर्वोपरि मानता हैं, इसी प्राथमिकता के आधार पर एक बार फिर यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव करवाते हुए, ट्रेन संख्या 19224/19223 साबरमती बी जी - जम्मूतवी एक्सप्रेस में द्धष्टस्न कोचों की जगह LHB ( LINKE HOF-MANN BUSCH ) कोचों को लगाने का निर्णय लिया गया हैं। इन कोचों का बदलाव दि 01 जनवरी 2026, से प्रभावी होगा। इस परिवर्तन के बाद यात्रियों को और अधिक बहेतर और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

अगर इन LHB कोचों के विशेषताओं की बात करें, तो यह कोच एंटी - टेलीस्कोपिक डिजाइन और सेंटर बफर कपलर ( CBC ) से लैस होते हैं। जिनसे दुघर्टना की स्थिति में जन हानि की आशंका कम होती हैं, यह हाइड्रोलिक सस्पेंशन और बेहतर वेंटीलेशन सिस्टम के लिए जाने जाते हैं। जो आरामदायक यात्रा का अनुभव करवाते हैं। ये कोच उच्च गति के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे ट्रेनों की परिचालन गति बढ़ जाती हैं।

ट्रेन संख्या 19224/19223 में लगाए गए, नए LHB कोचों पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल ने बताया, कि यह एक आधुनिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यात्रियों की यात्रा सुरक्षित व आरामदायक होगी। यह ट्रेन अपने नए 20 ह्लक्च कोचों के साथ आने, वाले नए साल 2026 में दिनांक 01 जनवरी से शुरुआत करेगी। यात्रियों से अनुरोध है, कि विस्तृत जानकारी के लिए यात्री रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या NTES एप पर जानकारी ले सकते हैं।

## वाईएसआरसीपी ने सरकार पर साधा निशाना

# 18 महीनों में 300 से अधिक किसान आत्महत्याएं, मुआवज़ा शून्य

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली। वाईएसआर पार्टी के जनरल सेक्रेटरी (एग्रीकल्चर और किसान वेलफेयर) एम.वी.एस. नागी रेड्डी ने आंध्र प्रदेश में किसानों की बढ़ती आत्महत्याओं पर गठबंधन सरकार की पूरी तरह से बेपरवाही की निंदा की, जहाँ हर हफ्ते कम से कम दो किसान सही दाम न मिलने और नुकसान के कारण अपनी जान दे रहे हैं। ताडेपल्ली में YSRCP के सेंट्रल ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि गठबंधन के सत्ता में आने के बाद से 18 महीनों में 300 से ज़्यादा किसानों ने आत्महत्या की है, फिर भी किसी भी परिवार को कोई मुआवज़ा नहीं मिला है, जिससे वे बहुत ज़्यादा निराशा में हैं।

नागी रेड्डी ने पीड़ित परिवारों के लिए एक्स-ग्रेसिया को तुरंत बढ़ाकर 7 लाख रुपये से ज़्यादा करने, बेनिफिशियरी के अकाउंट में डायरेक्ट ट्रांसफर करने और मानवीय आधार पर एक हफ़्ते के अंदर पैसे



देने की मांग की। उन्होंने किसानों का सपोर्ट बढ़ाने के लिए इनपुट सब्सिडी, मुफ़्त फसल बीमा और ज़ीरो-इंटरेस्ट लोन जैसी ङ्कस्क्रष्टक के ज़माने की स्कीमों को फिर से शुरू करने की मांग की। उन्होंने इस उपेक्षा की तुलना अतीत की करुणा से की- दिवंगत मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी ने 2004 में पूर्व के मामलों को कवर करते हुए 2 लाख रुपये का मुआवजा शुरू किया, जबकि वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के प्रशासन ने टीडीपी अवधि के 474 परिवारों को प्रत्येक को 5 लाख रुपये और अपने कार्यकाल के दौरान 1,320 को 7 लाख रुपये प्रदान किए, कुल 1,794 परिवारों के लिए 116 करोड़ रुपये। वर्तमान शासन ने वादों के बावजूद किसी की मदद नहीं की है।

नागी रेड्डी ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू पर मिर्च, तंबाकू, केला, मक्का, कपास, प्याज, टमाटर, गन्ना और आम की कम कीमतों का हवाला देते हुए कृषि की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने पालनाडु में लगभग 30 आत्महत्याओं, जांच से बचने के लिए अनंतपुर में जल्दबाजी में पोस्टमार्टम और किरायेदार किसानों को बाहर करने पर प्रकाश डाला। अनाज की पैदावार 153.95 लाख टन के मुकाबले 161.95 लाख टन तक पहुंच गई, जिससे प्रति हेक्टेयर पैदावार ज़्यादा हुई। वेलफेयर में 53.58 लाख किसानों के लिए रायतु भरोसा के तहत 34,288 करोड़ रुपये, 7,802 करोड़ रुपये का फ्री इंश्योरेंस, 3,261 करोड़ रुपये की इनपुट सब्सिडी, और 2,051 करोड़ रुपये के ज़ीरो-इंटरेस्ट लोन शामिल थे–ये स्कीम अब बंद कर दी गई हैं।

नायडू की तेलंगाना एग्रीकल्चर तुलना को गलत बताते हुए, यह देखते हुए कि AP की 37% GSDP एग्रीकल्चर और उससे जुड़े सेक्टर से है, जबकि तेलंगाना की बंटवारे के बाद कम निर्भरता है– नागी रेड्डी ने 'डबल-इंजन' सरकार पर इस सेक्टर को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र की मदद से MARKFED से खरीद, सभी फसलों के लिए MSP (जैसा YSRCP ने बंजर तंबाकू के लिए किया था), और पिछली सरकार की तुलना में बेहतर नतीजे देने की अपील की, जिसने COVID के दौरान खेती को बनाए रखा। नागी रेड्डी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि किसान सिर्फ़ परिवारों का नहीं, बल्कि पूरे देश का पेट भरते हैं। उन्होंने और दुखद घटनाओं को रोकने के लिए ईमानदारी और इंसानियत से काम करने की अपील की।

# बीयूमर ग्रुप ने रिलायंस मेट सिटी में अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का किया उद्घाटन




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम।** रिलायंस मेट सिटी (मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड), भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एकीकृत स्मार्ट शहरों में से एक, ने मेट सिटी, सेक्टर-5, दादरी तोए, झज्जर में बीयूमर ग्रुप की नई अत्याधुनिक फैक्ट्री के उद्घाटन की घोषणा की। बीयूमर ग्रुप, इंट्रालॉजिस्टिक्स, कन्वेइंग, लोडिंग, पैलेटाइजिंग, पैकेजिंग, सॉर्टेशन और डिस्ट्रीब्यूशन टेक्नोलॉजी में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है, जो सीमेंट, खनिज और खनन, एयरपोर्ट पैसेंजर टर्मिनल बैगेज सिस्टम, कूरियर एक्सप्रेस पार्सल सेंटरों और वेयरहाउसिंग और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटरों के ऑटोमेशन जैसे उद्योगों में सक्रिय है। भारत में अपने विनिर्माण कार्यो का विस्तार करने के लिए ब्यूमर ने मेट सिटी को अपनी पसंदीदा डेस्टिनशन के रूप में चुना है। इस अवसर पर बोलते हुए, रिलायंस मेट सिटी के सीईओ श्री श्रीवल्लभ गोयल ने कहा, ÷हमें बीयूमर ग्रुप का मेट सिटी के विश्व स्तरीय औद्योगिक इकोसिस्टम में स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यहां अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का उनका निर्णय मेट सिटी के उत्कृष्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छी लोकेशन और निवेशक-अनुकूल माहौल में वैश्विक कंपनियों के विश्वास को दर्शाता है। श्री नितिन व्यास, बीयूमर ग्रुप क्लस्टर एशिया के सीईओ ने बताया की 42,508 वर्ग मीटर भूमि पर बनी यह अत्याधुनिक फैक्ट्री, न सिर्फ भारत के लिए है, पर यह बीयूमर के वैश्विक ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करेगी।

# चंद्रबाबू ने गरीबों के लिए एक भी लैंड रिफॉर्म नहीं किया: धर्मना प्रसाद राव

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

श्रीकाकुलम। पूर्व राजस्व मंत्री धर्मना प्रसाद राव ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अपने पूरे पॉलिटिकल करियर में उन्होंने गरीबों को फायदा पहुंचाने वाला एक भी काम का लैंड रिफॉर्म लागू नहीं किया है। श्रीकाकुलम जिले में मीडिया से बात करते हुए धर्मना ने कहा कि सत्ता में 18 महीने बाद भी, मौजूदा सरकार ने गरीबों के लिए एक एकड़ ज़मीन भी नहीं खरीदी है, और इसके बजाय गरीबों से ज़मीन छीनकर अमीरों को फायदा पहुंचाने की पॉलिसी अपना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को सिर्फ़ रेवेन्यू डिपार्टमेंट का रिव्यू करने



में डेढ़ साल लग गए, यह खुद सरकार की गरीबों के प्रति कमिटमेंट की कमी को दिखाता है।

धर्मना ने कहा कि 1977 के बाद, सिर्फ़ वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी सरकार के तहत ही किसानों और गरीबों को लैंड और रेवेन्यू रिफॉर्म से सही मायने में फायदा हुआ। उन्होंने याद दिलाया कि 2020 में, YSRCP सरकार ने लैंड रिफॉर्म्स शुरू किए, जिससे गांव की जगहों, बिछी हुई ज़मीनों, अनाथ ज़मीनों और रेवेन्यू झगड़ों से जुड़े लंबे समय से रुके हुए मामलों का पक्का हल मिला। मॉडर्न टेक्नोलॉजी से शुरू किए गए बड़े लैंड सर्वे के ज़रिए, लगभग 10,000 रेवेन्यू गांवों में सर्वे पूरे किए गए, और गरीबों के लिए लगभग ?12,000 करोड़ की ज़मीन खरीदकर, लगभग 30 लाख बेनिफिशियरी को ज़मीन के पट्टे बांटे गए। उन्होंने TDP पर वोट पाने के लिए लैंड सर्वे पर झूठ फैलाने और फिर सत्ता में आने के बाद प्रोग्राम को पूरी तरह से रोकने का आरोप लगाया।

# जम्मू मंडल ने पार्सल एसएलआर में लाख सीलिंग के स्थान पर लीड वायर सीलिंग की शुरू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जम्मू।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने पार्सल यातायात में सुरक्षा मानकों को बढ़ाने और अग्नि दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया । यह कदम वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल के मार्गदर्शन में उठाया गया हैं। 13 दिसंबर 2025 से जम्मू मंडल ने पार्सल लगेज स्क्र में पारंपरिक लाख आधारित सीलिंग प्रक्रिया को बंद कर दिया हैं।

अगर इसकी विशेषताओं की बात करें, तो लीड वायर आधारित सीलिंग में आग लगने का खतरा नहीं होता हैं, तथा उपयोग में भी



सरलता रहती हैं। नई सीलिंग के लिए स्टेशन की उत्कीर्ण छाप ( Engraved station impression/seal ) वाले प्लंजर का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा और प्रामाणिकता सुनिश्चित होती हैं। इस नए बदलाव पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री उचित सिंघल ने बताया, कि यह पहल रेल परिसर और पार्सल में रखे सामान दोनों की व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेल प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।

# चंद्रबाबू पैसा बनाने वाले नहीं, बल्कि कर्ज़ बनाने वाले हैं: कन्नूबाबू



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**काकीनाडा।** पूर्व मंत्री कुरासला कन्नबाबू ने आंध्र प्रदेश को गंभीर कर्ज़ के जाल में धकेलने के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की कड़ी आलोचना की। काकीनाडा में अपने कैंप ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए, कन्नबाबू ने कहा कि सिर्फ़ 18 महीनों में, गठबंधन सरकार ने 2.66 लाख करोड़ रुपये उधार लिए हैं, जो YSRCP सरकार द्वारा पांच सालों में लिए गए कुल कर्ज़ का लगभग 80त्न है। चंद्रबाबू के पैसे बनाने के बार-बार के दावों पर सवाल उठाते हुए, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पैसा बनाने वाले नहीं बल्कि कर्ज़ बनाने वाले हैं, और पूछा कि क्या बिना सोचे-समझे उधार लेने को कभी विकास कहा जा सकता है।

कन्नबाबू ने याद दिलाया कि वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के कार्यकाल के दौरान, TDP और उसके समर्थक मीडिया ने लगातार प्रोपेगैंडा चलाया, जिसमें दावा किया गया कि उधार लेने के कारण आंध्र प्रदेश श्रीलंका बन जाएगा। आज, उन्होंने बताया कि चंद्रबाबू हर दिन एवरेज 500 करोड़ उधार ले रहे हैं, फिर भी वही आवाज़ें चुप हैं। उन्होंने सीधे तौर पर पूछा कि क्या वाई.एस. जगन का लिया गया कर्ज़ श्राप माना जाता था, जबकि चंद्रबाबू का लिया गया बहुत बड़ा कर्ज़ अब राज्य के लिए वरदान के तौर पर दिखाया जा रहा है।

उन्होंने गठबंधन सरकार के भविष्य के एक्साइज़ रेवेन्यू को गिरवी रखकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर एक्साइज़ बॉन्ड के ज़रिए 5,490 करोड़ जुटाने पर कड़ा एतराज़ जताया, इसे एक खतरनाक और शक वाली प्रैक्टिस बताया। कन्नबाबू ने याद दिलाया कि जब पिछली YSRCP सरकार ने APSBष्टरु के ज़रिए उधार लेने की कोशिश की थी, तो ञ्जष्ठक्क नेताओं ने कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया और इसे गैर-संवैधानिक बताते हुए केंद्र से शिकायत की थी। उन्होंने सवाल किया कि वही तरीका अब अचानक कैसे मंजूर हो गया है, और क्या हर मुख्यमंत्री बदलने पर संविधान बदल जाता है।

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में यौन उत्पीड़न रोकथाम पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायबरेली।आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम-2013 के विषय पर एक महत्त्वपूर्ण सेमिनार दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा, गरिमा तथा नैतिक आचरण के संबंध में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर मुख्य व्याख्यान सेवानिवृत्त डी.आई.जी रतन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिया गया, जिनके अनुभव एवं मार्गदर्शन ने प्रतिभागियों को विषय की गहन समझ प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा



आयुक्त रमेश चन्द्र रहे। साथ ही आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में रही ।

विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस सेमिनार से लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यस्थल को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं उत्पीड़न-मुक्त बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया तथा POSH अधिनियम-2013 के प्रावधानों एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से कर्मचारियों के लिए एक संवेदनशील, सुरक्षित और गरिमामय कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# एनजीओ कब्स क्लब की सामाजिक पहल 'उड़ान 2.0' का समापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) कब्स क्लब द्वारा नवजीवन हेल्थ सर्विस के सहयोग से आयोजित दो चरणों वाली अनूठी पहल 'उड़ान 2.0' का समापन इसके द्वितीय चरण की गतिविधियों के साथ हुआ। 'उड़ान 2.0' के चरण-द्वितीय के अंतर्गत सेक्टर 10, चंडीगढ़ स्थित आर्ट गैलरी एवं म्यूज़ियम के ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह-व-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'उड़ान 2.0' के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गुलाब चंद कटारिया, माननीय गवर्नर पंजाब एवं यूटी एडमिनिस्ट्रेटर चंडीगढ़ उपस्थित रहे। नवजीवन हेल्थ सर्विस, जो कब्स क्लब के इस प्रयास का समर्थन कर रही है, की ओर से डॉ. मोनिका बी. सूद, संयोजक, इंटेलेक्चुअल सेल, भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश, विशिष्ट अतिथि रहीं। कब्स क्लब की संस्थापक मीनू प्रसार ने कहा कि 'उड़ान 2.0' के अंतर्गत की गई गतिविधियों का उद्देश्य समाज के दो अलग-अलग वर्गों–ट्राइसिटी के प्रतिष्ठित स्कूलों में पढ़ने वाले सुविधासम्पन्न विद्यार्थियों और वंचित वर्ग के लिए कार्यरत स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों–को एक-दूसरे के करीब लाना था। गौरतलब है कि 'उड़ान 2' के प्रथम चरण के अंतर्गत ट्राइसिटी एवं आसपास के अग्रणी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स की एक कला प्रदर्शनी सेक्टर 17 अंडरपास पर आयोजित की गई। इसका उद्देश्य वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूलों के बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए धन

# बरसाती नाले की सफाई को लेकर कई वर्षों से शिकायतें, समाधान शून्य; स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

**ढकोली में बरसाती नाले की सफाई को लेकर उरवा ग्रुप ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** ढकोली क्षेत्र से गुजरने वाले बरसाती नाले की सफाई और उसके लगातार प्रदूषित होते हालात को लेकर उरवा ग्रुप ऑफ सोसाइटीज ने प्रशासन और नगर परिषद पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रुप का कहना है कि पिछले सात से आठ वर्षों से इस समस्या को लेकर वे लगातार संबंधित विभागों को पत्राचार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हर बार केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है।

उरवा ग्रुप के अनुसार पंचकूला की ओर से आने वाला फैक्ट्रियों का अनट्रीटेड पानी और आसपास की कई रिहायशी सोसाइटीज का ड्रेनेज का गंदा पानी इसी बरसाती नाले में छोड़ा जा रहा है। इससे नाला पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है। नाले से उठती दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति न सिर्फ पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा बनती जा रही है।

ग्रुप के सदस्यों डॉ अजय यादव, कुलभूषण शर्मा, सतीश शर्मा, एसके ढींगरा, रमेश धीमान सतीश भारद्वाज और विनोद शर्मा आरोप है कि ड्रेनेज विभाग और नगर परिषद एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। किसी भी विभाग द्वारा नाले की नियमित सफाई या गंदे पानी की निकासी को रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब नाला ओवरफ्लो होने लगता है और गंदा पानी सड़कों व घरों के आसपास फैल जाता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गंदे पानी के कारण मच्छरों और कीटों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार बच्चों और बुजुर्गों को संक्रमण की शिकायत भी सामने आ चुकी है।

उरवा ग्रुप और क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के दोनों किनारों पर कम से कम आठ फीट ऊंची मजबूत जाली लगाई जाए, ताकि लोग उसमें कचरा न फेंक सकें और आवागमन के दौरान दुर्घटनाओं से भी बचाव हो सके। साथ ही, नाले में छोड़े जा रहे अनट्रीटेड औद्योगिक और घरेलू पानी पर सख्त कार्रवाई की जाए।

ग्रुप ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेंगे।

**मुख्य मांगें**

बरसाती नाले की नियमित और वैज्ञानिक तरीके से सफाई
फैक्ट्रियों के अनट्रीटेड पानी की निकासी पर रोक
नाले के दोनों ओर 8 फीट ऊंची जाली की स्थापना
जिम्मेदार विभागों पर तय हो जवाबदेही

'हम पिछले कई वर्षों से प्रशासन को इस गंभीर समस्या से अवगत करा रहे हैं, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर बड़ा खतरा पैदा हो सकता है।'

**– उरवा ग्रुप ऑफ सोसाइटीज के प्रतिनिधि**

# डॉग बाइट के बढ़ रहे है मामले, टेंडर प्रक्रिया नहीं हो पा रही पूरी, नगर परिषद ने दोबारा लगाया टेंडर

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। गलियों और मुख्य सड़कों पर झुंडों में घूम रहे ये स्ट्रे डॉग्स न सिर्फ दहशत का माहौल बना रहे हैं, बल्कि राहगीरों के लिए गंभीर खतरा भी बन गए हैं। बच्चों और बुजुर्गों के साथ-साथ, रात के समय दोपहिया सवार इनका आसान शिकार बन रहे हैं। आए दिन डॉग बाइट की घटनाएं, कुत्तों के पीछा करने से बाइक सवारों के गिरने और लोगों के जख्मी होने की शिकायतें नगर परिषद तक पहुंच रही हैं। शुक्रवार को ढकोली सीएचसी में डॉग बाइट के 8 मामले आए है।

नगर परिषद ने स्ट्रे डॉग्स की स्टरलाइजेशन के लिए 33 लाख के एस्टीमेट बनाकर जुलाई महीने में टेंडर लगाया था जो 7 अगस्त को खुलना था, लेकिन कुछ कारणों से प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब नगर परिषद ने इसी एस्टीमेट पर दोबारा टेंडर जारी किया है, जो 22 दिसंबर 2025 को खुलेगा। इसके तहत करीब 2000 स्ट्रे डॉग्स का स्टरलाइजेशन करने का प्रस्ताव है। नगर परिषद के अधिकारियों ने नई तारीख घोषित होने के साथ ही आश्वस्त किया है कि इस बार प्रक्रिया को समय पर पूरा कर अभियान को तेजी से शुरू किया जाएगा। नगर परिषद अधिकारियों के मुताबिक स्टरलाइजेशन अभियान पूरे क्षेत्र में चरणबद्ध तरीक़े से चलाया जाएगा। स्टरलाइजेशन किए गए डॉग्स को पशु कल्याण बोर्ड की गाइडलाइनों के अनुसार, उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। अधिकारियों ने ज़ोर दिया कि इस बार रिकॉर्ड व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल रखने पर विशेष ज़ोर दिया गया है। बजट पर्याप्त रखा गया है, ताकि काम में किसी तरह की बाधा न आए। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही स्टरलाइजेशन का काम तुरंत शुरू करने की तैयारी है।

**पभात ग्रिड के पास बने 'डॉग पोंड' में व्यवस्थाएं पूरी**

अभियान के लिए पभात ग्रिड के पास बने डॉग पोंड को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। यहां ऑपरेशन थिएटर से लेकर कुत्तों के रहने और खाने-पीने की पूरी सुविधा मौजूद है। काम संभालने वाली एनजीओ को प्रत्येक स्ट्रे डॉग का रिकॉर्ड दर्ज करना होगा। पूरे पोंड में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो ऑपरेशन थिएटर से लेकर पिंजरों तक हर गतिविधि की निगरानी कर रहे हैं। स्टरलाइजेशन के बाद डॉग्स को कुछ दिनों तक ऑब्जर्वेशन (निगरानी) में रखा जाएगा और फिर उन्हें उनके उसी स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।

# इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर रेडीमेड सूट के नाम पर ठगी

## ढकौली निवासी परवीन से ठगे 2747 रुपये, साइबर पुलिस को दी शिकायत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** ऑनलाइन ठगों ने एक बार फिर नए हथकंडे अपनाते हुए सोशल मीडिया के जरिए लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला ढकौली के रहने वाले परवीन का है, जो अपनी पत्नी के लिए इंस्टाग्राम पर सूट पसंद करते-करते ठगी का शिकार हो गए। परवीन ने 'माही कलेक्शन' नाम की एक इंस्टाग्राम आईडी पर दिखाया गया रेडीमेड सूट पसंद किया, जिसका पता प्रोफाइल में पुणे, महाराष्ट्र दर्ज था। सूट की कीमत 1750 रुपये बताई गई और पूरा भुगतान ऑनलाइन करने को कहा गया। परवीन के मुताबिक, भुगतान करने के बाद महिला ने जीएसटी के नाम पर 499 रुपये अतिरिक्त जमा करने को कहा। इतना ही नहीं, रिफंड का झांसा देकर बाद में 400 रुपये लौटाने की बात कही, फिर 498 रुपये एक स्कैनर भेजकर पेमेंट अकाउंट में ट्रांसफर करवा ली। बाद में फोन करने वाली माही ने कहा कि आपको 499 रुपये की पूरी पेमेंट करनी थी। स्कैनर भेजकर दोबारा 499 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। महिला ने बाद में 899 रुपये रिफंड करने की बात कहते हुए एक लिंक भेजा और उसे खोलने पर परवीन से उनका यूपीआई पिन मांगा गया। परवीन ने सतर्कता दिखाते हुए पिन नहीं डाला, वरना उनके खाते से और राशि निकल सकती थी। कुल मिलाकर उनसे 2747 रुपये ठग लिए गए। परवीन ने बताया कि इंस्टाग्राम आईडी बाद में फर्जी निकली और उस पर दिया गया मोबाइल नंबर भी बंद हो गया। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज करा दी है। साइबर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय पूरी तरह जांच-पड़ताल करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।

**ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए जरूरी सावधानियां**

- सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान पेज या व्यक्ति को ऑनलाइन भुगतान न करें।
-अत्यधिक छूट या तुरन्त भुगतान के दबाव से बचें।
-किसी भी परिस्थिति में अपना यूपीआई पिन, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें।
- रिफंड के नाम पर भेजे गए किसी लिंक या स्कैनर को कभी क्लिक न करें।
-खरीदारी हमेशा वैरिफाइड वेबसाइट या ऑफिशियल अकाउंट से ही करें।

# जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव को आसानी से कराने के लिए चुनाव कर्मचारी पूरी तरह तैयार

**कुल 1639 पोलिंग बूथ में से 316 सेंसिटिव और 92 बहुत ज़्यादा सेंसिटिव बूथ**

**25 जिला परिषद सीटों और 235 ब्लॉक समिति सीटों के लिए 885 उम्मीदवार मैदान में उतरे**

**सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बैलेट पेपर से वोटिंग होगी**

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 13 दिसंबर।** रविवार को 1245275 वोटर 25 जिला परिषद सीटों और 235 ब्लॉक समिति सीटों के लिए मैदान में उतरे 885 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे, जहां 1639 पोलिंग बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। वोटिंग शाम 4 बजे तक होगी।

ज़िला चुनाव अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि रविवार को होने वाले चुनाव में कुल 1245275 वोटर हैं, जिनमें 662498 पुरुष, 582762 महिलाएँ और 15 अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग को ट्रांसपेरेंट तरीके से करवाने के लिए करीब 10000 कर्मचारियों को लगाया गया है और 1639 पोलिंग पार्टियों को पोलिंग स्टेशनों पर भेजा गया है। कुल 1639 पोलिंग बूथ होंगे, जिनमें 316 सेंसिटिव बूथ और 92 बहुत ज़्यादा सेंसिटिव बूथ शामिल हैं। चुनाव के लिए कुल 1178 उम्मीदवारों ने नॉमिनेशन दिया था, जिनमें से 32 के नॉमिनेशन रिजेक्ट कर दिए गए। रिटर्न के बाद, 890 उम्मीदवार बचे और उनमें से पाँच बिना किसी विरोध के चुने गए। अब 885 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं।

उन्होंने पूरे चुनाव स्टाफ़ से कहा कि वे अपनी ड्यूटी पूरी लगन से करें ताकि वोटर आसानी से और बिना किसी परेशानी के अपना वोट डाल सकें।

उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को शांति से पूरा करने की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी उन सभी के कंधों पर है। उन्होंने इस प्रोसेस में पोलिंग पार्टियों को हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया।

डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर ने यह भी कहा कि पोलिंग पार्टियों और पोलिंग बूथ पर वोटर्स की आसानी के लिए पूरे इंतज़ाम किए गए हैं। हिमांशु जैन ने वोटर्स को चुनाव के दिन बड़ी संख्या में वोट डालने और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाने के लिए हिम्मत दी।

# ज़ीरकपुर में श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय में पारसनाथ व शांतिनाथ भगवान की प्रतिमाओं का भव्य आगमन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 दिसंबर।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय, ज़ीरकपुर में श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शांतिनाथ भगवान की प्रतिमाएं पंचकल्याणक महा महोत्सव के उपरांत स्थापित की जा रही है। श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शांतिनाथ भगवान जी की प्रतिमाएं पंचकल्याणक महा महोत्सव के उपरांत स्थापित है। श्री जी की स्थापना हेतु पारसनाथ भगवान एवं शांतिनाथ भगवान की प्रतिमाएं सहारनपुर पंचकल्याणक से प्रतिष्ठित कराकर मंदिर जी में लाई गई है। पंचकल्याणक महामहोत्सव पांच दिन का भगवान को प्रतिष्ठित/ शुद्ध करने का कार्यक्रम होता है इसके अंतर्गत गर्भकल्याणक, जन्मकल्याणक, तप कल्याणक, ज्ञान कल्याणक एवं मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं होती है। शेखर जैन ने बतलाया कि मंदिर जी में प्रतिमाओं के पहुंचने पर ढोल नगाड़ों की थाप पर भगवान का आगमन एवं स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर श्री अमोल जैन एडवोकेट ने मंच संचालित करते हुए सभी मौजूद श्रद्धालुओं की भावना की अनुमोदना करी। इस ऐतिहासिक पल को क्षुल्लिका ज्ञान मोती माता जी की मौजूदगी ने और भव्य बना दिया। इस अवसर पर समस्त श्रद्धालुजन बहुत ही उत्साहित एवं खुशी से फुले नहीं समा रहे थे।

सभी माताओ और बहनो ने इस मौके पर नृत्य एवं स्वागत गीत गाकर श्री जी का स्वागत किया। क्षुल्लिका ज्ञान मोती माता जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान का यहां पर आगमन समस्त समाज के लिए बहुत ही खुशी की बात है। श्री जी का अभिषेक एवं पूजन पंडित मनीष जी शास्त्री द्वारा करवाया गया। इस शुभ अवसर पर अमोल जैन एडवोकेट, शेखर जैन , हंस जैन, अरुण जैन, हिमांशु जैन एडवोकेट, अशोक जैन, राजकुमार जैन, शिखा जैन, रेशु जैन, साधना जैन आदि मौजूद रहे। अमोल जैन एडवोकेट ने बताया कि 21.12.2025 को श्री 1008 पारसनाथ भगवान एवं श्री 1008 शांतिनाथ भगवान जी को विधि विधान के साथ बेदी में विराजमान किया जाएगा। विधानाचार्य पंडित संदीप, पंचकूला एवं पंडित मनीष शास्त्री, जीरकपुर द्वारा यागमण्डल विधान कराया जाएगा एवं मंदिर में हवन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा इसके उपरांत सकल समाज के लिए वात्सल्य भोजन की व्यवस्था शहंस जैन, सहारनपुर परिवार की तरफ से रहेगी।

# एचडीसीए की अंजलि सीमर का सीनियर वूमैन पंजाब क्रिकेट कैंप में हुआ चयन: डा. रमन घई

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 13 दिसंबर।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वूमैन टीम के चयन के लिए लगाए जा रहे फिटनेस कैंप में होशियारपुर की अंजलि सीमर के चयन से समूह एचडीसीए खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि पटियाला में लगाए जा रहे इस दस दिवसीय फिटनेस कैंप में पंजाब टीम की सीनियर कोच अनुरीत कौर की देखरेख में खिलाड़ियों को फिटनेस के साथ-साथ क्रिकेट की बारिकियों के साथ अभ्यास करवाया जाएगा। अंजलि सीमर को इस चयन से एचडीसीए के अध्यक्ष डा. दलजीत खेला ने समूह एसोसिएशन की ओर से बधाई दी।

अंजलि सीमर की कोच दविंदर कौर कल्याण, जूनियर महिला कोच निकिता कुमारी व जिला मुख्य कोच दलजीत सिंह, जिला फिटनेस कोच व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी, जूनियर कोच दलजीत धीमान, पंकज पिंका ने भी अंजलि के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए आशा प्रगट की तथा उन्होंनें अंजलि सीमर को अच्छे खेल का प्रदर्शन कर सीनियर टीम में अपनी जगह बनाने के प्रति आशा प्रगट करते हुए शुभकामनाएं दी।

# ब्लॉक समिति चुनावों में भाजपा करेगी शानदार प्रदर्शन: गुरदर्शन सिंह सैनी

**कहा, विरोधियों के पास नहीं है कोई विकास एजेंडा, जबकि भाजपा विकास-केंद्रित नीति पर लड़ रही है चुनाव**

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 13 दिसंबर।** डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी ने ब्लॉक समिति चुनावों को लेकर पार्टी की स्थिति पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने आज जारी एक बयान में कहा कि भाजपा इस बार इन चुनावों में शानदार प्रदर्शन करेगी और बड़ी संख्या में सीटें जीतकर नया इतिहास रचेगी। गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि लोग अब केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासोन्मुखी कार्यों से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत की भी सराहना की, जो घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की उपलब्धियों से अवगत करवा रहे हैं। सैनी ने कहा कि पार्टी ने जमीनी स्तर पर एक मजबूत संगठन खड़ा किया है और लोग अब बदलाव चाहते हैं। जनता का भरोसा तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ब्लॉक समिति चुनावों में भाजपा को पूरा समर्थन मिलेगा और पार्टी अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी।

उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विरोधी पार्टियों के पास न तो कोई ठोस मुद्दा है और न ही विकास का कोई स्पष्ट एजेंडा। इसके विपरीत भाजपा एक साफ-सुथरी और विकास-केंद्रित नीति के आधार पर चुनाव लड़ रही है, जिससे उसकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इसी तरह जोश और समर्पण के साथ काम करते रहें, ताकि पार्टी ब्लॉक समिति स्तर पर बड़ी सफलता हासिल कर सके।

इस अवसर पर उनके साथ हरप्रीत सिंह टिंकू, पुष्पिंदर मेहता, सानंत भारद्वाज, मेजर सिंह, गुलजार टिवाणा, दयाल सैनी, देविंदर धनौनी, हरदीप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रूपनगर में गुरु रविदास बेगमपुरा सदन में शहीदी समारोह की तैयारियों में बाधा का आरोप

**एसएसपी से मिला साधु संप्रदाय का डेलीगेशन**

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर/श्री खुरालगढ़ साहिब, 13 दिसंबर।** गुरु रविदास साधु संप्रदाय सोसायटी (रजि.) पंजाब का एक डेलीगेशन संत बाबा निर्मल दास बाबेजोड़े (प्रेसिडेंट) के नेतृत्व में सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, रूपनगर, गुरलीन सिंह खुराना आईपीएस से मिला। इस अवसर पर संत सरवन दास (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट), संत रमेश दास (पब्लिसिटी सेक्रेटरी), संत सतविंदर हीरा (नेशनल प्रेसिडेंट, ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन रजि.), संत जगीर सिंह (सरबत भला आश्रम, नंदाचौर), डेरा संत सीतल दास बोहन के सेवक लवप्रीत, बाबू राम भज और सरपंच विजय नगल सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस प्रमुख को दी गई लिखित शिकायत में सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री गुरु रविदास बेगमपुरा सदन, श्री खुरालगढ़ साहिब (खसरा नंबर 220/6), गांव मोहंदपुर, तहसील नंगल, जिला रूपनगर में करीब 36 एकड़ जमीन देश-विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा समाज भलाई के कार्यों के लिए खरीदी गई है, जिसकी देखभाल और सफाई सोसायटी के संत कर रहे हैं।

शिकायत के अनुसार, सोसायटी द्वारा 12 दिसंबर को शहीदों के सरताज धन-धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 350वां शहीदी पर्व मनाने की तैयारी की जा रही थी। इसी क्रम में 8 दिसंबर 2025 को सोसायटी के सदस्य राज कुमार पुत्र दर्शन लाल मजदूरों के साथ जमीन की सफाई कर रहे थे। आरोप है कि शाम करीब 4 बजे सुरिंदर कुमार उर्फ शिंदा, उनकी पत्नी सत्या देवी, 10-12 अन्य व्यक्तियों और एक सरकारी हथियारबंद सिक्योरिटी गार्ड के साथ जबरन परिसर में घुस आए और वहां काम कर रहे लोगों को डराया-धमकाया तथा जान से मारने की धमकियां दीं।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि सुरिंदर कुमार उर्फ शिंदा ने शहीदी समारोह में रुकावट डालने के साथ-साथ गुरु रविदास साधु संप्रदाय सोसायटी के खिलाफ अपशब्द कहे और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई।

सोसायटी ने बताया कि इस जमीन को लेकर माननीय सिविल जज नंगल की अदालत में पहले से ही सिविल केस चल रहा है, जिसमें कोर्ट ने सोसायटी के हक में स्टे ऑर्डर जारी किया हुआ है। आरोप है कि कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बावजूद सुरिंदर कुमार, उनकी पत्नी और साथियों ने जबरन प्रवेश कर अदालत के आदेशों की अवहेलना की और स्थान की पवित्रता भंग की। सोसायटी ने मांग की कि संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा शहीदी समारोह से पहले श्री गुरु रविदास बेगमपुरा सदन श्री खुरालगढ़ साहिब को उचित सुरक्षा प्रदान की जाए।

**सुरिंदर कुमार शिंदा ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया**

जब इस मामले में सुरिंदर कुमार उर्फ शिंदा से फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि वह 70 वर्ष के हैं और उन्होंने किसी को धमकी नहीं दी। उनका कहना है कि जमीन से जुड़ा सिविल केस कोर्ट में विचाराधीन है और उन्हें भी स्टे ऑर्डर मिला हुआ है, इसलिए उन पर लगाए गए आरोप गलत हैं।

**शहीदी शताब्दी समारोह को रोकना निंदनीय: गुरनाम सिंह सिंगरीवाला**

इस संबंध में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के राज्य नेता जत्थेदार गुरनाम सिंह सिंगरीवाला ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी समारोह में बाधा डालना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# हजारों करोड़ केंद्र से लेकर भी धरातल पर कुछ नहीं उतरा, हिमाचल में कांग्रेस की नाकाम और झूठी सरकार उजागर : नड्डा

कहा-एडहॉक सरकार, बंद ट्रेज़री और आपसी कलह-हिमाचल में कांग्रेस ने व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतारा

विकास के पैसे दबाने वाली कांग्रेस सत्ता में रहने की हकदार नहीं, भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव बताएंगे सच्चाई

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 13 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अभिनंदन रैली को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य की शुरुआत माँ तारा देवी, जाखू मंदिर के आराध्य बजरंग बली के आशीर्वाद के साथ की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक सभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराने का अवसर है।

नड्डा ने कहा कि बिहार में मिली ऐतिहासिक और बंपर जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति बिहार की जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। बिहार की माताओं-बहनों, युवाओं, किसानों और श्रमिकों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और नेतृत्व पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि बिहार का यह जनादेश पूरे देश को स्पष्ट संदेश देता है कि जो लोग घुसपैठियों के सहारे राजनीति करना चाहते हैं, उनके लिए देश में कोई स्थान नहीं है। नड्डा ने कहा कि कितनी भी यात्राएं क्यों न निकाली जाएं, जनता घुसपैठ और उनके समर्थकों को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी।

जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने हिमाचल की जनता से स्पष्ट कहा था कि कांग्रेस को सत्ता में लाने की गलती न करें, क्योंकि हिमाचल के विकास का एकमात्र रास्ता डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि यहां बैठे लोग हिमाचल को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस की राजनीति केवल ÷खाओ, पीयो और मौज करो÷ तक सीमित है। कांग्रेस भविष्य की नहीं, केवल सत्ता सुख की राजनीति करती है, इसलिए भाजपा और कांग्रेस की सोच का मेल संभव ही नहीं है।

नड्डा ने संगठनात्मक मजबूती पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट निर्देश है कि पार्टी के कार्यालय आधुनिक हों और विचार-विमर्श व मंथन के केंद्र बनें। उन्होंने बताया कि देशभर में 787 भाजपा कार्यालय बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 617 कार्यालय पूरे हो चुके हैं और हिमाचल प्रदेश में 9 कार्यालय बन चुके हैं, जबकि शेष पर तेजी से कार्य चल रहा है।

उन्होंने भाजपा की कार्यशैली को परिभाषित करते हुए '5 क'-कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कोर्स, कोष और कार्यालय-पर विशेष जोर दिया। नड्डा ने कहा कि भाजपा के कार्यालय केवल इमारतें नहीं, बल्कि संस्कार केंद्र हैं, जहां से जनता की सेवा कर देश को आगे बढ़ाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया जाता है।

नड्डा ने कहा कि देश की राजनीति 11 वर्ष पहले पूरी तरह बदल गई। पहले केंद्र सरकार बनती थी और फिर वह किसी एक वर्ग, परिवार, जाति या मजहब तक सीमित हो जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति की दिशा ही बदल दी। अब देश में ÷एक की बात, एक सरकार÷ की राजनीति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्वयं को प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि देश का प्रधानसेवक मानते हैं। कर्तव्य पथ और कर्तव्य भवन इसी बदली हुई राजनीति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रिपोर्ट कार्ड की सरकार है-जो कहा वह किया और जो नहीं कहा वह भी करके दिखाया। इसके विपरीत यूपीए सरकार की राजनीति जातिवाद, तुष्टीकरण और भाई-भतीजावाद पर आधारित थी, जबकि भाजपा की राजनीति जवाबदेही और सुशासन की राजनीति है।

जेपी नड्डा ने विभिन्न राज्यों के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस लड्डुओं के ऑर्डर और जीत के जश्न की तैयारी कर चुकी थी, फिर भी जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताया। महाराष्ट्र में कांग्रेस को करारी हार मिली और बिहार में भी भाजपा को ऐतिहासिक आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र है-सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। नड्डा ने कहा कि भाजपा को छोड़कर देश की अन्य सभी राजनीतिक पार्टियां सत्ता सुख में डूबी हुई हैं और उनमें वैचारिक शून्यता है। भाजपा ने धारा 370 को समाप्त किया, राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और आज राम मंदिर में ध्वज फहरा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया, जो कई मुस्लिम देशों में पहले ही समाप्त हो चुकी थी।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् और आजादी के मूल भाव को खंडित किया, जबकि भाजपा देश को आगे बढ़ाने की राजनीति करती है। नड्डा ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भाजपा बंगाल, तमिलनाडु, पांडिचेरी, असम सहित कई राज्यों में सरकार बनाएगी। उन्होंने बताया कि भाजपा के देशभर में 14 करोड़ सदस्य, 10 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य और 6 लाख से अधिक बूथों पर संगठनात्मक समितियां गठित हो चुकी हैं, जिससे भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। अंत में जेपी नड्डा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन तथ्यों और सच्चाई को गांव-गांव और कस्बे-कस्बे तक पहुंचाएं, ताकि हिमाचल की जनता कांग्रेस के कुशासन से मुक्त होकर विकास और सुशासन के मार्ग पर आगे बढ़ सके।

### आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है भारत

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश में 160 नए एयरपोर्ट बने हैं और मोबाइल निर्माण में 'मेड इन इंडिया' का प्रभुत्व स्थापित हुआ है। आयुष्मान भारत योजना से 62 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं और स्वच्छता अभियान व शौचालय निर्माण ने करोड़ों माताओं-बहनों को सम्मान दिया है। नड्डा ने हिमाचल प्रदेश को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल किया कि आखिर केंद्र सरकार ने हिमाचल को क्या कमी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार ने 3789 करोड़ रुपये दिए, स्मार्ट सिटी के लिए 1000 करोड़ से अधिक की राशि दी, वाइब्रेंट विलेज योजना, मेडिकल कॉलेज, एम्स बिलासपुर, बल्क ड्रग पार्क, फोरलेन परियोजनाएं और बद्दी को फार्मा हब के रूप में विकसित किया। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार केंद्र पर झूठे आरोप लगा रही है। नड्डा ने कहा कि केंद्र ने हिमाचल को 2000 करोड़ से अधिक की विशेष सहायता और 1442 करोड़ रुपये का जायका फंड स्वीकृत किया, लेकिन कांग्रेस सरकार ने कई योजनाओं में केवल 50 प्रतिशत राशि ही खर्च की। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार जो धन का उपयोग न कर सके, उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल की ट्रेजरी बार-बार बंद हो रही है, पूरी सरकार एडहॉक व्यवस्था पर चल रही है और मुख्यमंत्री व मंत्रियों के बीच तालमेल नहीं है। कांग्रेस सरकार एक भी ठोस परियोजना बनाकर केंद्र के पास नहीं लाई है। नड्डा ने चुनौती देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस सरकार कोई भी प्रोजेक्ट बनाकर लाए, केंद्र सरकार उसे तुरंत स्वीकृत करेगी।

# जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा को मिला अभूतपूर्व प्रदेश कार्यालय, केंद्र ने हमेशा हिमाचल का रखा विशेष ध्यान : सुरेश कश्यप

मोदी-नड्डा नेतृत्व में बिहार में बंपर जीत, कांग्रेस का तीन साल का कार्यकाल 'खाओ-पीयो-मौज करो' सरकार : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 13 दिसंबर।** अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सशक्त, दूरदर्शी और प्रभावी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को एक ऐसा अभूतपूर्व और भव्य भाजपा प्रदेश कार्यालय प्राप्त हुआ है, जो आने वाले दशकों तक संगठनात्मक गतिविधियों का मजबूत केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि हिमाचल में भाजपा की विचारधारा, संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का प्रतीक है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार ने हमेशा हिमाचल प्रदेश का विशेष ध्यान रखा है। चाहे बुनियादी ढांचा हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या विकास से जुड़े अन्य क्षेत्र-केंद्र सरकार ने हिमाचल को हर संभव सहयोग दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा केंद्र से हिमाचल को मिली सहायता पर केवल राजनीति की, जबकि वास्तविकता यह है कि प्रदेश के विकास को गति भाजपा सरकारों ने ही दी। कश्यप ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शिमला आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन भी किया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बिहार में ऐतिहासिक और बंपर जीत दर्ज हुई है, जो देशभर में भाजपा की नीतियों और सुशासन पर जनता के भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी-विशेष राज्य का दर्जा हो या प्रदेश को चार मेडिकल कॉलेजों की सौगात, यह सब भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का तीन साल का कार्यकाल 'खाओ, पीयो और मौज करो' की सरकार बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हिमाचल पर कर्ज का बोझ एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति गंभीर संकट में है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीति जनता से खुली लूट की रही है, जिसमें भ्रष्टाचार और अव्यवस्था ही सरकार की पहचान बन गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता अब कांग्रेस के इस कुशासन को भली-भांति समझ चुकी है और आने वाले समय में प्रदेश में फिर से भाजपा की सुशासन वाली सरकार स्थापित करने का संकल्प ले चुकी है।

### नया कार्यालय संगठन को देगा नई ऊर्जा; भव्य पूजन, भूमि निरीक्षण और कार्यकर्ताओं के उत्साह ने कार्यक्रम को बनाया ऐतिहासिक : नड्डा



**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज एयरपोर्ट रोड, डीएवी स्कूल के समीप मजठाई में भाजपा प्रदेश कार्यालय का विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास स्थल पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। नड्डा ने 45 मिनट तक चले विधि-विधानपूर्ण शिलान्यास पूजन में भाग लिया तथा तत्पश्चात शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। पांच पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भूमि निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रस्तावित भवन योजना का विस्तृत विवरण राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदान किया। इस दौरान नड्डा ने कार्यालय परिसर की संरचना, कार्यात्मक जरूरतों और भविष्य की उपयोगिता पर भी मार्गदर्शन दिया। नड्डा द्वारा कलश स्थापना किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। शिलान्यास के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर संवाद भी किया, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, सतपाल सत्ती, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, भक्ति और संगठनात्मक संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने हिमाचल भाजपा के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत कर दी।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा चच्योट और नौण ग्राम पंचायतों में प्लांट क्लीनिक कैंपों का सफल आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा




**गोहर 13 दिसंबर।** अभिलाषी विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने चच्योट और नौण ग्राम पंचायतों में प्लांट क्लिनिक कैंप आयोजित कर स्थानीय किसानों को संपोषणीय विकास और आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने बीज उपचार, कीट एवं रोग प्रबंधन, वर्मी कम्पोस्टिंग, पुष्पिकी (फ्लोरिकल्चर), मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

चार्ट, पोस्टर और अन्य दृश्य माध्यमों का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों ने जटिल कृषि विषयों को सरल और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया, जिससे किसान समुदाय को आसानी से समझने और अपनाने में सहायता मिली। किसानों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की और साझा किए गए ज्ञान की सराहना की। इन कैंपों को स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

चच्योट पंचायत के प्रधान मोहन सिंह और नौण पंचायत के उप-प्रधान हेम सिंह ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि किसान समुदाय को निरंतर लाभ मिलता रहे।

कृषि संकाय के डीन प्रो. पी.सी. शर्मा ने विद्यार्थियों को सिद्धांत और व्यवहार के मध्य की खाई को पाटते हुए सीधे किसानों के साथ कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक कृषि परिस्थितियों और चुनौतियों को समझने के लिए जमीनी अनुभव अत्यंत आवश्यक है।

आरएडब्ल्यूई (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) टीम डॉ. रवि शर्मा, इं. आशीष पटेल, योग राज, डॉ. सचिन, डॉ. संदीप कुमार और डॉ. रवींद्र ने किसानों की फसली समस्याओं और कीट नियंत्रण से संबंधित प्रश्नों का मौके पर समाधान प्रदान किया।

डीन प्रो. पी.सी. शर्मा ने इन कृषि विस्तार कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक संसाधन और निरंतर प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय नेतृत्व माननीय कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, माननीय प्रो-कुलाधिपति डॉ. एल.के. अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी, चेयरपर्सन जीनियस एजुकेशन सोसाइटी डॉ. नर्मदा अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमीला अभिलाषी, डीन अकादमिक डॉ. एस.के. शुक्ला, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर और सचिव श्री नरेंद्र कुमार का हार्दिक आभार व्यक्त किया। अभिलाषी विश्वविद्यालय का प्रबंधन समाज के समग्र उत्थान हेतु निरंतर सार्थक और प्रभावी कार्यक्रम संचालित करता रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों तथा ग्रामीण विकास से संबंधित अभियानों के माध्यम से विश्वविद्यालय नेतृत्व क्षेत्रीय समुदाय के सशक्तिकरण में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित सामाजिक, शैक्षणिक और विकासोन्मुखी गतिविधियां इस तथ्य की पुष्टि करती हैं कि विश्वविद्यालय समाज हित के लिए हर संभव प्रयास करने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# सुक्खू की रैली के लिए बाधित सड़कों पर 52 सीटर बस चलाई जा सकती है लेकिन पब्लिक की सहूलियत के लिए नहीं : सराज भाजपा

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 13 दिसंबर।** एक तरफ प्रदेश सरकार संवेदनशील होने के बड़े दावे कर रही है दूसरी तरफ आम जनता को हो रही परेशानियां सुक्खू सरकार के लिए कोई मायने नहीं रखती। आज सिराज भाजपा के किशोर कुमार गुलज़ारी लाल, हेमराज धर्मेन्द्र वर्मा ललित कुमार राम लाल पुरन चंद पप्पू भीष्म ठाकुर सोहन लाल शर्मा चमन लाल दिवान चंद कर्म सिंह तुलसी दास सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बातचीत करते हुए बताया कि गत 30 जून को हुई प्राकृतिक आपदा के कारण आज भी सराज क्षेत्र की दर्जनों सड़कों पर बसों की आवाजाही पूर्णतया बाधित है। बेशक सड़कें ठीक हो गई है । निजी गाड़ियां ट्रक माजदा कैंटर चल रहे हैं मगर वहां बसों की आवाजाही पिछले 5 महीने से बंद पड़ी है। जिससे आम जनता को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस सेवा कब बहाल होगी इस बारे जब भी हिमाचल पथ परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों से बात करते हैं तो जवाब मिलता है अभी रोड साफ नहीं हुए हैं। लोगों का कहना है क्या सुक्खू की रैली के लिए सड़कें ठीक हो गई थी जहां पर 52 सीटर बसें भेजी गई। बात हो रही है मंडी जंजैहली वाया गोहर धरोट सड़क की। बेशक यह सड़क 5 महीने तक बंद रही मगर पिछले 15 दिनों से यह रोड खुल चुका है यहां पर आवाजाही बहाल हो चुकी है। निजी गाड़ियां टिप्पर कैंटर जा रहे हैं मगर सरकारी बस जो की मंडी च्युनी वाया गोहर धरोट चलती थी 30 जून से अभी तक बंद पड़ी है। इस बारे में जब क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल पद परिवहन निगम मंडी सतीश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा अभी तक लोक निर्माण विभाग की तरफ से रोड फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। अभी तक सिर्फ धरोट तक ही सड़क का फिटनेस सर्टिफिकेट दिया गया है। इसलिए मंडी च्युनी बाया गोहर धरोट बस चलाना संभव नहीं है।

दूसरी तरफ जब सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग कार्यालय बगस्याड से इस बारे में पूछा गया कि यह सड़क का फिटनेस सर्टिफिकेट कब तक दिया जाएगा तो उन्होंने कहा यह सडक छोटी और मध्यम गाड़ियों के लिए बहाल कर दी गई है मगर बसों के लिए अभी 15 दिन और लगेंगे। 15 दिन में यह रोड पूरी तरह बहाल हो जाएगा इसके रिटेनिंग वॉल के लिए डंगा लगाने के लिए टेंडर पास कर दिए गए हैं जल्दी इसका काम शुरू हो जाएगा और यहां पर बसों की आवाजाही बहाल कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है जब सुक्खू की रैली के लिए बस जा सकती है तो आम जनता की सहूलियत के लिए बस से क्यों नहीं चलाई जा सकती एक बड़ा सवाल है।

# सोलन की बेटियों के लिए पाइनग्रोव स्कूल में निशुल्क शिक्षा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



सोलन, 13 दिसंबर। पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू जिला सोलन में लड़कियों के लिए चयन परीक्षा 21 दिसंबर, 2025 दिन रविवार को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। समाज सेवा को जारी रखते हुए प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए छात्रा हिमाचल प्रदेश, जिला सोलन की स्थाई निवासी होनी चाहिए। यह योजना हिमाचल प्रदेश जिला सोलन के परिवारों में एक उम्मीद की किरण ला सकती है। याद रहे पाइनग्रोव स्कूल पिछले कई वर्षों से जिला सोलन की छात्राओं को चयनित कर रहा है और कुछ छात्राएँ आज भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं 7 छात्रा प्रथम कक्षा से ही सरकारी पाठशाला में पढ़ रही हो। छात्रा की आयु 11 वर्ष होनी चाहिए तथा वर्तमान में पाँचवीं कक्षा में पढ़ रही हो। प्रत्येक वर्ष चयन परीक्षा के आधार पर दो सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल, सूबाथू में प्रवेश दिया जाता है। इन छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल द्वारा निश्शुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। पाइनग्रोव स्कूल सी बी एस ई, आई पी एस सी, आई ए वाई पी और एन सी सी, बिट्रिश कौंसिल आई एस ओ 9001.2000 से प्रमाणित है। पाइनग्रोव स्कूल न केवल हिमाचल प्रदेश का अपितु देश के प्रतिष्ठित स्कूलों में से एक है जहाँ विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से डटकर मुकावला करने के लिए तैयार किया जाता है। पाइनग्रोव स्कूल ने डी सी सोलन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को सूचित किया है कि वह अपने बलबूते पर सोलन की लड़कियों की सहायता कर रहे हैं और अनेक लडकियाँ अपनी योग्यता, कला, गुणों से संपन्न तो हैं ही परन्तु आर्थिक समस्या के कारण उन्हें अच्छे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर नहीं मिलता है। पाइनग्रोव स्कूल जिला सोंलन की लडकियाँ जो पढ़ाई में होशियार हो उनको अपने स्कूल जिला सोलन में शिक्षा देने की जिम्मेबारी इस वर्ष भी लेने की रूचि प्रस्तुत की है। कैप्टेन ऐ जे सिंह का मनना है कि यदि सोलन जिला की लड़कियों की सहायता की जाए तो वे जीवन में अच्छी नौकरी प्राप्त करके अपने उद्देश्य में सफल हो सकती हैं। पाइनग्रोव स्कूल पहले से ही समाज सेवा करने में जुटा है ताकि उन लड़कियों के माता-पिता और हिमाचल प्रदेश को गर्व महसूस करने का अवसर दे सके।

# शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 13 दिसंबर।** शिवा गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि विजेता और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस दौरान विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई खिलाड़ी खेलों में नाम कमा चुके हैं। वहीं, अन्य खिलाडियों को भी कड़ी मेहनत के दम पर आगे बढ़ना चाहिए। विवेक कुमार ने कहा कि यह बच्चे देश का भविष्य है, इन्हें संजोये रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

इस मौके पर स्कूल के एमडी पंकज चंदेल भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्य अतिथि का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्कूल में समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। शिक्षा के साथ साथ स्कूल के बच्चे अन्य गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने भी बच्चों से आह्वान किया कि कड़ी मेहनत करें।

# मन ही मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र और शत्रु है : न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/देशराज




**बरठी, 13 दिसंबर।** ग्राम पंचायत पलासला की नियोजन एवं पर्यावरण समिति द्वारा स्वर्गीय प्रभु राम संख्यान की स्मृति में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके सुपुत्र आदराम संख्यान, सेवानिवृत्त राज्य नगर योजनाकार, द्वारा रचित *÷परीक्षा की समीक्षा÷* पुस्तक का विमोचन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री विवेक सिंह ठाकुर ने उनके निवास स्थान पलासला में किया।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र भी उसका मन है और सबसे बड़ा शत्रु भी। अच्छे और बुरे कर्म मन ही करवाता है, इसलिए मनुष्य को अपने मन पर नियंत्रण रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने की सबसे अधिक आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति ठाकुर ने कहा कि यह पुस्तक लेखक आदराम संख्यान द्वारा अपने पिता के बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक के संघर्षपूर्ण जीवन पर आधारित है। पुस्तक के माध्यम से आज की साधन-संपन्न लेकिन कुरीतियों से ग्रसित युवा पीढ़ी को यह संदेश दिया गया है कि लगभग दस दशक पहले का जीवन कितना कठिन था। उस समय न पक्के मकान थे, न सड़कों की सुविधा, न ही आधुनिक साधन। कृषि और अन्य कार्य बिना किसी यंत्र के किए जाते थे, इसके बावजूद लोग संतुष्ट और खुश रहते थे।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज साधनों की प्रचुरता के बावजूद युवा पीढ़ी नशे और अन्य सामाजिक कुरीतियों की ओर बढ़ती जा रही है, जो आने वाले समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है। यदि बच्चों को अच्छे संस्कार नहीं दिए गए तो वे कुकृत्यों की ओर अग्रसर हो सकते हैं। जैसे संस्कार बच्चों को मिलते हैं, वे उसी दिशा में आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से अनेक साहित्यकार, कवि और लेखक भी आमंत्रित किए गए। विशेष रूप से यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित पुस्तकों के श्रेष्ठ लेखन को सम्मानित किया जाएगा। इस साहित्यिक समारोह में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागियों की सहभागिता रहेगी।

इस मौके पर नियोजन एवं पर्यावरण समिति के उपप्रधान बलदेव सिंह भारद्वाज, डॉ. कृष्णानंद, श्याम लाल शास्त्री, अरविंद शर्मा, सूर्य भंडारी, ए.एन. गौतम, श्रवण कुमार, संदेश कुमारी, रतन लाल सुमन, यशवीर, सुरम सिंह, अश्वनी शर्मा, श्याम लाल, परविंदर जमवाल, धर्म पाल, राजेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।